■ राजनीतिक प्रचार के लिए सरकारी तंत्र का दुरुपयोग कर रहे प्रधानमंत्री : ममता बनर्जी - 12

■ एलपीजी में 20 प्रतिशत डीएमई मिलाने से हर साल बचेंगे 34,200 करोड़ रुपये - 12

■ राजनीति में दिखावा जरूरी इसलिए कभी-कभी हमें शर्मिंदगी भरे काम भी करने पड़ते हैं :ट्रंप - 13

■ मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर को एक और साल का अनुबंध दिया गया - 14

आज का मौसम
41.0° अधिकतम तापमान
26.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.41
सूर्यास्त 06.33

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

अमृत विचार

| लखनऊ |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

बैशाख शुक्ल पक्ष तृतीया 07:27 उपरांत चतुर्थी विक्रम संवत 2083

सोमवार, 20 अप्रैल 2026, वर्ष 36, अंक 72, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये

विपक्ष का आचरण द्रौपदी चीरहरण जैसा नारी सम्मान के खिलाफ अक्षम्य पाप: योगी

नारी शक्ति वंदन संशोधन बिल पारित नहीं होने देने पर विपक्ष पर बोला तीखा हमला

- सीएम बोले, कांग्रेस, सपा, टीएमसी डीएमके समेत इंडी दलों को कभी माफ नहीं करेगी नारी शक्ति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

लखनऊ : भाजपा के राज्य मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में पत्रकारों से वार्ता करते मुख्यमंत्री योगी।

अमृत विचार : संसद में नारी शक्ति वंदन संशोधन विधेयक को पारित नहीं होने देने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को विपक्ष पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने विपक्ष के आचरण की तुलना महाभारत के द्रौपदी चीरहरण प्रसंग से करते हुए इसे नारी सम्मान के खिलाफ अक्षम्य पाप बताया। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन का यह व्यवहार देश की नारी शक्ति कभी माफ नहीं करेगी।

भाजपा के राज्य मुख्यालय में रविवार को पत्रकार से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और स्वावलंबन के लिए लगातार महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। लेकिन कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, टीएमसी और डीएमके जैसे दलों ने हर बार इन प्रयासों का विरोध किया। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष ने संसद में गैर-जिम्मेदाराना आचरण करते हुए महिलाओं को उनका अधिकार मिलने से रोकने का षड्यंत्र किया। मुख्यमंत्री योगी ने बताया कि सरकार ने वर्ष 2023 में पारित अधिनियम को 2034 के बजाय वर्ष 2029 से लागू करने के लिए संशोधन प्रस्तावित किया था।

इसके तहत लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए सीटें बढ़ाने का प्रावधान किया गया था, ताकि किसी भी राज्य या वर्ग के अधिकार प्रभावित न हों। इसके बावजूद विपक्ष ने सहयोग नहीं किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि धर्म के आधार पर आरक्षण की मांग संविधान की भावना के विपरीत है। उन्होंने इस संदर्भ में डॉ. भीमराव आंबेडकर और सरदार वल्लभभाई पटेल के विचारों का उल्लेख किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि संसद में कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस और डीएमके सहित इंडी गठबंधन के दलों ने जिस प्रकार का रवैया अपनाया, वह लोकतंत्र के लिए भी दुर्भाग्यपूर्ण है।

शाहबानो प्रकरण के समय मौन क्यों थे

योगी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के जरिए महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने की दिशा में सरकार गंभीर थी और इसे वर्ष 2029 से लागू कराने के लिए संशोधन लाया गया था, लेकिन विपक्ष ने राजनीतिक कारणों से इसका विरोध किया। उन्होंने यह भी कहा कि जो दल आज मुस्लिम महिलाओं की बात करते हैं, वे शाहबानो प्रकरण के समय मौन थे और ट्रिपल तलाक कानून का भी विरोध करते रहे हैं, जो उनके दोहरे चरित्र को दर्शाता है।

योगी ने गिनाई महिला सशक्तिकरण योजनाएं

योगी ने महिला सशक्तिकरण के लिए कई योजनाओं का उल्लेख किया। इनमें बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, उज्ज्वला योजना और आयुष्मान भारत शामिल हैं। मुख्यमंत्री के अनुसार, इन योजनाओं के माध्यम से महिलाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा और आर्थिक स्थिति को मजबूत किया जा रहा है। प्रदेश में लाखों महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर आर्थिक गतिविधियों में भाग ले रही हैं। इन प्रयासों से महिलाओं की सामाजिक और आर्थिक भागीदारी में वृद्धि हुई है।

कानपुर में पिता ने जुड़वां बेटियों का गला घोंटा, फिर चापड़ से काट डाला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

हत्यारोपी शशि रंजन

- पत्नी पर शक के चलते की हत्या मारने के बाद शवों के पास बैठा रहा पिता, डेढ़ घंटे बाद खुद बुलाई पुलिस
- नौबस्ता थाना क्षेत्र के के-ब्लॉक त्रिमूर्ति अपार्टमेंट फेज-टू में सनसनीखेज वारदात, आरोपी गिरफ्तार

मारी गई बेटियां रिद्धी सिद्धी।

अमृत विचार : पत्नी पर शक के चलते नौबस्ता में के-ब्लाक किदवई नगर में शनिवार देर रात पिता ने अपनी 11 वर्षीय जुड़वां बेटियों का गला घोटने के बाद चापड़ से गला रेतकर हत्या कर दी। हत्या के बाद हत्यारोपी पिता शवों के साथ बैठा रहा। करीब डेढ़ घंटे बाद खुद पुलिस को फोन करके वारदात की सूचना दी और हत्या कबूल की। सूचना पर पुलिस फोर्स के साथ डीसीपी साउथ मौके पर पहुंचे। कमरे में फर्श पर दोनों बेटियों के खून से लथपथ शव मिले।

पुलिस ने दूसरा कमरा खुलवाया तो हत्यारोपी की पत्नी व बेटा अंदर सोते मिले। बेटियों की हत्या का पता चलने पर मां चीख पड़ी। पुलिस जांच में सामने आया कि वारदात रात करीब एक से तीन बजे के बीच हुई है। भोर पहर 4.32 बजे हत्या की खबर पुलिस को मिली। पुलिस ने जांच की और फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए। मौके से खून से सना चापड़ व हथौड़ा बरामद हुआ है। रोती-बिलखती पत्नी एक ही रट लगाए रही कि पति को फांसी हो।

मूलरूप से बिहार के गया निवासी शशि रंजन मिश्रा चंडीगढ़ की वन रेमेडीज कंपनी में मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव है। नौबस्ता में के-ब्लाक किदवईनगर स्थित त्रिमूर्ति अपार्टमेंट फेज-टू में किराये पर रहता है। शशि रंजन ने सिलीगुड़ी कलीमनगर की रहने वाली रेशमा से 2014 में मंदिर में प्रेम विवाह किया था। रेशमा स्वरूपनगर स्थित पार्लर में काम करती थी, जहां दोनों की मुलाकात हुई थी। शशि की दोनों 11 वर्षीय जुड़वां बेटियां रिद्धि व सिद्धि मदर टेरेसा मिशन हायर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा पांच की छात्राएं थीं। बेटा रुद्रव यूकेजी का छात्र है। पुलिस के अनुसार आरोपी शशि ने पुलिस पूछताछ में कबूल किया कि शनिवार रात सभी ने साथ में खाना खाया। इसके बाद वह बेटियों को अपने कमरे में लेकर चला गया, जबकि पत्नी बेटे के साथ दूसरे कमरे में सोने चली गई। आदत के अनुसार वह देर रात तक मोबाइल चलाता रहा। इसके बाद मकान की अधिकांश लाइट बंद कर दीं। जिससे घर में लगे सीसीटीवी कैमरों में कुछ स्पष्ट न दिखे।

पत्नी रेशमा व बेटे के दूसरे कमरे में सो जाने पर रात करीब ढाई बजे वह एक बेटी को लेकर वॉशरूम गया और फिर वापस आकर लाइट बंद कर दी। इसके बाद उसने दोनों बेटियों का गला दबाकर बेहोश किया। फिर जमीन पर लिटाकर चापड़ से गला काटा व हथौड़े से वार किया। आशंका यह भी जताई जा रही है कि शशि ने पूरे परिवार को नशीली गोलियां खिलाई होंगी। पत्नी और बेटे रुद्रव को हत्या का पता तक नहीं चला। दोनों तब तक नहीं जागे जब तक पुलिस नहीं पहुंची। कमरे से बड़ी मात्रा में दवाएं बरामद हुई हैं, जिनकी जांच की जा रही है। पत्नी रेशमा के अनुसार पति उस पर शक करता था। मायके जाने पर अक्सर विवाद व मारपीट करता था। कई बार खाना तक नहीं खाने देता था। वह शराब का लती है। नींद की गोलियां भी लेता है। एक बार वह मायके चली गई थी तो आरोपी ने बेटियों को अपने पास ही रोक लिया था और बेटे को जाने दिया था। करीब नौ माह बाद वह लौटी थीं। डीसीपी साउथ दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

ब्रीफ न्यूज

बोकारो में मालगाड़ी का डिब्बा कार से टकराने के बाद पटरी से उतरा

बोकारो। झारखंड के बोकारो जिले में रविवार को लेवल क्रॉसिंग पर मालगाड़ी का एक डिब्बा कार से टकराने के बाद पटरी से उतर गया। अधिकारियों के अनुसार, यह दुर्घटना बोकारो थर्मल पुलिस थाना (बीटीपीएस) अंतर्गत ओवरब्रिज के पास हुई, जब मालगाड़ी दामोदर वैली कॉर्पोरेशन (डीवीसी) ऊर्जा संयंत्र से निकल रही थी। मामले में जांच की जा रही है। ट्रेन से टक्कर के बाद कार कुछ दूरी तक घिसटती रही, जिसके बाद ट्रेन रुक गई।

ड्रोन आयात रिश्वत मामले में वरिष्ठ अधिकारी गिरफ्तार

नई दिल्ली। सीबीआई ने एक अन्य निजी कंपनी के लिए ड्रोन आयात की सुविधा प्रदान करने के बदले पर 2.5 लाख रुपये की रिश्वत लेने के मामले में एक प्रमुख कॉरपोरेट समूह के वरिष्ठ उपाध्यक्ष भरत माथुर और नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के मुख्यालय, नई दिल्ली में 'एयरवर्दीनेस डायरेक्टरेट' के उप महानिदेशक मुदावथ देवुला को गिरफ्तार किया। आरोपी डीजीसीए के अधिकारी ने एक निजी एयरोस्पेस कंपनी के लिए डीजीसीए के पास लंबित आवेदनों की मंजूरी और संबंधित आदेश जारी करने के बदले में निजी व्यक्तियों से अनुचित लाभ की मांग की थी।

पटाखा फैक्टरी में भीषण धमाका, 18 की गई जान

विरुधुनगर, एजेंसी

तमिलनाडु की घटना

- विरुधुनगर में हुआ हादसा, छह गंभीर, 100 से अधिक मजदूर कर रहे थे काम
- भीषण विस्फोट से तीन कमरे मलबे में तब्दील, आसपास की कई इमारतें को भारी नुकसान

तमिलनाडु के विरुधुनगर के निकट स्थित एक पटाखा फैक्टरी में हुए विस्फोट में 18 से अधिक श्रमिकों की मौत हो गई और छह अन्य गंभीर रूप से घायल हुए हैं। यह विस्फोट वाचकारपत्ती पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत कट्टनरपत्ती में मुथुमानिकम के स्वामित्व वाली 'वनजा' पटाखा फैक्टरी में हुआ। पुलिस और अग्निशमन अधिकारियों के अनुसार, घायल हुए छह लोगों में से चार की हालत नाजुक है और उनका विरुधुनगर सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में इलाज जारी है।

प्रारंभिक जांच से पता चला है कि इस पटाखा निर्माण इकाई को नागपुर स्थित पेट्रोलियम और विस्फोटक सुरक्षा संगठन से लाइसेंस मिला हुआ है। परिसर में 100 से अधिक श्रमिक काम कर रहे थे। ऐसा माना जा रहा है कि विस्फोट बरामदे वाले क्षेत्र में हुआ, जहां श्रमिक कच्चे माल से पटाखों को अंतिम रूप दे रहे थे। विस्फोट का प्रभाव इतना भीषण था कि तीन कमरे मलबे में तब्दील हो गए और आसपास की कई इमारतें को भारी नुकसान पहुंचा। एक पुलिस अधिकारी ने बताया, हमने अब तक 18 शव बरामद किए हैं, जिनमें से कई बुरी तरह जल चुके थे और उनकी पहचान करना मुश्किल था।

पटाखे फटते रहने से बचाव में आई बाधा

सूत्रों के अनुसार, अग्निशमन और बचाव कर्मियों ने कई घंटों तक आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन शुरुआती विस्फोट के काफी देर बाद भी पटाखे फटते रहने के कारण बचाव अभियान में काफी बाधा आई। आशंका है कि मलबे के नीचे और भी श्रमिक फंसे हो सकते हैं। यह घटना इस क्षेत्र में इस वर्ष की सबसे घातक औद्योगिक दुर्घटना है।

बचाव अभियान को दो मंत्री मौके पर मौजूद

इसी बीच, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने अपना दुख व्यक्त किया और कहा कि उन्होंने बचाव अभियान में तेजी लाने के लिए दो मंत्रियों को घटनास्थल पर भेजा है। स्टालिन ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, विरुधुनगर जिले के कट्टनरपत्ती में पटाखा फैक्टरी में हुए विस्फोट में कई लोगों की मौत की खबर से गहरा दुख हुआ है।

गंगोत्री व यमुनोत्री धाम के कपाट खुले, चारधाम यात्रा शुरू

देहरादून। अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर गंगोत्री एवं यमुनोत्री धाम के कपाट वैदिक मंत्रोच्चारण और पूजा-अर्चना के साथ खोल दिए गए। इसके साथ ही रविवार से उत्तराखंड की चारधाम यात्रा 2026 का भी शुभारंभ हो गया है। धार्मिक परंपराओं के अनुसार रविवार को मां गंगा की उत्सव डोली भैरव घाटी स्थित भैरव मंदिर से चलकर गंगोत्री धाम पहुंची। गंगोत्री धाम में विशेष पूजा व अभिषेक के साथ दोपहर 12:15 बजे गंगोत्री मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोले गए।

ईडी ने कोलकाता पुलिस उपायुक्त और अन्य व्यवसायी के परिसरों पर मारे छापे

- कार्रवाई अपराधी व उससे संबंधित गिरोह के खिलाफ धन शोधन मामले की जांच के तहत की गई

कोलकाता। ईडी ने धन शोधन मामले की जांच के तहत रविवार को कोलकाता पुलिस के उपायुक्त शांतनु सिन्हा बिस्वास और एक स्थानीय व्यवसायी के कोलकाता स्थित परिसरों पर छापेमारी की।

अधिकारियों ने बताया कि छापेमारी की यह कार्रवाई पश्चिम बंगाल में एक अपराधी और उससे संबंधित गिरोह के खिलाफ धन शोधन मामले की जांच के तहत की गई। बालीगंज क्षेत्र स्थित बिस्वास के आवास सहित उनसे संबंधित दो परिसरों और सन एंटरप्राइज नामक कंपनी के प्रबंध निदेशक जॉय कामदार के एक परिसर पर पीएमएलए के प्रावधानों के तहत छापा मारा गया। कामदार को अधिकारियों द्वारा पूछताछ के लिए स्थानीय ईडी कार्यालय ले जाया गया है। उन्होंने बताया कि पश्चिम बंगाल और कोलकाता पुलिस कल्याण समिति के मुख्य समन्वयक और नोडल अधिकारी बिस्वास अपने परिसर में मौजूद नहीं थे।

यह कार्रवाई बिस्वजीत पोद्दार उर्फ 'सोना पप्पू' नामक एक स्थानीय अपराधी के खिलाफ धन शोधन के मामले से जुड़ी है। उस पर हत्या के प्रयास और वसूली के आरोपों में कई मामले दर्ज हैं।

युद्धविराम के दो दिन शेष ईरान नहीं खोलेगा होर्मुज

काहिरा/तेहरान, एजेंसी

- कहा- होर्मुज से हमारे जहाज नहीं निकले तो किसी के नहीं गुजरने देंगे, 2 और जहाज वापस लौटाए

ईरान ने अपने बंदरगाहों की नाकेबंदी जारी रहने तक होर्मुज से गुजरने वाले जहाजों पर रोक लगाने के फैसले पर और कड़ा रुख अपना लिया है। अमेरिकी नाकाबंदी और ईरान के कड़े रुख के बीच मध्यस्थ युद्धविराम की अवधि बढ़वाने की कोशिश कर रहे हैं, जो बुधवार को खत्म हो जाएगी।

नाकेबंदी के कारण पाकिस्तान की मध्यस्थता में हो रही कोशिशें जटिल हो गई हैं और अब सवाल खड़ा हो गया है कि दो हफ्ते का संघर्षविराम आगे बढ़ पाएगा या नहीं। ईरान की संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाकिर गालिबाफ ने शनिवार देर रात कहा, जब हमारे खुद के जहाज होर्मुज जलडमरुमध्य से नहीं गुजर सकते तो दूसरों को भी इस रास्ते से गुजरने देना असंभव है। अमेरिका के साथ बातचीत में ईरान के मुख्य वार्ताकार गालिबाफ ने अमेरिकी नाकाबंदी को अज्ञानता के कारण लिया गया एक नासमझी भरा फैसला बताया। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान अब भी शांति चाहता है, लेकिन अमेरिका पर गहरा अविश्वास बना हुआ है। गालिबाफ ने कहा, अभी भी बड़े मतभेद बरकरार हैं, और कुछ बुनियादी मुद्दे अब तक हल नहीं हुए हैं। रविवार को भी ईरान ने दो और जहाज को होर्मुज से लौटा दिया।

भारतीय टैंकर ने होर्मुज को सुरक्षित पार किया

नई दिल्ली। भारत के ध्वज वाले एक तेल के टैंकर ने होर्मुज को सुरक्षित पार कर लिया। भारतीय टैंकर ने इस तनाव ग्रस्त जलमार्ग को ऐसे समय पार किया है, जब दो अन्य भारतीय जहाजों को गोलीबारी के बाद वापस लौटने के लिए मजबूर होना पड़ा था और भारत ने वाणिज्यिक जहाजों की सुरक्षा को लेकर अपनी चिंता को ईरान के साथ साझा किया था। पश्चिम एशिया में हो रहे घटनाक्रमों पर सरकार द्वारा दी गई अद्यतन जानकारी के मुताबिक, कच्चे तेल से भरा टैंकर देश गरिमा 18 अप्रैल को रणनीतिक जलमार्ग को पार कर गया और 22 अप्रैल को मुंबई पहुंचने की उम्मीद है। इस जहाज पर 31 भारतीय नाविक सवार थे।

अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल आज पहुंचेगा पाकिस्तान

वाशिंगटन। राष्ट्रपति ट्रंप ने रविवार को कहा कि अमेरिकी वार्ताकार सोमवार को ईरान के साथ बातचीत के लिए पाकिस्तान पहुंचेंगे। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी।

डिजिटल अरेस्ट से बचाएगा सीबीआई का चैटबॉट अभय

नई दिल्ली, एजेंसी

- लोगों को जारी किए गए नोटिस की प्रामाणिकता को सत्यापित करने में करेगा मदद

सीबीआई डिजिटल अरेस्ट से लोगों को बचाने के लिए सोमवार को एक कृत्रिम बुद्धिमत्ता-संचालित चैटबॉट 'अभय' की शुरुआत करेगी, जो लोगों को जारी किए गए नोटिस की प्रामाणिकता को सत्यापित करने में मदद करेगा।

अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई ने अपने संस्थापक निदेशक के सम्मान में सोमवार को 22वें डी पी कोहली स्मारक व्याख्यान का आयोजन किया है और इसी अवसर पर सीजेआई सूर्यकांत चैटबॉट 'अभय' की औपचारिक शुरुआत करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रधान न्यायाधीश 'साइबर अपराध की चुनौतियां - पुलिस और न्यायपालिका की भूमिका' विषय पर व्याख्यान देंगे। इस अवसर पर वह सराहनीय सेवा के लिए 24 पदक भी प्रदान करेंगे। सीबीआई के प्रवक्ता ने कई मामलों में यह सामने आया है कि सीबीआई अधिकारियों के रूप में खुद को पेश करने वाले ठगों ने एजेंसी की ओर से जारी किए गए फर्जी नोटिस दिखाकर जनता को धमकाया है, उन्हें 'डिजिटल अरेस्ट' किया है और इस दौरान करोड़ों रुपये की उगाही की है।

सुप्रीम आदेश | कोर्ट ने सड़क सुरक्षा पर देशभर के लिए जारी किए निर्देश, कहा- एक भी व्यक्ति की जान जाना, नागरिकों की रक्षा करने में राज्य की विफलता को दर्शाता है

खतरे के कॉरिडोर बन रहे एक्सप्रेसवे, नए ढाबों पर रोक

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने देशभर में सड़क सुरक्षा मजबूत करने के लिए कई निर्देश जारी करते हुए कहा है कि प्रशासनिक सुस्ती या बुनियादी ढांचे की कमियों के कारण एक्सप्रेसवे खतरे का गलियारा नहीं बनने चाहिए। न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी और न्यायमूर्ति एएस चंदुरकर की पीठ ने कहा कि देश की सड़कों की कुल लंबाई का केवल दो प्रतिशत राष्ट्रीय राजमार्ग हैं लेकिन सड़क हादसों में होने वाली मौत की कुल संख्या में इनकी हिस्सेदारी करीब 30 प्रतिशत है।

पीठ ने सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, एनएचएआई और राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों को सड़कें अधिक सुरक्षित बनाने के निर्देश दिए। पीठ ने कहा कि अवैध रूप से वाहन खड़ा करना या दुर्घटना संभावित स्थलों जैसे टाले जा सकने वाले खतरों के कारण एक भी व्यक्ति की जान जाना, नागरिकों की रक्षा करने में राज्य की विफलता को दर्शाता है। कोर्ट ने 13 अप्रैल के अपने आदेश में कहा, भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत दिया गया जीवन का अधिकार जीवन को केवल गैरकानूनी तरीके से छीने जाने के विरुद्ध गारंटी नहीं देता, बल्कि राज्य पर यह सकारात्मक दायित्व भी डालता है कि वह ऐसा सुरक्षित माहौल सुनिश्चित करे, जहां मानव जीवन सुरक्षित रहे और उसका सम्मान हो। पीठ ने राजस्थान के फलोदी और तेलंगाना के रंगारेड्डी में दो और तीन नवंबर, 2025 को हुई सिलसिलेवार सड़क दुर्घटनाओं में 34 लोगों की मौत के बाद दर्ज किए गए स्वतः संज्ञान मामले में यह आदेश पारित किया। इन दुर्घटनाओं के लिए प्रणालीगत लापरवाही और विनाशकारी बुनियादी ढांचागत विफलताओं को जिम्मेदार ठहराया गया है।

आर्थिक या प्रशासनिक बाधा मानव जीवन की शुचिता से अधिक महत्वपूर्ण नहीं

पीठ ने कहा कि न्यायालय इस बात को दोहराता है कि कोई भी आर्थिक या प्रशासनिक बाधा मानव जीवन की शुचिता से अधिक महत्वपूर्ण नहीं हो सकती और यहां दी गई सख्त समयसीमा इस संवैधानिक दायित्व की तात्कालिक आवश्यकता को दर्शाती है। उसने निर्देश दिया कि राजमार्ग पर वाहनों को कहीं भी खड़ा या रोका नहीं जाएगा। उन्नत यातायात प्रबंधन प्रणाली (एटीएमएस) के जरिये राज्य पुलिस को सतर्क किया जाएगा, जीपीएस आधारित तस्वीरों को साक्ष्य बनाया जाएगा जिनमें समय दर्शाया होगा और एकीकृत ई-चालान प्रणाली का इस्तेमाल होगा। निर्देशों का पालन एनएचएआई, राज्य पुलिस और राज्य परिवहन विभाग के अधिकारी एवं कर्मी करेंगे। संबंधित जिलों के जिला मजिस्ट्रेट मानक संचालन प्रक्रिया तैयार करेंगे, जिसमें सभी एजेंसियों द्वारा नियमित निरीक्षण और गश्त का प्रावधान होगा। आदेश की तारीख से 60 दिन के भीतर इन निर्देशों का पालन किया जाना चाहिए।

व्यावसायिक ढांचे के निर्माण व अन्य संचालन पर तत्काल रोक लगाई

महत्वपूर्ण निर्देशों में से एक निर्देश यह है कि किसी भी राष्ट्रीय राजमार्ग के मार्ग अधिकारी क्षेत्र में किसी नए ढाबे, भोजनालय या व्यावसायिक ढांचे के निर्माण अथवा संचालन पर तत्काल प्रभाव से रोक रहेगी। पीठ ने निर्देश दिया, जिला मजिस्ट्रेट सात अगस्त, 2025 की मानक संचालन प्रक्रिया और सीएनएच अधिनियम में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार 60 दिन के भीतर सभी नए या मौजूदा अनधिकृत ढांचों को हटाना सुनिश्चित करें। अदालत ने कहा कि कोई भी विभाग, प्राधिकरण या स्थानीय निकाय राजमार्ग सुरक्षा क्षेत्र के भीतर स्थित किसी स्थल के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण या लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की पूर्व अनुमति के बिना कोई लाइसेंस, अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) या व्यापार मंजूरी न दे और न ही उसका नवीनीकरण करे। ऐसे सभी मौजूदा लाइसेंस की 30 दिन के भीतर समीक्षा की जाए।

सदियों के आक्रमणों के बावजूद सनातन आस्था अडिग

लखनऊ से 'सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा' की मुख्यमंत्री योगी ने की शुरुआत, सांस्कृतिक चेतना का दिया संदेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रदेश से 1000 से अधिक श्रद्धालु सोमनाथ धाम के लिए विशेष ट्रेन से रवाना

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को लखनऊ में 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' के तहत 'सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा उत्तर प्रदेश' की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि सदियों के आक्रमणों के बावजूद भारत की सनातन आस्था अडिग रही है और आज भी मजबूती से आगे बढ़ रही है। "जैसे आत्मा अजर-अमर है, वैसे ही सनातन आस्था भी अमर पथ का प्रतीक है," उन्होंने कहा।

गोमतीनगर रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में सीएम ने कहा कि विदेशी आक्रांताओं ने बार-बार भारत की संस्कृति और आस्था पर प्रहार किए, लेकिन वे इसे न तो तोड़ सके और न झुका पाए। सोमनाथ मंदिर पर हुए हमलों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि बर्बरता के बावजूद सनातन धर्म की शक्ति अक्षुण्ण रही और आज "यतो धर्मस्ततो जयः" के भाव के साथ पुनः शिखर पर स्थापित हो रही है।

मुख्यमंत्री ने स्वतंत्र भारत में सोमनाथ मंदिर के पुनरुद्धार को सांस्कृतिक स्वाभिमान का प्रतीक बताते हुए सरदार वल्लभभाई पटेल और डॉ. राजेंद्र प्रसाद के योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि बाधाओं के बावजूद सरदार पटेल के दृढ़ संकल्प से मंदिर का पुनर्निर्माण संभव हुआ।

सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सांस्कृतिक पुनर्जागरण नई ऊंचाइयों पर पहुंच रहा है। अयोध्या में राम मंदिर, काशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर सहित तीर्थों के विकास का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि अब काशी की जीवंतता, अयोध्या की मर्यादा, मथुरा-वृंदावन की भक्ति और प्रयागराज की समरसता एक साथ दिखाई देती है।

लखनऊ के गोमतीनगर रेलवे स्टेशन से सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा के तहत यात्रियों को विशेष ट्रेन से रवाना करते मुख्यमंत्री योगी।

उन्होंने बताया कि इस यात्रा के तहत प्रदेश से 1000 से अधिक श्रद्धालु गुजरात स्थित सोमनाथ धाम के लिए विशेष ट्रेन से रवाना हो रहे हैं। यह यात्रा देश को अपनी जड़ों से जोड़ने का कार्य करेगी। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, महापौर सुषमा खर्कवाल, मंत्री डॉ. संजय निषाद, विधायक डॉ. नीरज बोरा, ओपी श्रीवास्तव, एमएलसी पवन चौहान, मुकेश शर्मा, लालजी प्रसाद निर्मल व अपर मुख्य सचिव अमृत अभिजात मौजूद रहे।

अयोध्या का नाम आते ही गूंजता है 'जय श्री राम'

सीएम योगी ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सांस्कृतिक अभियान नई ऊंचाइयों पर पहुंचा है। उन्होंने कहा कि कुछ वर्ष पहले तक अयोध्या में भव्य राम मंदिर की कल्पना कठिन थी, लेकिन आज देश-दुनिया में "जय श्री राम" का उद्घोष गूंज रहा है। अयोध्या का नाम सुनते ही हर भारतीय के मन में श्रद्धा उमड़ पड़ती है और वहां जाने की इच्छा जाग उठती है।

श्रद्धालु बोले, सोमनाथ यात्रा से पूरी हुई वर्षों पुरानी इच्छा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- श्रद्धालुओं ने मुख्यमंत्री योगी का आभार जताया

अमृत विचार: प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए श्रद्धालुओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना करते हुए कहा कि सरकार ने वर्षों से लंबित उनकी आस्था से जुड़ी इच्छा को सोमनाथ यात्रा से पूरा किया है।

प्रदेश में धार्मिक और सांस्कृतिक चेतना को नई दिशा देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को लखनऊ से 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' के अंतर्गत सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा (उत्तर प्रदेश) को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शंखनाद और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शुरू हुई इस यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिला।

मुजफ्फरनगर के सतीश कुमार भावुक होते हुए बोले कि वर्षों से बाबा सोमनाथ के दर्शन की इच्छा थी, लेकिन कभी अवसर नहीं मिला। इस पहल से उनका सपना साकार हुआ है। वहीं बरेली की बिंदु इशिका सिंघानिया ने कहा कि यह यात्रा केवल दर्शन नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति को जोड़ने का माध्यम है, जिससे युवा पीढ़ी अपनी परंपराओं से जुड़ सकेगी। आजमगढ़ के अनंत तिवारी ने इसे आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए वरदान बताते हुए कहा कि पहले साधन न होने के कारण लोग तीर्थ यात्रा नहीं कर पाते थे, लेकिन अब सभी को समान अवसर मिल रहा है। मेरठ के अनंत राणा ने भी पहली बार सोमनाथ दर्शन के अवसर को ऐतिहासिक बताते हुए सरकार का आभार जताया।

न्यूज ब्रीफ

15 मेडिकल कॉलेजों को 625 करोड़ रुपये मंजूर

अमृत विचार, लखनऊ: प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालयों को बड़ी राहत देते हुए वेतन मद में 625 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। यह स्वीकृति अनुदान संख्या-31 के अंतर्गत मानक मद-31 (सहायता अनुदान-सामान्य/वेतन) में प्रदान की गई है। चिकित्सा शिक्षा विभाग के संयुक्त सचिव चंद्र शेखर मिश्र द्वारा जारी आदेश के अनुसार, यह धनराशि फेज-1 के पांच, फेज-2 के आठ मेडिकल कॉलेजों के साथ जौनपुर और बलरामपुर मेडिकल कॉलेज को दी जाएगी। इस फैसले से प्रदेश के कुल 15 स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालयों को लाभ मिलेगा। बजट पाने वाले मेडिकल कॉलेजों में अयोध्या, बस्ती, बहराइच, फिरोजाबाद, शाहजहांपुर, एटा, फतेहपुर, गाजीपुर, हरदोई, मीरजापुर, प्रतापगढ़, सिद्धार्थनगर, देवरिया, जौनपुर तथा बलरामपुर के मेडिकल कॉलेज शामिल हैं।

शराब पीकर ड्यूटी करने पर वार्ड बॉय निलंबित

अमृत विचार, लखनऊ: बांदा जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विसंडा में वार्ड बॉय द्वारा शराब के नशे में ड्यूटी करने और अधिकारियों के प्रति अमर्यादित व्यवहार करने का मामला सामने आया है। इसका वीडियो 10 अप्रैल को वायरल होने के बाद प्रशासन हरकत में आया। अपर मुख्य सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित कुमार घोष ने मामले का संज्ञान लेते हुए संबंधित वार्ड बॉय सुशील कुमार के निलंबन के निर्देश दिए। इसके बाद मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बांदा ने तत्काल प्रभाव से उसे निलंबित कर दिया। बताया गया कि प्रभारी चिकित्साधिकारी ने पहले कर्मचारी से स्पष्टीकरण मांगा था, लेकिन संतोषजनक जवाब न मिलने पर यह कार्रवाई की गई। मामले की जांच के लिए समिति गठित कर दी गई है।

मातृशक्ति को पीएम मोदी के कार्यक्रम की कमान

अमृत विचार, लखनऊ: वाराणसी में 28 अप्रैल को प्रस्तावित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर भाजपा ने सक्रियता तेज कर दी है। रविवार को प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने बैठक कर कार्यक्रम की रूपरेखा पर मंथन किया और इसकी कमान पूरी तरह मातृशक्ति को सौंप दी। बैठक में महानगर और जिला इकाइयों के साथ जनसंपर्क अभियान, बूथ स्तर तक जिम्मेदारियों के निर्धारण और कार्यक्रम को सफल बनाने की रणनीति पर चर्चा हुई। खास बात यह रही कि महिला सहभागिता को केंद्र में रखते हुए महिला मोर्चा की पदाधिकारियों को अहम जिम्मेदारियां दी गईं। उन्होंने जोर दिया कि यह आयोजन न केवल राजनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण होगा, बल्कि महिला नेतृत्व और सामर्थ्य का भी सशक्त उदाहरण प्रस्तुत करेगा।

महिला रेल कर्मियों ने देखा जंगल सफारी

अमृत विचार, लखनऊ: पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल ने महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कर्मचारी कल्याण निधि के तहत कतर्नियाघाट वन्यजीव अभयारण्य के लिए एक दिवसीय निशुल्क जंगल सफारी का आयोजन किया। कार्यक्रम में गोंडा और बलरामपुर की 18 महिला रेल कर्मचारियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने दुर्लभ वन्यजीवों और वनस्पतियों का अवलोकन कर प्रकृति के करीब समय बिताया।

राहत : तकनीकी जांच तक पुराने मीटर बदलने पर फिलहाल रोक

ऊर्जा मंत्री ने समीक्षा बैठक कर जारी किए निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को मिलेगा पांच स्तरीय एसएमएस अलर्ट और 45 दिन कनेक्शन न काटने का फैसला

अमृत विचार: प्रदेश में स्मार्ट बिजली मीटर को लेकर बढ़ते विवाद के बीच योगी सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। प्रदेश में पुराने मीटरों को स्मार्ट/प्रीपेड मीटर से बदलने की प्रक्रिया फिलहाल रोक दी गई है। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने शक्ति भवन, लखनऊ में अधिकारियों के साथ रविवार को समीक्षा बैठक के बाद यह निर्देश जारी किए।

मंत्री ने स्पष्ट किया कि स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं का बैलेंस शून्य होने पर भी अधिकतम तीन दिन तक या दो किलोवाट भार तक 200 रुपये के नेगेटिव बैलेंस की सीमा तक बिजली आपूर्ति बाधित नहीं की जाएगी। साथ ही हाल में लगे मीटरों के लिए 15 दिन की कन्वर्जन अवधि और उसके बाद 30 दिन यानी कुल 45 दिन तक किसी भी उपभोक्ता का कनेक्शन नहीं काटा जाएगा। सबसे बड़ा फैसला यह लिया गया कि तकनीकी समिति की रिपोर्ट आने तक पुराने मीटरों को स्मार्ट मीटर से बदलने की प्रक्रिया पर तत्काल प्रभाव से रोक रहेगी। स्मार्ट मीटर की गुणवत्ता की जांच के लिए चार सदस्यीय उच्चस्तरीय समिति गठित की गई है, जो 10 दिन में अपनी रिपोर्ट देगी।

उपभोक्ताओं को समय रहते जानकारी देने के लिए पांच स्तरीय एसएमएस अलर्ट प्रणाली लागू की जाएगी। इसके तहत बैलेंस 30% होने पर पहला, 10% पर दूसरा, बैलेंस खत्म होने पर तीसरा, डिस्कनेक्शन से एक दिन पहले चौथा और कटने के बाद पांचवां संदेश भेजा जाएगा। ऊर्जा मंत्री ने यह भी निर्देश दिए कि रविवार और अन्य अवकाश के दिनों में किसी भी स्थिति में बिजली कनेक्शन नहीं काटा जाएगा। साथ ही बिल भुगतान के बाद तुरंत बिजली आपूर्ति बहाल करने के लिए 24×7 व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया है। उपभोक्ताओं की शिकायतों के निस्तारण के लिए टोल फ्री नंबर 1912, आधिकारिक वेबसाइट और व्हाट्सएप चैटबॉट की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। इसके साथ ही स्मार्ट मीटर से जुड़ी जानकारी के लिए जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है।

नारी शक्ति वंदन विधेयक पर सियासी संग्राम

33 प्रतिशत आरक्षण बिल गिरने पर महिला नेताओं ने जताया कड़ा विरोध

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: संसद में नारी शक्ति वंदन संशोधन विधेयक पारित न होने के बाद प्रदेश में सियासत गरमा गई है। भाजपा की महिला नेताओं और विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी महिलाओं ने विपक्षी दलों पर महिलाओं का हक छीनने का आरोप लगाते हुए तीखी प्रतिक्रिया दी है।

महिला नेताओं का कहना है कि यह विधेयक लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने से जुड़ा था, लेकिन विपक्ष ने इसे पारित नहीं होने दिया। इसे नारी विरोधी कदम बताते हुए उन्होंने कहा कि विपक्ष की यह राजनीति आगामी चुनावों में उसे भारी पड़ेगी।

प्रदेश सरकार की मंत्री बेबी रानी मौर्य ने तीखा सवाल उठाते हुए कहा कि क्या सिर्फ डिम्पल यादव को ही संसद में जाने का अधिकार है? उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी का महिला विरोधी चेहरा सामने आ गया है। मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं के लिए अभूतपूर्व कार्य हुए हैं, जिसमें तीन तलाक जैसी कुप्रथा से मुक्ति भी शामिल है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने का समय आया, तो विपक्ष ने बाधा डाल दी। मंत्री रजनी तिवारी ने कहा कि विपक्ष का मूल स्वभाव ही विकास कार्यों में अड़ंगा लगाने का रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि महिलाओं को आरक्षण मिलने से सशक्त भारत का सपना साकार होता, जिसे विपक्ष नहीं चाहता। भाजपा विधायक अदिति सिंह ने कहा कि संसद में महिलाओं की भागीदारी बढ़ने से हमारे देश के विकास को नई गति मिलेगी।

काला दिवस के रूप में जाना जाएगा 17 अप्रैल : अन्नपूर्णा देवी

अमृत विचार, लखनऊ : केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोला और 17 अप्रैल को "काला दिवस" बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए व्यापक कार्य किए गए हैं, लेकिन विपक्ष ने राजनीतिक कारणों से विधेयक का विरोध किया।

भाजपा राज्य मुख्यालय पर मुख्यमंत्री योगी से पहले उन्होंने कहा कि संसद में नारी शक्ति वंदन संशोधन विधेयक पर हुई चर्चा सार्थक रही, लेकिन कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस और डीएमके सहित विपक्षी दलों ने इसका विरोध कर महिलाओं की आकांक्षाओं को ठेस पहुंचाई। केंद्रीय मंत्री ने आरोप लगाया कि इन दलों ने हमेशा की तरह इस बार भी विधेयक को लटकाने, भटकाने और अटकाने की राजनीति अपनाई। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश की महिलाएं अब अधिक जागरूक और सशक्त हो चुकी हैं तथा हर क्षेत्र में अपनी भागीदारी दर्ज करा रही हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएं अपने अधिकारों के खिलाफ खड़े होने वालों को लोकतांत्रिक तरीके से जवाब देंगी।

प्रेस कांफ्रेंस में केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, मुख्यमंत्री योगी व अन्य।

भाई की तहरीर पर महिला की आत्महत्या के मामले में पति समेत 6 लोगों पर केस दर्ज

प्रतापगढ़, अमृत विचार : पट्टी कोतवाली के सपहाछात गांव निवासी ट्रक चालक सुनील वर्मा की 30 वर्षीय पत्नी समला देवी ने शुक्रवार आधी रात अपने 10 साल के पुत्र आर्यन को जहरीला पदार्थ खिलाकर खुद भी खा लिया। शनिवार भोर में मायके के लोग पहुंचे और दोनों को सीएचसी पट्टी ले गए। वहां से प्रयागराज ले जाने पर समला को मृत घोषित कर दिया। जबकि बेटे आर्यन का अभी इलाज चल रहा है। मामले में मृतका के भाई पट्टी कोतवाली के गड़ौरी अभयराज वर्मा ने शनिवार रात पति सुनील कुमार, सास, सिकंदर, संजय पटेल और दो जेठानी की प्रताड़ना के चलते जहर खाकर जान देने का केस दर्ज कराया। आरोप लगाया कि उसके पति सुनील का अन्य महिला से संबंध हो गया था। उसकी बहन के विरोध करने पर परिवार के लोग सुनील का साथ देते थे। प्रताड़ना के चलते उसकी बहन मायके चली आई थी लेकिन उसने समझा-बुझाकर 16 अप्रैल को ही उसे ससुराल पहुंचा दिया था।

व्यवसाय शुरू करने के लिए महिलाओं को गन्ना समिति परिसर में मिलेगा मुफ्त स्थान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ, अमृत विचार : अब गन्ना सहकारी समितियों के परिसरों में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को व्यवसाय शुरू करने के लिए निशुल्क स्थान उपलब्ध कराया जाएगा। इस पहल के तहत महिलाएं 'प्रेरणा कैंटीन' और अपने उत्पादों के प्रदर्शन व बिक्री के लिए मार्केटिंग सेंटर संचालित कर सकेंगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग और उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के बीच इस संबंध में एमओयू साइन किया गया है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को स्वरोजगार के नए अवसर मिलेंगे और वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकेंगी। गन्ना आयुक्त मिनिस्थी एस. के अनुसार, गन्ना समितियां अपने परिसरों में उपलब्ध खाली स्थान को महिलाओं के समूहों को देंगी। शुरुआती दो वर्षों तक इन स्थानों के लिए कोई किराया नहीं लिया जाएगा। इसके बाद भी महिलाओं को केवल 50 प्रतिशत किराया ही देना होगा, जो जिला प्रशासन द्वारा तय सर्किल रेट के अनुसार निर्धारित होगा। इस नई योजना के तहत प्रदेश की महिलाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा।

घर के बाहर सोते समय रस्सी से गला कसकर युवक की हत्या

कुंडा (प्रतापगढ़)

अमृत विचार : घर के बाहर सो रहे युवक की रस्सी से गला कसकर बेरहमी से हत्या कर दी गई। घर के अंदर रही पत्नी को इतनी बड़ी घटना की भनक तक नहीं लगी। उसके हाव-भाव देखकर शक की सुई उसकी ओर ही घूम गई है। उसके दो करीबियों को पुलिस ने हिरासत में लिया है, जबकि पत्नी ने अज्ञात हत्यारोपियों पर केस दर्ज कराया है।

हथिगवां थाना क्षेत्र के तुला का पुरवा बेंती गांव के 40 वर्षीय देवीदीन पुत्र स्व. बैजनाथ ने शनिवार रात अपनी बेटी का जन्मदिन मनाया था। कार्यक्रम घर पर ही किया। देर रात गर्मी के कारण वह घर के बाहर चारपाई पर सो गया, जबकि उसकी पत्नी रीना और दो बच्चे घर के अंदर सो रहे थे। रविवार सुबह साढ़े पांच बजे जब पत्नी रीना देवी उठी और बाहर पहुंची तो उसने देवी दीन को मृत अवस्था में पाया। उसने शोर मचाया तो ग्रामीण मौके पर जुट गए। कुछ देर में हथिगवां इंस्पेक्टर सत्येंद्र सिंह मौके पर पहुंचे व घटनाक्रम की जानकारी ली। इसके बाद एसपी दीपक भूकर, एएसपी पश्चिमी बृजनंदन राय पहुंचे। फोरेंसिक टीम और स्वाट टीम ने भी घटनास्थल देखा। साक्ष्यों का संकलन किया। युवक की पत्नी रीना देवी पुलिस को बताने लगी कि उसके पति के गले, नाक, हाथ-पैर पर चोट के निशान थे और शरीर पर मिट्टी लगी हुई थी, जिससे मारपीट के बाद हत्या किए जाने की आशंका है। पुलिस टीमों ने गांव के कई लोगों से भी जानकारी ली। रीना की तहरीर पर अज्ञात हत्यारोपियों पर हत्या का केस दर्ज करके पुलिस ने छानबीन शुरू की तो कुछ ही घंटे में देवीदीन की पत्नी पर भी घटना में संलिप्त होने का संदेह गहराने लगा। वह देवीदीन की तीसरी पत्नी बताई जा रही है। पुलिस ने उसके दो परिचित युवकों को संदेह के आधार पर हिरासत में ले लिया। उनसे पूछताछ की जा रही है। वहीं एसपी दीपक भूकर ने कहा है कि घटना के खुलासे के लिए पुलिस की चार टीमें बनाकर कई बिंदुओं पर जांच की जा रही है। घर में भी कुछ मजबूत साक्ष्य मिले हैं। उन पर काम हो रहा है। जो भी हत्यारोपी होंगे, वह पकड़े जाएंगे।

पीआरडी जवान के मासूम बेटे की तालाब में डूबने से मौत

कुंडा, प्रतापगढ़ अमृत विचार : कुंडा कोतवाली के सरुआ जमेठी गांव में रविवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हआ। रामशंकर सरोज का 12 वर्षीय पुत्र युवराज सरोज की तालाब में डूबने से मौत हो गई। घटना से गांव के लोग शोक में हैं और परिजन रो रो कर बेहाल हैं।

रमाशंकर सरोज पीआरडी जवान हैं।वह कुछ दिनों पूर्व सड़क हादसे में घायल हो गए थे। उनके परिवार में दो बेटे युवराज के अलावा नौ साल का शिवराज है। रविवार सुबह युवराज गांव के कुछ अन्य बच्चों के साथ घर से करीब 500 मीटर दूर स्थित तालाब के पास बकरी चराने गया था। लोगों के अनुसार बकरी को हांकते समय युवराज का पैर फिसल गया और वह तालाब के गहरे पानी में गिरकर डूबने लगा। साथ में मौजूद बच्चों ने युवराज को डूबता देख शोर मचाया, जिससे आसपास के ग्रामीण पहुंचे। काफी प्रयास के बाद उसे तालाब से बाहर निकाला और तत्काल सीएचसी कुंडा लाया गया। यहां चिकित्सकों ने जांच के बाद युवराज को मृत घोषित कर दिया।

परशुराम जन्मोत्सव पर निकली शोभायात्रा

मानधाता में हनुमान मंदिर के सामने जयघोष करते श्रद्धालु। अमृत विचार

कोहंडौर/मानधाता,प्रतापगढ़ अमृत विचार : अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर रविवार को कोहंडौर कस्बे में भगवान परशुराम का जन्मोत्सव धूमधाम व श्रद्धा के साथ मनाया गया। ब्राह्मण समाज के नेतृत्व में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। रथ,डीजे और घोड़े के साथ श्रद्धालु नाचते गाते श्रद्धालु शोभायात्रा में शामिल हुए। शोभायात्रा राम जानकी मंदिर परिसर से कोहंडौर के प्रमुख मार्गों, कांधरपुर मोड़,मदाफरपुर मोड़, कोहंडौर थाने से पुन: राम जानकी मंदिर पर आकर शोभायात्रा समाप्त हुई। कार्यक्रम में सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य,पं. रमाकांत द्विवेदी, सत्य प्रकाश पाठक, सिद्धांत तिवारी,इन्द्र देव तिवारी,मोहित सिंह, कपिल पांडेय,धवल द्विवेदी,धनंजय पांडेय,अमन उपाध्याय,पंकज शुक्ल, आशीष पांडेय, बबलू मिश्र, जितेन्द्र बिहारी पांडेय सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इसी तरह मानधाता में समाजसेवी सुरेन्द्र सिंह की अगुवाई में हैंसी से मानधाता बाजार तक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में क्षेत्र के कई गांवों एवं नगर के श्रद्धालु शामिल हुए।

प्रज्ञा तिवारी की पुस्तक का हुआ विमोचन

कवयित्री प्रज्ञा तिवारी का सारस्वत सम्मान करते आयोजन समिति के लोग।

प्रतापगढ़ अमृत विचार : सुल्तानपुर की लोकप्रिय कवयित्री एवं लेखिका प्रज्ञा तिवारी की पुस्तक बाल प्रज्ञा प्रबोधिनी एवं प्रगति पथ का विमोचन शहर के होटल सिद्धार्थ में समारोह पूर्वक हुआ। अतिथियों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। प्रज्ञा ने साहित्यिक यात्रा में सहयोगियों को धन्यवाद देते हुए प्रकाशन व विमोचन में वरिष्ठ पत्रकार अखिल नारायण सिंह के सहयोग के प्रति आभार जताया। इसके पूर्व मीरा तिवारी की वाणी वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। मीरा तिवारी,पूनम मिश्रा ,महाश्वेता राजे सिंह,चांदनी दुबे,डॉ.रंजीता समृद्धि और नाजो नाज ने काव्य पाठ किया। सभी को अंगवस्त्र,सम्मान पत्र ।एवं बुके देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि सुल्तानपुर की कवयित्री प्रतिभा पांडेय एवं अध्यक्षता कर रहीं न्यू एंजिल्स कॉलेज की प्रबन्धक डॉ. शाहिदा खान ने आयोजन को सराहा। कवयित्री चांदनी दुबे ने अतिथियों का स्वागत किया। आयोजक अखिल नारायण सिंह ने सभी का स्वागत किया। डॉ. हरिकेश बहादुर सिंह,डॉ. संगम लाल त्रिपाठी भंवर,अनिल प्रताप त्रिपाठी प्रवात ने भी संबोधित किया। संयोजन नियाज प्रतापगढ़ी ने किया। संचालन प्रेम कुमार त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर समाज सेवी श्याम शंकर द्विवेदी, संजय द्विवेदी,डॉ.शमीम खान, रामकेवल पुष्पाकर,रिजवान अहमद, सौरभ सोमवंशी,होटल सिद्धार्थ के मालिक संतोष सिंह,संतोष सिंह मैनेजर होटल सिद्धार्थ, ममो .अनीश सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे ।

पहल 6 जिलों के 50 केंद्रों पर 39 हजार अभ्यर्थियों ने दी सहायक आचार्य पुनर्परीक्षा

एआई निगरानी और ओएमआर स्कैनिंग से हुई पारदर्शी परीक्षा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: उप्र. शिक्षा सेवा चयन आयोग की ओर से सहायक आचार्य की लिखित पुनर्परीक्षा शनिवार और रविवार को सफलतापूर्वक संपन्न कराई गई। 16 विषयों की यह परीक्षा प्रदेश के छह जिलों आगरा, मेरठ, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर और वाराणसी के 50 केंद्रों पर दो पालियों में आयोजित हुई। एआई निगरानी और प्रयागराज में ओएमआर स्कैनिंग के पायलट प्रोजेक्स से पारदर्शिता की नई पहल सामने आई।

पुनर्परीक्षा के दौरान निरीक्षण करते आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार।

परीक्षा सुबह 9:30 से 11:30 बजे और दोपहर 2:30 से 4:30 बजे तक आयोजित की गई। आयोग ने परीक्षा की शुचिता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए एआई इंटीग्रेटेड कंट्रोल कमांड रूम से सभी केंद्रों की निगरानी की।

आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने स्वयं प्रयागराज के कई परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। यहां पारदर्शिता बढ़ाने के लिए एक अभिनव प्रयोग के तहत पांच केंद्रों पर ओएमआर शीट की स्कैनिंग परीक्षा समाप्त होते ही परीक्षार्थियों और कक्ष निरीक्षकों की उपस्थिति में कराई गई। इस प्रक्रिया की समीक्षा भी अध्यक्ष ने मौके पर पहुंचकर की। दो दिनों में कुल 39,192 अभ्यर्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। 18 अप्रैल को 19,718 परीक्षार्थी और 19 अप्रैल को 19,474 परीक्षार्थी शामिल हुए।

मदरसा बोर्ड परीक्षा में 18.29 फीसद बढ़े विद्यार्थी

अमृत विचार, लखनऊ: वर्ष 2026 की मदरसा बोर्ड परीक्षा में छात्र-छात्राओं की संख्या में 18.29 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2025 में जहां 68,423 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया था, वहीं इस बार 80,933 परीक्षार्थी शामिल हुए। यानी कुल 12,510 छात्रों की बढ़ोतरी हुई है। मदरसा शिक्षा परिषद की ओर से आयोजित मुंशी/मौलवी (सेकेंडरी) और आलिम (सीनियर सेकेंडरी) परीक्षाएं 9 फरवरी को प्रदेशभर में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई थीं। आंकड़े यह भी बताते हैं कि रीक्षा को नकलविहीन और निष्पक्ष बनाने के लिए इस बार व्यापक इंतजाम किए गए थे। मदरसा शिक्षा परिषद के अनुसार, परीक्षा परिणाम मई माह में जारी किए जाने की तैयारी अंतिम चरण में है।

उल्लास संग मना भगवान परशुराम का जन्मोत्सव

जिले भर में आयोजित किये गये विविध कार्यक्रम, दशहराबाग स्थत बाबा पंचमदास की कुटी पर पूजन कार्यक्रम आयोजित

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : भगवान परशुराम का जन्मोत्सव रविवार को पूरे जिले में बड़े ही हर्ष व उल्लास के साथ मनाया गया। विभिन्न आयोजनों के बीच अक्षय तृतीया पर आभूषण बाजार भी चहक उठा और करोड़ों की खरीददारी की गई

शहर के दशहराबाग मोहल्ला स्थित बाबा पंचमदास कुटी में विधि-विधान से पूजन-अर्चन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश शर्मा ने पहुंचकर भगवान परशुराम की पूजा-अर्चना की और उनके जीवन आदर्शों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इसी क्रम में कोतवाली के सामने सागर मार्ट के निकट विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जहां देर शाम तक श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुई। मुख्य पुजारी श्रीधर शास्त्री एवं उनके सहयोगियों ने श्रद्धापूर्वक पूजा संपन्न कराई। इसके उपरांत भंडारे का शुभारंभ हुआ, जिसमें समाज के सभी वर्गों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक प्रमोद तिवारी (पूर्व जिला उपाध्यक्ष भाजपा एवं क्षेत्रीय उपाध्यक्ष, विश्व ब्राह्मण कल्याण परिषद) रहे। इस अवसर पर शिक्षक एमएलसी उमेश द्विवेदी, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजीव मिश्रा, विधायक दिनेश रावत, भाजपा जिलाध्यक्ष राम सिंह वर्मा भुल्लन, पूर्व सांसद उपेंद्र रावत, पूर्व जिला अध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव, अरविंद मौर्य, पूर्व एमएलसी हरगोविन्द सिंह, करणी सेना प्रदेश अध्यक्ष अभिनव सिंह और डॉ. विवेक वर्मा आदि नागरिक उपस्थित रहे।

रामनगर प्रतिनिधि के अनुसार परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर नगर पंचायत सभागार में बुजुर्ग सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन व्यापार मंडल अध्यक्ष रविकांत पांडेय एवं समाजसेवी पवन कुमार ओझा द्वारा किया गया, जबकि अध्यक्षता भोलानाथ त्रिपाठी ने की। शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष रामशरण पाठक ने भगवान परशुराम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

इस दौरान क्षेत्र के बुजुर्गों को अंगवस्त्र एवं भगवान परशुराम की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही वन विभाग के उपनिरीक्षक सचिन और दुर्गेश यादव ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए सैकड़ों पौधों का वितरण कराया। वक्ताओं ने भगवान परशुराम के जीवन से सत्य, साहस और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा लेने का आह्वान किया। फतेहपुर प्रतिनिधि के अनुसार कस्बा में बीएसएनएल टावर के पीछे आयोजित कार्यक्रम में तहसील अधिवक्ता संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजीव नयन तिवारी ने भगवान परशुराम के जीवन चरित्र को प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि उन्होंने सदैव धर्म और गौ रक्षा के लिए संघर्ष किया। इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक व राजनीतिक संगठनों के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

भगवान परशुराम के जन्मोत्सव के अवसर पर आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते लोग। ● अमृत विचार

लोगों को पौधों का किया गया वितरण। ● अमृत विचार

भगवान परशुराम के चित्र पर पुष्प अर्पित करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

अक्षय तृतीया पर मुस्कराया आभूषण बाजार

बाराबंकी, अमृत विचार : शहर में अक्षय तृतीया पर इस बार सर्राफा बाजार में जबरदस्त रौनक देखने को मिली। सर्राफा दुकानों पर ग्राहकों में सोने व डायमंड ज्वैलरी की खरीदारी को लेकर खासा उत्साह दिखा। दुकानदारों द्वारा दिए जा रहे ऑफर्स जैसे डायमंड ज्वैलरी पर जीरो मेकिंग चार्ज, 18 कैरेट ज्वैलरी पर 15 प्रतिशत तक की छूट और 22 कैरेट ज्वैलरी पर केवल 5 प्रतिशत मेकिंग चार्ज ने ग्राहकों को आकर्षित किया। सर्राफा व्यवसायी श्याम जी गुप्ता ने बताया कि अक्षय तृतीया को लेकर ग्राहकों ने पहले से ही तैयारी शुरू कर दी थी। कई लोगों ने कुछ दिन पहले ही पैसा जमा कर दिया। यह भी बताया कि प्री रेट लॉक ऑफर योजना के तहत जिन ग्राहकों ने पहले से ही सोने का रेट बुक कर लिया था, उन्हें कीमत बढ़ने के बावजूद फायदा मिला और करीब 10 ग्राम पर लगभग 5 हजार तक बचत हुई। बताया कि इस बार ग्राहकों का रुझान खासकर हल्की और डिजाइनर ज्वैलरी की ओर ज्यादा देखने को मिला। दोपहर होते-होते बाजार में भीड़ बढ़ गई थी।

दुकान पर आभूषण खरीदने के लिए उमड़े ग्राहक।

झुलसे किसान की मौत, फसल-गृहस्थी जली

सुबेहा, हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार : रविवार को खेत में लगी आग बुझाने के प्रयास में गंभीर रूप से झुलसे किसान की लखनऊ में मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। वहीं आग लगने की दो अन्य घटनाओं में आधा दर्जन किसानों की फसल व घर की गृहस्थी जलकर राख हो गई।

सुबेहा के नीमामऊ गांव के रहने वाले हीरालाल (65) के खेत में आग लग गई। ग्रामीण आग बुझाने पहुंचे तो खबर लगते ही वृद्ध भी मौके पर पहुंच गया। फसल के अवशेष बचाने के फेर में वृद्ध आग की लपटों से घिर गया। ग्रामीण उन्हे जब तक बचाने पहुंचे, वृद्ध गंभीर रूप से झुलस गया था। उन्हे सीएचसी हैदरगढ़ ले जाया गया पर हालत गंभीर देखते हुए डाक्टर ने लखनऊ रेफर कर दिया। सिविल अस्पताल में इलाज के दौरान वृद्ध की मौत हो गई। घटना की जानकारी गांव पहुंचते ही कोहराम मच गया। हैदरगढ़ कोतवाली क्षेत्र के गोतौना गांव में रविवार दोपहर खेतों में अचानक लगी आग में आधा दर्जन किसानों की फसल जलकर स्वाहा हो गई।

मौके पर पहुंचे क्षेत्रीय लेखपाल राजेन्द्र यादव ने बताया कि यहां के निवासी काशी प्रसाद, संतोष शुक्ला, धर्मेन्द्र सिंह, अमर बहादुर सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह, गयादेई एवं राजेश कुमार सिंह आदि के लगभग 5 बीघा खेत में तैयार खड़ी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। अग्निशमन कर्मियों ने कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पाया।

उधर कोठी थाना क्षेत्र अंतर्गत धनौरा ग्राम पंचायत के मजरे गंगवाई पठनान में किसान सुखदेव पुत्र हरिप्रसाद के घर में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में सुखदेव के घर में रखा अनाज, रजाई-गद्दे और करीब 15 हजार रुपये की नकदी जलकर राख हो गई। पीड़ित परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

खेत में लगी आग बुझाते फायर ब्रिगेड कर्मी। ● अमृत विचार

इकलौते बेटे ने दी जान बेसुध हुए माता-पिता

फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र में एक युवक का शव गांव से कुछ दूर पेड़ पर फंदे से लटका मिला। इकलौते बेटे को खोकर माता पिता बेसुध हो गए। वहीं घटना का कारण बार-बार झगड़ा कर पत्नी का मायके जाना व अवसाद बताया जा रहा।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के ग्राम मोहब्बतपुर मजरे मिठवारा निवासी इंद्रजीत गौतम (27) भूमिहीन व मजदूरपेशा था। घर में पिता राम प्रकाश व मां लज्जावती के भरण-पोषण का वही सहारा था। उसका विवाह थाना रामपुर मथुरा जिला सीतापुर क्षेत्र में मामी की पुत्री से हुआ था। दोनों से एक तीन वर्षीय पुत्री है। शादी के कुछ माह बाद ही इंद्रजीत से अनबन होने पर पत्नी मायके चली गयी। बाद में ग्राम प्रधान बलराज व रिश्तेदारों के समझाने बुझाने पर दोनों साथ रहने लगे लेकिन करीब दो वर्ष पूर्व पत्नी पुत्री को लेकर फिर मायके चली गई। उधर रविवार सुबह करीब पांच बजे खेत में पानी लगाने जा रहे लोगों ने गांव से कुछ दूर बेहड़ा खैरातपुर मार्ग पर एक पेड़ से लटकता युवक का शव देखा। लोगों ने शव की पहचान इंद्रजीत के रूप में की तो पीछे से पहुंचे मां बाप इकलौते पुत्र का शव देख बेसुध हो गए।

रिश्तेदार ने हड़पे लाखों रुपये, रिपोर्ट दर्ज

सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार : एक महिला ने अपने ही रिश्तेदार पर धोखाधड़ी कर लाखों रुपये हड़पने का गंभीर आरोप लगाया है। मामला थाना मोहम्मदपुर खाला क्षेत्र का है, जहां कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

ग्राम चंदूरा निवासी ममता सोनी ने न्यायालय में गुहार लगाते हुए कहा कि उनकी पुत्री की शादी 1 दिसंबर 2025 को तय थी। शादी के खर्च के लिए उन्होंने बंधन बैंक शाखा फतेहपुर से 3 लाख रुपये का लोन लिया। इसके अलावा घर में एक लाख 77 हजार रुपये रखे थे। आरोप है कि उनके रिश्तेदार रामू सोनी ने शादी का सामान लाने के नाम पर विश्वास में लेकर कुल 4 लाख 77 हजार रुपये ले लिए। बाद में जब ममता सोनी ने सामान और पैसे के बारे में पूछा तो आरोपी ने पैसे देने से इंकार कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता का कहना है कि इस मामले की शिकायत पहले स्थानीय थाने और बाद में पुलिस अधीक्षक से भी की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने न्यायालय की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

मारपीट में 16 नामजद एक की हालत नाजुक

मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार : शनिवार को थाना क्षेत्र के ग्राम गेंदौरा मे जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट को लेकर पुलिस ने तहरीर पर शोभेलाल सहित 16 लोगो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। वहीं मारपीट मे गंभीर रूप से घायल होकर ट्रामा सेंटर रेफर सचिन की हालत नाजुक बनी हुई है। शनिवार को दोपहर बाद थाना क्षेत्र के ग्राम गेंदौरा मजरे नहामऊ में जमीन पर कब्जेदारी को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में एक पक्ष से 10 लोग व दूसरे पक्ष से 4 लोग घायल हो गये थे, जिसमे एक की हालत अभी नाजुक है और उसका इलाज ट्रामा सेन्टर लखनऊ में चल रहा है।

दबंगों की पिटाई से युवक की हालत गंभीर

रामसनेहीघाट, बाराबंकी

अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र में एक युवक के साथ जमकर मारपीट की गईं। हमले में घायल युवक की हालत नाजुक बनी हुई है।

ग्राम जहमतिया का पुरवा मजरे गाजीपुर निवासी संदीप कुमार ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है कि उनके भाई श्याम, जो ग्राम कूटी में सिलाई की दुकान चलाते हैं, के साथ 15 अप्रैल की शाम मारपीट की गई। आरोप है कि दुकान मालिक मोनू यादव अपने साथियों अनिल और अमन के साथ शराब के नशे में दुकान पर पहुंचा और तत्काल दुकान खाली करने का दबाव बनाने लगा।

जब श्याम ने कुछ समय देने की बात कही, तो तीनों आरोपियों ने उसे पकड़कर दुकान के पीछे ले जाकर बेरहमी से लात-घूंसों से पीटा। परिजनों के मुताबिक, हमलावर युवक को मरा समझकर मौके से फरार हो गए।

बाद में ग्रामीणों की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और श्याम को गंभीर हालत में उपचार के लिए डॉक्टर के पास ले जाया गया। घटना के अगले दिन होश में आने पर पीड़ित ने पूरी आपबीती बताई। पीड़ित की हालत अभी भी नाजुक बताई जा रही है।

दवा के पैसे मांगने पर ससुराल वालों ने महिला को पीटा

टिकैतनगर, बाराबंकी, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के ग्राम खेतासरांय से घरेलू हिंसा का एक गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता पुष्पा उर्फ रीतू के अनुसार, 17 अप्रैल को वह बीमार थी और उसने अपने पति दुर्गेश से दवाई के लिए पैसे मांगे। इसी बात को लेकर पति, देवर संतोष, सास और ससुर सुखराम ने उसके साथ अभद्र व्यवहार किया। विरोध करने पर शाम करीब 8 बजे सभी ने मिलकर उसे लात-घूंसों और डंडों से बुरी तरह पीटा। इस घटना में महिला को काफी चोटें आई हैं। पीड़िता का कहना है कि शोर मचाने पर ससुराल पक्ष ने उसे जान से मारने की धमकी दी और उसे उसके दो नाबालिग बच्चों के साथ घर से भगा दिया। यह भी आरोप है कि उसके जेवरात छीन लिए गए, जबकि कुछ जेवर पहले ही ससुराल पक्ष द्वारा गिरवी रखे जा चुके हैं।

खेती-किसानी | ग्राम धानकुट्टी में मखाना की वैज्ञानिक खेती पर आयोजित किया गया कार्यक्रम

किसानों को मखाना उत्पादन की दी जानकारी

मसौली, बाराबंकी

अमृत विचार : ब्लॉक स्थित ग्राम धानकुट्टी में मखाना की वैज्ञानिक खेती, प्रसंस्करण और रोजगार के अवसरों पर जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन प्रगतिशील मत्स्य किसान डॉ. सुरेश शर्मा के फार्म पर हुआ। उन्होंने किसानों को मछली पालन के साथ मखाना की सह-फसली खेती अपनाने की सलाह दी। विशेषज्ञों ने मखाना उत्पादन की वैज्ञानिक तकनीकों और बाजार संभावनाओं पर जानकारी दी। कृषि विज्ञान केन्द्र द्वितीय सीतापुर के अध्यक्ष डॉ. दयाशंकर श्रीवास्तव ने किसानों को मखाना आधारित उद्यमिता की ओर प्रेरित किया। वैज्ञानिक डॉ. शुभम सिंह राठौर ने मखाना उत्पादन बढ़ाने के उपाय बताए। लोक जीवन फाउंडेशन के संस्थापक डॉ. राजेश वर्मा ने मखाना के अंतरराष्ट्रीय बाजार पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण पर भी विशेष ध्यान दिया गया। प्रिया वर्मा और राखी धीमान ने महिलाओं को मखाना उत्पादन और मूल्य संवर्धन के माध्यम से स्वरोजगार अपनाने के लिए प्रेरित किया।

किसानों को जानकारी देते वैज्ञानिक। ● अमृत विचार

ससुराल में गर्भवती की पिटाई से गर्भस्थ शिशु की मौत

फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र में दहेज उत्पीड़न की शिकार महिला की ससुराल में जमकर पिटाई की गईं। आरोप है कि पिटाई से उसके गर्भ में पल रहे शिशु की मौत हो गईं। पीड़िता की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

जानकारी के अनुसार मन्तशा पुत्री साबित अली निवासी ग्राम ररिया पोस्ट हसनपुर टांडा के अनुसार, उसकी शादी 1 नवंबर 2025 को गांव के ही मो. कैफ पुत्र मो. वैस से हुई थी। विवाह के चार माह बाद 9 मार्च को जब सास रिजवाना और ननद रहनुमा को उसके गर्भवती होने की जानकारी मिली, तो उन्होंने उसे अपशब्द कहे और मारपीट की। पीड़िता का कहना है कि मारपीट के दौरान वह बेहोश हो गई। होश आने पर उसने अपने मायके पक्ष को बुलाया। जब उसका पिता उसे लेने पहुंचा, तब ससुराल पक्ष ने उसके सोने-चांदी के जेवर छीन लिए और दहेज में बुलेट मोटरसाइकिल की मांग करते हुए उसे वापस भेजने से इनकार कर दिया। मन्तशा ने आरोप लगाया कि ससुराल वालों की मारपीट के कारण उसके गर्भ में पल रहे शिशु की मृत्यु हो गई। मायके में इलाज के दौरान करीब 25 हजार रुपये खर्च हुए।

पुलिस लाइन में सामूहिक भोज का आयोजन

आईजी जोन को स्मृति चिह्न देते एसपी। ● अमृत विचार

बाराबंकी, अमृत विचार : नव नियुक्त आरक्षियों के प्रशिक्षण सत्र के सफल समापन को लेकर रिजर्व पुलिस लाइन्स के क्रिकेट ग्राउंड में बड़ा खाना का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ जोन प्रवीण कुमार, जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय सहित अन्य पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। सभी ने नव नियुक्त आरक्षियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और कर्तव्यनिष्ठा के साथ सेवा करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का भी आयोजन हुआ, जिसने माहौल को और भी आनंदमय बना दिया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य नव प्रशिक्षित आरक्षियों का उत्साहवर्धन करना तथा पुलिस परिवार के बीच आपसी समन्वय और सौहार्द को मजबूत करना रहा।

ससुरालवालों ने विवाहिता को बनाया बंधक

जैदपुर, बाराबंकी, अमृत विचार : दहेज उत्पीड़न का एक सनसनीखेज मामले में एक विवाहिता को बंधक बनाकर मारपीट की गई और उसे फांसी पर लटकाने का प्रयास किया गया। पीड़िता के अनुसार, उसकी शादी वर्ष 2024 में जैदपुर थाना क्षेत्र के एक युवक से हुई थी। शादी के कुछ समय बाद ही दहेज में कार की मांग को लेकर उसे लगातार प्रताड़ित किया जाने लगा। पति विवेक कुमार शर्मा, राममूरत, मुकेश, ननद पूजा, सास फूलमती, जेठानी प्रीती और उषा आदि लोग उसे शारीरिक, मानसिक रूप से प्रताड़ित करते व मायके पक्ष पर भी दहेज का दबाव बनाते थे। 15 अप्रैल को उसकी फोटो एडिट कर एक अन्य युवक के साथ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर वायरल किया गया। इसके बाद 18 अप्रैल को दोपहर आरोपियों ने पीड़िता को घर में बंधक बना लिया, उसका मुंह बंद कर मारपीट की और हाथ-पैर बांधकर साड़ी के सहारे फांसी पर लटकाने का प्रयास किया गया। किसी तरह अपनी जान बचाकर वहां से निकली महिला ने पुलिस को तहरीर दी।

शादी समारोह से मोटरसाइकिल चोरी

बाराबंकी, अमृत विचार : कोतवाली नगर थाना क्षेत्र में एक शादी समारोह के दौरान मोटरसाइकिल चोरी कर ली गईं। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। जानकारी के अनुसार मोहम्मद लईक निवासी हैदरगढ़ रोड दशहरा बाग ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि उनके भाई मोहम्मद सईद 25 मार्च को पैसार स्थित एक लॉन में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने गए थे। उन्होंने अपनी सुपर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल रात विशाल मेगा मार्ट के पास लॉन की पार्किंग में खड़ा किया था। करीब एक घंटे बाद जब वे वापस लौटे, तो मोटरसाइकिल वहां से गायब मिली। काफी देर तक आसपास तलाश करने के बावजूद वाहन का कोई पता नहीं चल सका। पीड़ित को आशंका है कि अज्ञात चोरों द्वारा मोटरसाइकिल चोरी कर ली गई है।

मामूली विवाद में लाठी-डंडों से की पिटाई

बाराबंकी, अमृत विचार : मारपीट और धमकी की दो अलग-अलग घटनाओं में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पहला मामला थाना देवा क्षेत्र के ग्राम मुजफ्फरमऊ का है, जहां हरिश्चन्द्र पुत्र रामगोपाल ने ग्राम प्रधान नीलम, उनके पति लालाराम और उनके पुत्र शैलेश उर्फ छोटू के खिलाफ मारपीट और तोड़फोड़ का आरोप लगाया है। पीड़ित के अनुसार, वह अपने घर के पास चढ़ने-उतरने के लिए मिट्टी डालकर ओटा बना रहा था, तभी आरोपियों ने उसे रोकना चाहा, विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों से मारपीट की। बीच-बचाव करने आई उसकी पत्नी को भी धक्का दिया गया। आरोप है कि हमलावर घर में घुसकर मारपीट करते हुए ओटा भी तोड़ गए। दूसरी घटना थाना रामनगर क्षेत्र के ग्राम रामपुर तेलियानी की है। यहां रहने वाले राजेश कुमार पुत्र बाबूलाल के अनुसार 16 अप्रैल की रात वह अपने दरवाजे पर पशुओं को चारा खिला रहा था। तभी आरोपी लाठी लेकर आया और गाली देते हुए हमला कर दिया। इस हमले में पीड़ित को गंभीर चोटें आईं।

होमगार्ड परीक्षा को लेकर समीक्षा गोष्ठी

समीक्षा गोष्ठी में मौजूद पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

बाराबंकी, अमृत विचार : अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी द्वारा आगामी पुलिस होमगार्ड इनरोलमेंट परीक्षा-2025 को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराये जाने के दृष्टिगत गोष्ठी कर निर्देश दिए गए। गोष्ठी में एएसपी रितेश सिंह ने परीक्षा को पूर्णत: निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु उपस्थित अधिकारी, कर्मचारियों को निर्देशित किया एवं चेकिंग और फ्रिस्किंग ड्यूटी में तैनात पुलिस बल को सतर्क रहने तथा जारी गाइडलाइन्स का अक्षरश: अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी नगर संगम कुमार, क्षेत्राधिकारी यातायात आलोक कुमार पाठक, क्षेत्राधिकारी विजय शंकर यादव आदि उपस्थित रहे।

ग्राम समाज की जमीन से काट ली फसल

हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार : तहसील में लाही क्षेत्र के इंचार्ज लेखपाल कृष्ण मुरारी ने चोरी से गेहूं काटने का मामला दर्ज कराया गया है। दी गई तहरीर में कहा गया है कि ग्राम लाही के मजरे आलम सिंह पुरवा स्थित भूमि ग्राम समाज के खाते में दर्ज है। इन गाटाओं पर बुद्धूलाल पुत्र शत्रोहन, श्यामलाल पुत्र दहपेल व राजरानी पुत्री द्वारिका पत्नी पुनवासी द्वारा गत 17 अप्रैल की शाम समय लगभग 7 बजे के करीब कटेसर द्वारा चोरी से गेंहू काट लिया गया है। बताया कि इसके पहले भी कई बार मना किया गया तथा ग्राम प्रधान की उपस्थिति में सुपुर्दगी भी की गयी थी। इसके बावजूद भी चोरी से फसल काट ली गई।

भीषण गर्मी में जल पिलाना सबसे बड़ा धर्म

फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार : धर्मजागरण बाराबंकी धाम के संयोजक अधिवक्ता अमित अवस्थी द्वारा जनपद में लगातार चौथे वर्ष रेलवे स्टेशनों पर मिष्ठान सहित जल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस क्रम में रविवार को फतेहपुर रेलवे स्टेशन पर भाजपा नेता जयशंकर जोशी ने धर्मसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि भीषण गर्मी में लोगों को यदि जल भी दिया जाए तो वह उनके कल्याण के लिए है और धर्मसेवकों द्वारा मिष्ठान वितरण होना सोने पर सुहागा समान है। इस दौरान गोंडा से सीतापुर और सीतापुर से गोंडा चलने वाली पैसेंजर रेलवे में जल वितरण करने वालों में गुलशन यादव, मनोज कुमार, देवेंद्र सिंह, प्रतियोग रावत, संगीत पाठक, जैसीराम आर्य, राम आधार कनौजिया, अर्जुन वर्मा, सालिकराम वर्मा आदि धर्मसेवक बंधु उपस्थित रहे। फतेहपुर रेलवे स्टेशन प्रभारी विष्णु कुमार मौर्य ने सभी का आभार व्यक्त किया।

स्कूलों व आबादी के बीच खुलीं शराब की दुकानें

रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार : क्षेत्र में हाईवे, विद्यालयों और आबादी के बीच संचालित शराब की दुकानों को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी है। आरोप है कि नियमों के विपरीत दुकानों का संचालन हो रहा है, जबकि प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा। बुढ़वल चौराहे के पास स्थित दुकानों के आसपास स्कूल व बस स्टॉप होने से विद्यार्थियों को दिक्कत होती है। वहीं सड़क किनारे शराब पीने और वाहनों के खड़े होने से जाम व दुर्घटना का खतरा भी बना रहता है। इसी तरह अन्य स्थानों पर भी विद्यालयों के पास दुकानों को लेकर लोगों ने आपत्ति जताई है। स्थानीय लोगों ने मामले की जांच कर कार्रवाई और दुकानों को नियमानुसार स्थानांतरित करने की मांग की है।

न्यूज ब्रीफ

मेगा ब्लॉक में रेलवे पुल पर डाले गए 50 एचबीम स्लीपर

शुक्लागंज, उन्नाव, अमृत विचार : रेलवे पुल की डाउन लाइन पर चल रहे मरम्मत कार्य को रविवार को तेज गति से आगे बढ़ाया गया। अधिकारियों की निगरानी में सुबह से शाम तक चले आठ घंटे के मेगा ब्लॉक के दौरान 50 एचबीम स्लीपर डाले गए। 2 अप्रैल से चल रहे इस अभियान के तहत जर्जर ट्रफ और पुराने स्लीपर हटाकर नए एचबीम स्लीपर लगाए जा रहे हैं। रविवार को करीब 200 रेल कर्मियों ने मिलकर कार्य को अंजाम दिया। सुबह 9 :45 बजे से शाम 5 :45 बजे तक चले ब्लॉक के दौरान स्लीपर बिछाने के साथ डाउन ट्रैक पर पड़ी गिट्टियों को भी हटाया गया। रेलवे अधिकारियों के अनुसार कार्य तेजी से कराया जा रहा है, ताकि निर्धारित समय सीमा में मरम्मत कार्य पूरा किया जा सके।

वार्ड 19 में एंटी लार्वा का हुआ छिड़काव

शुक्लागंज, उन्नाव, अमृत विचार : संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के तहत रविवार को नगर पालिका की टीम ने वार्ड 19 गोताखोर में विशेष सफाई अभियान चलाया। पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे और ईओ मुकेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर सफाई कर्मी क्षेत्र में पहुंचे और व्यापक सफाई कार्य किया। कर्मियों ने वार्ड की गलियों में झाड़ू लगाकर नालियों की सफाई की तथा एंटी लार्वा और चूने का छिड़काव कराया। नाला-नालियों से सिल्ट हटाकर जलभराव की समस्या को दूर करने का प्रयास किया गया। इसके साथ ही शाम के समय मच्छरों से बचाव के लिए मोहल्ले की गलियों में फॉगिंग भी कराई गई।

परशुराम जन्मोत्सव पर जिले में रही धार्मिक कार्यक्रमों की धूम

मंदिरों में उमड़ी भीड़, जगह-जगह हुआ कन्या पूजन और लगे भंडारे

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार: रविवार को जिले भर में भगवान परशुराम जयंती के उपलक्ष्य में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक मंदिरों और सार्वजनिक स्थलों पर सुबह से ही पूजा-अर्चना का सिलसिला शुरू हो गया। इस अवसर पर जगह-जगह कन्या पूजन का आयोजन कर श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा की और कन्याओं को भोजन कराकर उनका आशीर्वाद लिया। कई स्थानों पर भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। साथ ही भीषण गर्मी को देखते हुए श्रद्धालुओं द्वारा शरबत और ठंडे पानी का वितरण भी किया गया, जिससे राहगीरों को काफी राहत मिली। धार्मिक अनुष्ठानों के साथ ही शाम के समय भजन संध्या का आयोजन हुआ, जहां भक्ति गीतों और भजनों से माहौल भक्तिमय हो गया। आयोजकों ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रमों का उद्देश्य समाज में धार्मिक आस्था और एकता को बढ़ावा देना है। पूरे दिन चले इन आयोजनों से जिले का वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा।

राष्ट्रीय सवर्ण एकता मंच ने मनाया भगवान परशुराम का जन्मोत्सव

राष्ट्रीय सवर्ण एकता मंच द्वारा कल्याणी देवी मंदिर के पास डॉ. मनोज श्रीवास्तव के आवास पर भगवान परशुराम जयंती का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में संगठन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए और उनके जयघोष से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। संस्था के मुख्य संरक्षक डॉ. मनोज श्रीवास्तव ने कहा कि भगवान परशुराम शक्ति, पराक्रम, धर्म रक्षा एवं न्याय के साक्षात प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि आज के पावन अवसर पर हम सभी उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लेते हैं। कार्यक्रम में उमानिवास वाजपेई, सुशील शुक्ला, डॉ. विनय शंकर दीक्षित, पवन निगम, प्रेम सिंह सेंगर, प्रभात सिन्हा, योगेंद्र प्रताप सिंह, अखिलेश ओमर, डॉ. आरके श्रीवास्तव, मधुसूदन शुक्ला, सोमनाथ तिवारी, राकेश तिवारी, राहुल राम द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

भाजपा जिलाध्यक्ष और विधायक को प्रतीक चिन्ह देते आयोजक। ● अमृत विचार

परशुराम मंदिर में 101 कन्याओं का पूजन व भजन संध्या आयोजित

शुक्लागंज में भगवान परशुराम सेवा समिति के तत्वावधान में रविवार को जगदंबा पार्क स्थित भगवान परशुराम मंदिर में दिनभर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सुबह मंदिर में विधि-विधान के साथ भगवान परशुराम का जलाभिषेक किया गया, जिसके बाद हवन-पूजन संपन्न हुआ।

इसके उपरांत 101 कन्याओं का पूजन एवं कन्या भोज कराया गया। श्रद्धालुओं ने बड़ी श्रद्धा के साथ कन्याओं को भोजन कराया और आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं को प्रसाद भी वितरित किया गया। दोपहर से शाम तक मंदिर परिसर में भक्तों की आवाजाही बनी रही। शाम को आयोजित भजन संध्या में भजन गायकों ने अपनी प्रस्तुति से माहौल को भक्तिमय बना दिया। भक्तगण भजनों पर झूमते नजर आए और देर शाम तक कार्यक्रम चलता रहा। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी, सदर विधायक पंकज गुप्ता, भगवंतनगर विधाय आशुतोष शुक्ला, अमितेश नंदू, अरविंद त्रिपाठी गुड्डू, गणेश मिश्रा, विपिन मिश्रा, प्रभानशंकर को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर विजय तिवारी, संजय तिवारी, गणेश शंकर मिश्रा, राजेश तिवारी, पप्पू, विजय तिवारी, राजू पांडे व मुन्ना अवस्थी आदि मौजूद रहे।

पूरन नगर में भगवान परशुराम के भव्य मंदिर की हुई स्थापना

● सदर विधायक ने किया मूर्ति का अनावरण और सभाकक्ष का लोकार्पण

उन्नाव : अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर सदर विधायक पंकज गुप्ता के संयोजन एवं अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के प्रस्ताव पर शहर के पूरन नगर मोहल्ले के समीप नवनिर्मित भगवान परशुराम मंदिर में मूर्ति स्थापना और प्राण-प्रतिष्ठा का कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में आचार्यों द्वारा उच्चारित वैदिक मंत्रों के बीच भगवान परशुराम की प्रतिमा स्थापित की गई। इस अवसर पर हवन, पूजन और आरती का आयोजन हुआ, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने आहुति दी। इसी कड़ी में सदर विधायक ने मंदिर परिसर में निर्मित आधुनिक सभाकक्ष का लोकार्पण भी किया। सभा को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष अशोक बाजपेई वेदान्ती ने कहा कि क्षेत्रवासियों की यह मांग लंबे समय से लंबित थी, जिसे सदर विधायक ने अपने सहज और सरल स्वभाव के अनुरूप पूर्ण किया है। ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष धर्मेश दीक्षित, ज्ञानेश द्विवेदी और दद्दू ने भी इस कार्य की सराहना करते हुए इसे जनपद के लिए एक पावन धाम की प्राप्ति बताया। सदर विधायक पंकज गुप्ता ने कहा, मेरी विधानसभा मेरा परिवार है और परिवार की आकांक्षाओं को पूरा करना मेरा परम कर्तव्य है। उन्होंने अयोध्या धाम की यात्रा और अपने सामाजिक कार्यों का उल्लेख करते हुए इस पुनीत कार्य का सहभागी बनने के लिए जनता के आशीर्वाद को श्रेय दिया। विधायक व उनके पुत्र प्रखर गुप्ता ने प्रबुद्ध जनों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। ब्राह्मण महासभा द्वारा विधायक को शंख भेंट किया गया। युवा साथियों और व्यापार मंडल की ओर से फरसा तथा पुरोहितों द्वारा घंटा भेंट कर विधायक का अभिनंदन किया गया। जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी ने भगवान परशुराम के जीवनवृत्त पर प्रकाश डाला। इस आयोजन में पूर्व जिलाध्यक्ष आनंद अवस्थी, विमल द्विवेदी, महिला मोर्चा अध्यक्ष साधना दीक्षित, सभासद सुशील तिवारी गुड्डा, अधिवक्ता सुशील शुक्ला, अजयेंद्र अवस्थी प्रियंका शुक्ला, मंजू अवस्थी, रश्मि शुक्ला, श्रद्धा बाजपेई, ममता द्विवेदी अमित मिश्रा, बउवा अवस्थी, गोपाल अवस्थी प्रदीप सिंह, पवन सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

भवगवान परशुराम की आरती करते सदर विधायक।

अक्षय तृतीया पर महंगाई के बावजूद सोना-चांदी की जमकर हुई खरीदारी

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव) : अक्षय तृतीया के अवसर पर नगर के सर्राफा बाजार में महंगाई के बावजूद खरीदारी का उत्साह देखने को मिला। सुबह से ही विभिन्न ज्वैलरी दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ उमड़ पड़ी और लोगों ने सोना-चांदी के आभूषणों की जमकर खरीदारी की। मान्यता है कि इस दिन सोना खरीदने से घर में सुख-समृद्धि आती है, इसी कारण लोग इस दिन खरीदारी को शुभ मानते हैं। अक्षय तृतीया का अर्थ है जिसका कभी क्षय न हो, इसलिए इस दिन स्वर्ण आभूषण खरीदना विशेष फलदायी माना जाता है। सुबह और शाम के समय दुकानों पर ग्राहकों की अच्छी खासी भीड़ रही, जबकि दोपहर में तेज धूप के चलते बाजार में कुछ समय के लिए सन्नाटा छा गया। शाम करीब छह बजे के बाद फिर से ग्राहकों का आना शुरू हुआ और देर रात तक खरीदारी का सिलसिला जारी रहा। कीर्ति ज्वैलर्स के राजेश बाजपेई, रॉयल ज्वैलर्स के अंकित सोनी, पुरुषोत्तम ज्वैलर्स के मयंक शुक्ला, राजवती ज्वैलर्स के आशीष बाजपेई और राजू ज्वैलर्स के मुन्ना रावत ने बताया कि इस बार भी लोगों ने सोना-चांदी के साथ ही डायमंड ज्वैलरी की भी अच्छी खरीदारी की। बाजार में पूरे दिन रौनक बनी रही।

स्कूल के समय में बदलाव की मांग, शिक्षक संघ ने विधायक को सौंपा पत्र

उन्नाव, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश जूनियर हाई स्कूल पू. मा. शिक्षक संघ ने सदर विधायक पंकज गुप्ता को एक पत्र देकर परिषदीय विद्यालयों के समय में परिवर्तन कराने का अनुरोध किया है। पत्र में कहा गया है कि जनपद में पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार जा रहा है। इतनी भीषण तपिश में छोटे बच्चों के लिए दोपहर तक स्कूल में रुकना और घर वापस जाना कष्टकारी हो रहा है। उत्तर प्रदेश जूनियर हाईस्कूल पू.मा. शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष कृष्ण शंकर मिश्रा कहा कि दोपहर की चिलचिलाती धूप के कारण बच्चों के बीमार होने और हीटवेव की चपेट में आने का खतरा बना हुआ है। इससे अभिभावक और शिक्षक समुदाय दोनों ही चिंतित हैं। शिक्षक संघ ने मांग की है कि छात्रहित और जनहित को प्राथमिकता देते हुए बेसिक विद्यालयों का समय सुबह 7 :30 बजे से दोपहर 12 :30 बजे तक किया जाए। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष दिलीप अवस्थी व प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय कनौजिया मौजूद रहे।

विधायक को पत्र सौंपते शिक्षक संघ के पदाधिकारी।

स्थापना दिवस पर हनुमान मंदिर में भव्य आयोजन

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव) अमृत विचार : आजाद नगर स्थित ठाकुर खेड़ा हनुमान मंदिर के 19वें स्थापना दिवस के अवसर पर रविवार को धार्मिक कार्यक्रमों की धूम रही। इस मौके पर मंदिर में विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की गई और भगवान हनुमान का भव्य श्रृंगार कराया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं ने सुंदरकांड पाठ में भाग लिया, जहां भजन गायकों ने चौपाइयों के माध्यम से भक्तिमय वातावरण बना दिया। कार्यक्रम के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जो दोपहर से लेकर शाम तक लगातार चलता रहा। भंडारे में श्रद्धालुओं और राहगीरों को सब्जी-पूड़ी और बूंदी का प्रसाद वितरित किया गया। बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों के साथ आसपास के क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर आयोजन की सराहना की। इस मौके पर विधायक पंकज गुप्ता, सुरेश शुक्ला, अमरेन्द्र गुप्ता, संजू गुप्ता, रंजीत गुप्ता, प्रत्यय गुप्ता, धीरज सिंह, नैतिक गुप्ता, बउवा, श्रेयांश, आर्यन, जीतेन्द्र अवस्थी, अजयमणि पांडेय, विनोद त्रिपाठी के अलावा तमाम लोग मौजूद रहे।

सुंदरकांड का पाठ करते सदर विधायक पंकज गुप्ता।

किसानों को ट्रांस गंगा सिटी में मिलेंगे निःशुल्क प्लॉट: अजय अनमोल

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव) अमृत विचार : रविवार को नयाखेड़ा गांव स्थित किसान कार्यालय में किसानों की निशुल्क प्लॉट आवंटन निगरानी समिति की साप्ताहिक बैठक आयोजित हुई। इसमें किसान आंदोलन के प्रदेश संयोजक अजय अनमोल ने बताया कि ट्रांस गंगा सिटी के 11 सेक्टरों में किसानों को निशुल्क प्लॉट दिए जाएंगे। इन प्लॉटों का लैंडयूज मिश्रित होगा, जिससे उनकी कीमत ई-नीलामी में बिकने वाले आवासीय प्लॉटों से करीब डेढ़ गुना अधिक होगी। किसान इन प्लॉटों का उपयोग व्यावसायिक रूप में भी कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि जहां सिटी में 24 हजार रुपये प्रति वर्ग मीटर से अधिक दर पर आवासीय प्लॉट नीलाम हो रहे हैं, वहीं किसानों को निरूशुल्क प्लॉट देने का प्रावधान पहले ही सुनिश्चित किया जा चुका है। यह देश में पहली बार होगा कि किसानों की जमीन पर बनने वाली सिटी में किसान भी मालिक होंगे। इससे उनके जीवन स्तर में बड़ा सुधार आएगा। उन्होंने बताया कि प्लॉट आवंटन प्रक्रिया शीघ्र शुरू कराने के लिए राज्यपाल, यूपीसीडा के वरिष्ठ अधिकारियों व जिला प्रशासन से वार्ता की गई है। बैठक में प्रदीप निषाद, सुभाष राजपूत, लल्लन शर्मा, राजीव वर्मा, करन त्रिवेदी, कल्याण सिंह, दीपचंद राजपूत, दिनेश राजपूत, अनुज गौतम, अखिलेश राजपूत, रोशन लाल राजपूत, राम शंकर राजपूत, कालिका प्रसाद राजपूत, मौजूद रहे।

किसानों को संबोधित करते अजय अनमोल।

कमेरा स्वाभिमान महासंघ की जिला कार्यसमिति गठित

कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार : रविवार को पी.डी. नगर में जय कृष्णा सिंह की अध्यक्षता में कमेरा स्वाभिमान महासंघ के प्रतिनिधियों की विचार-विमर्श गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष एसपी वर्मा, राष्ट्रीय महासचिव अवधेश कटियार एवं प्रदेश महासचिव प्रेम शंकर चौधरी सहित कई पदाधिकारी शामिल हुए। गोष्ठी के दौरान महासंघ की जनपदीय कार्यसमिति का गठन किया गया तथा नवगठित पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण कराकर जिम्मेदारियां सौंपी गईं। इसमें रामबाबू सिंह को जिला अध्यक्ष, बृजेश कुमार वर्मा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अनिल कुमार पटेल को उपाध्यक्ष, राजेश कुमार पटेल को महासचिव, बनवारी लाल वर्मा को वित्त सचिव, हरिशंकर पटेल को संगठन सचिव, धनीराम वर्मा को प्रचार सचिव तथा आलोक कुमार पटेल को लेखा निरीक्षक बनाया गया। कार्यक्रम का संचालन गजेंद्र सिंह ने किया। इस अवसर पर डॉ. ब्रह्मा सिंह, जय कृष्ण वर्मा, श्रवण कुमार पटेल, अनुराग सिंह, दिनेश वर्मा सहित करीब 50 लोगों ने भाग लेकर अपने विचार साझा किए।

नवगठित कार्य समिति को शपथ दिलाते पदाधिकारी।

माध्यमिक विद्यालयों में राष्ट्रीय योग ओलम्पियाड का कार्यक्रम घोषित

कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार : कक्षा 9 व 10 में अध्ययनरत 14 वर्ष से अधिक और 17 वर्ष से कम आयु वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए मंडल स्तरीय योग ओलम्पियाड प्रतियोगिता का आयोजन 25 अप्रैल को किया जाएगा। इसमें लखनऊ मंडल के सभी जिलों के प्रतिभागी हिस्सा ले सकेंगे। डीआईओएस ने संयुक्त शिक्षा निदेशक लखनऊ मंडल प्रदीप कुमार सिंह एवं विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार के निर्देशों के क्रम में जानकारी दी कि विद्यालय स्तर पर योग ओलम्पियाड का आयोजन 21 अप्रैल तक तथा जनपद स्तर पर 23 अप्रैल तक संपन्न कराया जाएगा। प्रत्येक जनपद से दो छात्र और दो छात्राओं का चयन कर उनका परिणाम उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने जनपद के राजकीय व सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों से अपील की है कि निर्देशों का कड़ाई से पालन करते हुए अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं की सहभागिता सुनिश्चित कराएं, ताकि मंडल स्तर की प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन हो सके। इस संबंध में विस्तृत जानकारी जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के ऋषभ कुमार द्वारा उपलब्ध कराई गई है।

67 शिविरों में 4300 से अधिक लोगों की हो चुकी टीबी की जांच

कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार : जिले में 24 मार्च से चल रहे 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा क्षय रोग उन्मूलन के लिए अभियान चलाया जा रहा है। भारत सरकार से मिले दिशा-निर्देशों के अनुसार विशेष रूप से उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों पर फोकस किया जा रहा है। अभियान के तहत आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर विशेष टीबी स्क्रीनिंग शिविर आयोजित किए जा रहे है। जहां हाईरिस्क ग्रुप के लोगों की पहचान कर उनकी छाती का एक्स-रे और अन्य आवश्यक जांचें कराई जा रही हैं। ताकि संभावित मरीजों का समय रहते पता लगाया जा सके। स्वास्थ्य विभाग को भारत सरकार से जनपद के 455 उच्च जोखिम ग्रामों की सूची प्राप्त हुई है। इन गांवों में नियमित शिविर लगाकर लक्षित आबादी की स्क्रीनिंग की जा रही है और चिन्हित मरीजों को तुरंत नि:शुल्क उपचार से जोड़ा जा रहा है। सीएमओ डॉ. सत्यप्रकाश ने बताया कि अब तक जिले में कुल 67 शिविर आयोजित किए जा चुके है। जिनमें 2203 पुरुष और 2127 महिलाएं शामिल हुई। 20 अप्रैल को हसनगंज ब्लॉक के हाजीपुर त्रेहा, फतेहपुर चौरासी के माथर व जसरा मारुफपुर तथा सफीपुर के पिंखी गांव में स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर शिविर लगाए जाएंगे। सीएमओ ने बताया कि अभियान में जागरूकता पर भी जोर दिया जा रहा है। इससे अधिक से अधिक लोग जांच के लिए आगे आएं। सीएमओ ने आमजन से भी अपील की है कि वे नजदीकी शिविर में पहुंचकर जांच कराएं। उन्होंने कहा कि टीबी पूरी तरह नि:शुल्क और इलाज योग्य बीमारी है।

दबंगों ने पीआरडी जवान को पीटा

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)

● मारपीट में घायल हुए व्यक्ति को मेडिकल को ले जाते समय बोला हमला

अमृत विचार: गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के पश्चिमी चौकी अंतर्गत मरहला चौराहे के पास रविवार सुबह ठेला लगाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया, जो बाद में मारपीट में बदल गया। घटना के दौरान बीच-बचाव कर रहे पीआरडी जवान पर भी हमला कर दिया गया, जिससे वह घायल हो गया।

आजाद नगर निवासी रामकेश रोज की तरह मरहला चौराहे के पास पानी के बताशे का ठेला लगाने पहुंचा था। इसी दौरान संभरखेड़ा निवासी सचिन, अजय, शिवा और नवरंग से ठेला लगाने को लेकर कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर चारों ने मिलकर रामकेश के साथ मारपीट कर दी, जिससे उसे चोटें आईं। इसके बाद वह गंगाघाट कोतवाली पहुंचा और पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने घायल रामकेश को मेडिकल के लिए भेजा। पीआरडी जवान धर्मेंद्र श्रीवास्तव उसे ई-रिक्शा से अस्पताल ले जा रहे थे। आरोप है कि रास्ते में मरहला चौराहे के पास हमलावरों ने ई-रिक्शा रोक लिया और दोबारा हमला कर दिया। बीच-बचाव करने पर पीआरडी जवान के साथ भी हाथापाई की गई। इस दौरान हमलावरों ने कंछुल से रामकेश के सिर पर वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसकी पत्नी के साथ भी मारपीट की गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में ले लिया और घायलों को जिला अस्पताल भेजा। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

मारपीट में घायल रामकेश। ● अमृत विचार

दंपतियों को विवाद भुला साथ रहना कबूल

कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार : वामा सारथी की जिला अध्यक्षा नीतू सिंह की उपस्थिति में पुलिस लाइन एवं जिले के विभिन्न थानों में स्थापित महिला हेल्प डेस्क पर पति-पत्नी के विवादित जोड़ों को बुलाकर काउंसलिंग की गई। परिवार परामर्शदाताओं और महिला हेल्पडेस्क की टीम ने आपसी मतभेदों को सुलझाते हुए कई परिवारों को टूटने से बचाया। इस दौरान परिवार परामर्श केन्द्र से चार, बांगरमऊ और सोहरामऊ से दो-दो, जबकि कोतवाली सदर, आसीवन, पुरवा, हसनगंज, फतेहपुर चौरासी व सफीपुर से एक-एक जोड़े को आपसी सहमति से विवाद समाप्त कर साथ रहने के वादे के साथ विदा किया गया। कार्यक्रम में प्रभारी परिवार परामर्श समिति डॉ. आशीष श्रीवास्तव सहित सलाहकारों में सबिहा उमर, संजय चौरसिया, डॉ. मनीष सिंह सेंगर, डॉ. अबसार अली एवं डॉ. सगीर अहमद मौजूद रहे।

सोमनाथ स्वाभिमान पर्व को दल रवाना

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार: "सोमनाथ स्वाभिमान पर्व" में प्रतिभाग करने के लिए जनपद से तीर्थयात्रियों का एक दल रविवार सुबह शास्त्री पार्क से गुजरात स्थित सोमनाथ के लिए रवाना हुआ। प्रातः करीब 8 बजे सदर विधायक पंकज गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा का शुभारंभ किया। दल का नेतृत्व डॉ. विपिन सिंह कर रहे हैं।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु व स्थानीय नागरिक मौजूद रहे, जिन्होंने भजन-कीर्तन के साथ यात्रियों को उत्साहपूर्वक विदा किया। कार्यक्रम के दौरान भक्ति संगीत की मधुर प्रस्तुतियों ने वातावरण को पूरी तरह आध्यात्मिक बना दिया। कीर्तन मंडली में नैना, सोनम रावत, सृष्टि, अभिषेक और सार्थक ने अपनी प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। "हर-हर महादेव" के जयकारों से पूरा परिसर गूंज उठा। सदर विधायक पंकज गुप्ता ने कहा कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व हमारे धार्मिक और सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक है। "नर सेवा नारायण सेवा" के संस्थापक विमल द्विवेदी ने भी तीर्थयात्रा को आध्यात्मिक उन्नयन का महत्वपूर्ण माध्यम बताया। यात्रा दल में आशीष निगम, मनीष दीक्षित, रविरंजन, नैना, विशाल, लता निगम, अनिल दीक्षित, अवधेश कुमार यादव, रामनारायण और डॉ. निशा सिंह सहित अन्य श्रद्धालु शामिल हैं।

दल को रवाना करते सदर विधायक पंकज गुप्ता व विमल द्विवेदी। ● अमृत विचार

प्रेम की एक चादर बुनी जाएगी...

● अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद साहित्य सेवा संस्थान के तत्वावधान में कवि सम्मेलन का आयोजन

सफीपुर,उन्नाव

अमृत विचार: न्यामतपुर गांव स्थित हनुमान मंदिर परिसर में अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद साहित्य सेवा संस्थान के तत्वावधान में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न जनपदों से आए कवियों ने अपनी ओजपूर्ण और रसमय प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व हिंदी प्रवक्ता पंडित दिवाकर द्विवेदी ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ कानपुर से आईं कवयित्री अंकिता शुक्ला ने मां शारदे की वंदना से किया। इसके पश्चात बाराबंकी के कवि संजय सांवरा ने प्रेम की एक चादर बुनी जाएगी, आप संग बैठकर बात दिल देश की, कुछ कही जाएगी, कुछ सुनी जाएगी से प्रेम और सद्भाव का संदेश दिया। संस्थान के संस्थापक व युवा कवि डॉ. प्रमोद कुशवाहा ने शहीद चंद्रशेखर आजाद के बलिदान को याद करते हुए पढ़ा जीते जी फिरंगी कोई कभी जिसे छू न सका, वीर चंद्रशेखर ही एक ऐसा मर्द था, तो पूरा परिसर तालियों की गूंज और देशभक्ति के नारों से भर उठा। आयोजक डॉ. प्रमोद कुशवाहा ने कार्यक्रम में आए सभी कलमकारों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया।

कवि सम्मेलन में कविता पाठ करते कवि।

आयोजन

गायत्री शक्तिपीठ में आयोजित कार्यक्रम में लोकमंगल और विश्व शांति की कामना की गई

11 बटुकों ने लिया दहेज प्रथा व नशा सेवन के खिलाफ संकल्प

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार: शहर के कॉलेज रोड स्थित गायत्री शक्तिपीठ में आयोजित कार्यक्रम में बटुकों ने दहेज प्रथा व नशा सेवन के खिलाफ संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ महिला मंडल प्रमुख मालती सिंह व मीरा सिंह ने लोकमंगल और विश्व शांति की कामना के साथ किया।

इस दौरान साधकों ने गायत्री मंत्र का जप करते हुए दो कुंडीय यज्ञ में आहुतियां अर्पित कीं और यज्ञ भगवान से आशीर्वाद प्राप्त किया। शांतिकुंज हरिद्वार से दीक्षित पं. चंद्रकिशोर द्विवेदी व अशोक कुमार दीक्षित ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच बटुकों को यज्ञोपवीत धारण कराया। बटुकों में रवि प्रकाश शर्मा, सौरभ दीक्षित, आयुष तिवारी, आशुतोष तिवारी, निखिल तिवारी, अमित बाजपेई, राघव मिश्रा, अमरीष दीक्षित, रितेश शुक्ला, अनूप श्रीवास्तव व सौरभ मिश्रा सहित अन्य शामिल रहे। सभी ने दहेज प्रथा का विरोध करने और नशा मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया। व्यवस्थापक सिद्धनाथ श्रीवास्तव ने कहा कि दहेज प्रथा के कारण बेटियों को प्रताड़ना झेलनी पड़ती है, जबकि नशा सेवन से परिवार बर्बाद हो रहे हैं। उन्होंने समाज से इन कुरीतियों के खिलाफ जागरूक होने की अपील की। इस दौरान अजय शुक्ला, सरिता शुक्ला, कृष्ण, शैलेन्द्र, शकुंतला, जगदेव प्रसाद शर्मा, रामरती, दीपाली, बिट्टी, सुधा द्विवेदी, माया गुप्ता, शिव कान्ति, प्रेमलता, संतोषी, अशोक राय, सुशील, अंशिका, रानी त्रिपाठी, रंजना सिंह, अनीता बाजपेई, रिचा सिंह, साधना सिंह आदि मौजूद रहे।

गायत्री मंत्र का जप करते साधक। ● अमृत विचार

अक्षय तृतीया पर 30 बालकों का हुआ यज्ञोपवीत

शुक्लागंज, उन्नाव : अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर रविवार को बालूघाट स्थित गायत्री शक्तिपीठ में विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान 30 बालकों का यज्ञोपवीत संस्कार वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में भगवान परशुराम, मां गायत्री, गुरुदेव एवं गुरुमाता की पूजा-अर्चना की गई। संस्कार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए बालकों ने भाग लिया। पूरे परिसर में धार्मिक वातावरण बना रहा और श्रद्धालु भक्ति में लीन नजर आए। कार्यक्रम के अंत में सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

बीएसए ने इंचार्ज शिक्षक से मांगा स्पष्टीकरण

कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार : विकास खंड सिकंदरपुर सरोसी के पूर्व माध्यमिक विद्यालय करोवन में बीएसए ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय परिसर में गंदगी पाई गई और आवारा पशु घूमते नजर आए। निपुण तालिका भी अपूर्ण मिली। इसके अलावा विद्यालय में इन्वर्टर व बैटरी भौतिक रूप से मौजूद नहीं पाए गए और इनके क्रय से संबंधित कोई अभिलेख भी प्रस्तुत नहीं किए गए। इससे स्पष्ट हुआ कि प्रभारी प्रधानाध्यापक द्वारा आवश्यक संसाधनों की खरीद नहीं की गई है। बीएसए ने इसे पदीय दायित्वों के प्रति लापरवाही बताते हुए उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद कर्मचारी वर्ग नियमावली 1973 व कर्मचारी आचरण नियमावली 1956 के विपरीत माना। उन्होंने खंड शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि मौके पर जांच कर कमियों का शीघ्र निराकरण कराते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

न्यूज ब्रीफ

मोहल्ला नई बस्ती में संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ की मौत

शाहाबाद, हरदोई। कोतवाली के मोहल्ला नई बस्ती निवासी एक अधेड़ की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस शव को पोस्टमार्टम भेजने की तैयारी कर रही है। शाहाबाद कोतवाली के नई बस्ती निवासी विजयपाल (40) पुत्र लालाराम शराब पीने का आदी था। परिजनों के अनुसार रविवार को अचानक उसकी तबीयत खराब हो गई तुरंत उसे समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल की सूचना पर जामा मस्जिद चौकी इंचार्ज अस्पताल पहुंचे और शव को पीएम भेजने की तैयारी कर रहे हैं।

दो बच्चों को छोड़कर मां फरार, अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज

शाहाबाद, हरदोई। कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी विवाहिता अपने दो मासूम बच्चों को सड़क पर छोड़कर प्रेमी के साथ फरार हो गई। पीड़ित पति की तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर विवाहिता की तलाश शुरू कर दी है। पीड़ित पति के अनुसार उसकी 25 वर्षीय पत्नी 17 अप्रैल को सुबह करीब 11 बजे घर से सात वर्षीय पुत्री और दो वर्ष के पुत्र को लेकर कहीं चली गई। उसकी पत्नी उसी शाम को अल्लाह पुर चुंगी के निकट दोनों मासूम बच्चों को सड़क पर छोड़कर फिर दोबारा कहीं चली गई। मोहल्ले के लोगों ने बच्चों की सूचना उसे दी। पत्नी एक बार पूर्व में भी इसी तरह लापता हो चुकी है। पीड़ित की लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर विवाहिता की तलाश शुरू कर दी है।

श्रद्धा व भक्ति के साथ मनाया गया भगवान परशुराम का जन्मोत्सव

अक्षय तृतीया के अवसर पर बाबा बोधेश्वर महादेव मंदिर में सुंदरकांड पाठ का आयोजन

संवाददाता बांगरमऊ, उन्नाव

अमृत विचार। अक्षय तृतीया के अवसर पर नगर के पश्चिम बाईपास मार्ग स्थित बाबा बोधेश्वर महादेव मंदिर परिसर में रविवार को भगवान परशुराम जन्मोत्सव श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। इस अवसर पर संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत मंदिर की प्रमुख सेविका ममता तिवारी द्वारा भगवान परशुराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गई। इसके बाद आचार्य सतीश द्विवेदी ने यजमान संजीव त्रिवेदी एडवोकेट व उनकी धर्मपत्नी के साथ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से पूजन कराया। समारोह में पूर्व मंत्री अरुण शंकर शुक्ल अन्ना महाराज व उनके पुत्र वरुण शंकर शुक्ला ने यज्ञ में आहुतियां अर्पित कर भगवान की आरती की। इस दौरान अशोक त्रिवेदी, अवधेश द्विवेदी, विनोद शुक्ला, करुणा शंकर तिवारी, ऋषि बाजपेई, श्यामजी दीक्षित, अरुण अवस्थी फलाहारी बाबा, प्रियंका अवस्थी, इशांत मिश्रा, सुधीर कुमार मिश्रा, संजय शुक्ला, हरिवंश तिवारी, सुरेश दीक्षित, श्रीप्रकाश शुक्ला, अभिषेक तिवारी, मनीष तिवारी, वीरेंद्र अवस्थी, ज्ञानेश द्विवेदी, सर्वेश अग्निहोत्री, रामस्वरूप, अवध नरेश शुक्ला, सक्षम शुक्ला, कुशल तिवारी, अजयकांत शुक्ला, अवधेश मिश्रा, सुधीर मिश्रा सद्धू, रोहित पांडे, अविनाश शर्मा मधुर मिश्रा सहित अन्य मौजूद रहे।



भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाते लोग। अमृत विचार

परशुराम जयंती पर निकाली गई शोभा यात्राः फतेहपुर चौरासीः भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर भक्तों द्वारा शोभायात्रा निकाल कर गांधीनगर में हनुमान गढ़ी पर भगवान परशुराम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गयी। शोभायात्रा में व्यापार मंडल अध्यक्ष अमित मिश्रा, पवन पांडेय, सभासद कुलदीप शुक्ला, शिवानुज पाण्डेय, अवधेश शुक्ला सहित काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे। वही, हफीजाबाद के बलखंडेश्वर के परशुराम मंदिर पर हवन-पूजन के साथ गोष्ठी सम्पन्न हुई। गोष्ठी में भिनकीपुर हनुमान मंदिर के प्रमुख संत रामस्वरूप ब्रह्मचारी, भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी, वरुण शंकर शुक्ला आदि ने भगवान परशुराम के महात्म्य पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में अतुल मिश्रा, राजीव दीक्षित, पुष्कर शुक्ला, अमित, सौरभ आदि मौजूद रहे।

औरास में भी धूमधाम से मना परशुराम जन्मोत्सव, भक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद

औरास, उन्नाव। कस्बे के अटल नगर स्थित प्राचीन मथुरेश्वर महादेव मंदिर में रविवार को भगवान परशुराम जयंती धूमधाम से मनाई गई। आर्यावर्त ब्राह्मण महासभा के पदाधिकारियों व श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर प्रसाद वितरित किया। आचार्य पं. हरीशंकर त्रिपाठी व अयोध्या प्रसाद त्रिपाठी ने मंत्रोच्चारण के साथ पूजन कराया। पूर्व मंडल अध्यक्ष बृजेश त्रिपाठी और ब्लॉक अध्यक्ष देश दीपक द्विवेदी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। राघवेन्द्र पांडे व सतीश त्रिपाठी ने भगवान परशुराम के जीवन और शौर्य पर प्रकाश डाला। इस मौके पर राजेश मिश्रा, शिवा पांडे, ज्ञानू अवस्थी, प्रदीप दीक्षित, धर्मेंद्र सिंह, कौशल द्विवेदी, रामसागर सिंह, अंकित नरेंद्र, नीरज शर्मा, दिवाकर, देवानंद सहित कई लोग मौजूद रहे।

सफीपुर में धूमधाम से मना परशुराम जन्मोत्सव

संवाददाता सफीपुर, उन्नाव

अमृत विचार। नगर में भगवान परशुराम जयंती धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर कस्बे के शंकरी देवी मंदिर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। भिनकीपुर हनुमान मंदिर के संस्थापक स्वामी रामस्वरूप ब्रह्मचारी के सानिध्य में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई तथा महाआरती कर लोक मंगल की कामना की गई। कार्यक्रम के दौरान मनु शुक्ला द्वारा प्रस्तुत संगीतमय सुंदरकांड पाठ ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालु भक्ति रस में डूबे नजर आए। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया, जिसे बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने ग्रहण किया। इस अवसर पर विधायक बंबालाल दिवाकर, चेयरमैन प्रतिनिधि सौरभ बाजपेई, पूर्व चेयरमैन अनुज दीक्षित, सभासद अभिनव शर्मा, ओम प्रकाश द्विवेदी, तनय अवस्थी, हिमांशु मिश्रा, सौरभ तिवारी व रत्नेश मिश्रा सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। इसके अलावा पूर्व प्रधान शिव प्रकाश द्विवेदी, अनिल तिवारी, दिनेश तिवारी, देवांग बाजपेई, सत्य प्रकाश द्विवेदी, पम्मू गौड़, जगदीश द्विवेदी, डॉ. संजय अग्निहोत्री, सुनील चौरसिया, नीरज सैनी, अमित कुशवाहा, देवकीनंदन सैनी, प्रिंस द्विवेदी, प्रतीक दीक्षित व राघव तिवारी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण करते विधायक व अन्य। अमृत विचार

करंट लगने से प्रधान प्रतिनिधि झुलसा

हरदोई, अमृत विचार। टूटा पड़ा मोटर का तार जोड़ रहा प्रधान प्रतिनिधि अचानक बिजली आ जाने से करंट की चपेट में आ गया, उसे सीएचसी से मेडिकल कालेज और मेडिकल कालेज से हायर सेंटर लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया है। बताया गया है कि माधौगंज थाने के न्यौली सरैंया निवासी प्रधान मुन्नी देवी का 42 वर्षीय पुत्र अभिजीत जोकि उनका प्रतिनिधि भी है, रविवार की सुबह घर में मोटर का टूटा तार जोड़ रहा था, उसी बीच बिजली आ गई, जिससे अभिजीत करंट की चपेट में आ गया, इसका पता होते ही उसे सीएचसी माधौगंज पहुंचा या गया जहां से उसे मेडिकल कालेज भेजा गया।

कूड़े के ढेर से उठ रही बदबू, जीना हुआ दूभर

सड़क किनारे लगा कूड़े का ढेर। अमृत विचार

बिलग्राम, हरदोई। नगर में सफाई व्यवस्था की हालत दिन-ब-दिन बदतर होती जा रही है। नगर के गुलाब बाड़ी चुंगी क्षेत्र में सड़क किनारे रखे कूड़ेदान पूरी तरह भर चुके हैं, जिसके कारण आसपास कूड़े का ढेर लग गया है। लंबे समय से कूड़ा न उठाए जाने के चलते वहां से उठने वाली तेज बदबू ने स्थानीय लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि कई दिनों से इस क्षेत्र में सफाई कर्मी नहीं पहुंचे हैं, जिससे समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। सड़क निर्माण के बाद यहां पुलिया का निर्माण कराया गया था, लेकिन उसके पास बना गड्ढा अब हादसों की वजह बन रहा है। आए दिन लोग यहां फिसलकर गिरते हैं या वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं। ऐसे खतरनाक स्थान के पास कूड़े का ढेर लगना स्थिति को और भी गंभीर बना रहा है। राहगीरों और आसपास के दुकानदारों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। नगरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द कूड़े का निस्तारण कराया जाए और पुलिया के पास बने गड्ढे को भी भरा जाए, ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे से बचाव हो सके और लोगों को राहत मिल सके।

करंट लगने से किशोर झुलसा

हरदोई, अमृत विचार। एक 13 वर्षीय किशोर अपने घर में मोबाइल चला रहा था, उसी बीच पंखे का तार टूट कर उसके ऊपर गिर पड़ा, जिससे वह झुलस गया, उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। बताया गया है कि रविवार की सुबह कोतवाली शहर के मोहल्ला नघेटा पूर्वी निवासी अमित का 13 वर्षीय पुत्र राज अपने घर में मोबाइल देख रहा था, उसी बीच छत वाले पंखे का तार टूट कर उसके ऊपर गिर पड़ा, करंट की चपेट में आने से वह झुलस गया, उसे इलाज के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है।

आग से जेवर व नकदी जलकर राख

पिहानी, हरदोई। कस्बा क्षेत्र के ग्राम पंडरवा किला में रविवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब अचानक लगी आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग ने गांव निवासी रिजवान पुत्र मसरूर अली व इसहाक पुत्र मसरूर अली के घरों को अपनी चपेट में ले लिया और देखते ही देखते दोनों परिवारों की पूरी गृहस्थी जलकर राख हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग इतनी तेज थी कि कुछ ही पलों में घर में रखा अनाज, कपड़े, फर्नीचर, जरूरी दस्तावेज, जेवर व नगदी सहित लाखों रुपये का सामान जलकर नष्ट हो गया। आग की ऊंची-ऊंची लपटें और उठता धुआं दूर से ही दिखाई दे रहा था, जिससे पूरे गांव में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए और अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। बाल्टी, पाइप व अन्य संसाधनों की मदद से घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। ग्रामीणों की तत्परता और एकजुटता से आग को अन्य घरों तक फैलने से रोक लिया गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। बताया जा रहा है कि आग लगने के दौरान परिवार के सदस्य किसी तरह सुरक्षित बाहर निकल आए, जिससे जनहानि नहीं हुई, लेकिन आर्थिक रूप से दोनों परिवारों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। घटना के बाद पीड़ित परिवारों का रो-रोकर बुरा हाल है और वे खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैं।

बाइक से गिरकर मां की गई जान, दो माह की दुधमुंही पर नहीं आई आंच

हरदोई, अमृत विचार। पति के साथ मायके जा रही उसकी पत्नी गोद में दो महीनें की दुधमुंही बेटी को लिए बाइक पर बैठी थी जबकि उसके बेटा आगे बैठा हुआ था, रास्तें में सड़क पर बंदरों के कूद पड़ने से बाइक बेकाबू हो गई और पीछे बैठी उसकी पत्नी बेटी के साथ उछल कर सड़क पर गिर पड़ी जिससे उसके सिर में गहरी चोंट पहुंची उसे मेडिकल कालेज पहुंचाया गया जहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई जबकि उसकी दुधमुंही बेटी के आंच तक नहीं आई। बताया गया है कि टड़ियावां कस्बा निवासी मनोज रविवार की शाम को अपनी 25 वर्षीय पत्नी रूबी को ले कर उसके मायके सीतापुर ज़िले के हेरमखेड़ा जा रहा था। रूबी बाइक पर पीछे दो महीनें की दुधमुंही बेटी को गोद में लिए बैठी थी जबकि बेटा संतोष आगे बैठा था। मनोज ने बताया कि वह गोपामऊ से पिसावां रोड पर जा रहा था, उसी बीच कुतुबनगर के पास पहुंचते ही सड़क पर बंदर कूद पड़े जिससे बाइक बहकी और पीछे बैठी रूबी सड़क पर गिर पड़ी जबकि दुधमुंही बेटी उछल कर अलग जा गिरी उसके आंच तक नहीं आई जबकि सिर में चोंट लगने से रूबी बेहोश हो गई। मनोज वहां से पत्नी को निजी गाड़ी से ले कर मेडिकल कालेज पहुंचा लेकिन वहां पहुंचते ही रूबी की मौत हो गई। जबकि हादसे में उसकी बेटी बिल्कुल सही सलामत है।

शॉर्ट सर्किट से फर्नीचर की दुकान में लगी आग

बिलग्राम, हरदोई। कस्बे के सुल्तान कॉम्प्लेक्स के पास स्थित एक लकड़ी फर्नीचर की दुकान में अचानक शॉर्ट सर्किट के कारण छप्पर में आग लग गई। आग लगते ही क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और आसपास के दुकानदार मौके पर एकत्र हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग तेजी से फैलने लगी, जिससे आसपास की दुकानों को भी खतरा उत्पन्न हो गया था। हालांकि, स्थानीय दुकानदारों ने सूझबूझ का परिचय देते हुए तत्काल समरसेबल पंप चलाकर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। घटना की सूचना मिलते ही विद्युत विभाग को अवगत कराया गया, जिसके बाद एहतियात के तौर पर क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई। आग लगने से दुकान में रखा फर्नीचर और अन्य सामान जल गया।

प्रेम की एक चादर बुनी जाएगी, आप...

कवि सम्मेलन

सफीपुर, अमृत विचार। न्यामतपुर गांव स्थित हनुमान मंदिर परिसर में अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद साहित्य सेवा संस्थान के तत्वावधान में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न जनपदों से आए कवियों ने अपनी ओजपूर्ण और रसमय प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व हिंदी प्रवक्ता पंडित दिवाकर द्विवेदी ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ कानपुर से आईं कवयित्री अंकिता शुक्ला ने मां शारदे की वंदना से किया। इसके पश्चात बाराबंकी के कवि संजय सांवरा ने प्रेम की एक चादर बुनी जाएगी, आप संग बैठकर बात दिल देश की, कुछ कही जाएगी, कुछ सुनी जाएगी से प्रेम और सद्भाव का संदेश दिया। संस्थान के संस्थापक व युवा कवि डॉ. प्रमोद कुशवाहा ने शहीद चंद्रशेखर आजाद के बलिदान को याद करते हुए पढ़ा जीते जी फिरंगी कोई कभी जिसे छू न सका, वीर चंद्रशेखर ही एक ऐसा मर्द था, तो पूरा परिसर तालियों की गूंज और देशभक्ति के नारों से भर उठा। हास्य कवि मधुप श्रीवास्तव नरकंकाल ने महिला आरक्षण बिल पर अपने चिरपरिचित अंदाज में तीखा कटाक्ष किया। हरदोई से आईं कवयित्री आकांक्षा गुप्ता ने श्रृंगार रस की मधुर प्रस्तुति देते हुए कहा, लोकहित में खुली थी जो, तुमको उन शिव की जटाओं में पढ़ा। आयोजक डॉ. प्रमोद कुशवाहा ने कार्यक्रम में आए सभी कलमकारों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। रायबरेली से आए नीरज पांडेय ने अपने कुशल संचालन से कार्यक्रम में अंत तक उत्साह बनाए रखा।

कवि सम्मेलन में कविता पाठ करते कवि।

पति सहित चार पर दहेज उत्पीड़न का केस

शाहाबाद, हरदोई। कोतवाली क्षेत्र के हसनापुर की रहने वाली एक विवाहिता ने दहेज में 50 हजार रुपये की नगदी और बाइक मिलने की मांग पूरी न होने के कारण पति सहित चार ससुराली जनों पर दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज कराया है। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के हसनापुर गांव की रहने वाली नीलम पुत्री अवधेश के अनुसार उसका विवाह पचदेवरा थाना क्षेत्र के ग्राम अनंगपुर में सुनील कुमार पुत्र बृजेश कुमार के साथ हुआ था जिसमें उसके पिता ने हैसियत के हिसाब से दहेज दिया, लेकिन ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज के रूप में 50 हजार रुपये व बाइक की मांग करने लगे। नीलम के अनुसार जब उसने हैसियत न होने की बात कही गई तो उसे मारा पीटा गया। 8 अप्रैल को पति सुनील, ससुर बृजेश, सास माधुरी, देवर अंकित ने उसे मारा पीटा और कहा कि जब तक वह दहेज नहीं लायेगी तब तक उसे घर में नहीं रखा जाएगा।

खुली पड़ी आलमारी। अमृत विचार

सेंध काटकर नगदी व जेवर उठा ले गए चोर

उन्नाव, अमृत विचार। आसीवन थाना क्षेत्र के बंगला खेड़ा गांव में पक्की दीवार काटकर दाखिल हुए चोर घर में रखी नगदी व जेवर उठा ले गए। सुबह चोरी की जानकारी पर परिजनों के होश उड़ गए। पुलिस ने घटना की जानकारी से इंकार किया किया। कुरसठ ग्रामीण के मजरा बंगला खेड़ा गांव निवासी नत्था लाल पुत्र स्व0 थन्ना ने बताया कि शनिवार को वह अपनी छोटी बेटी आनशी की ससुराल फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के दुगवां गांव गया था। घर पर मंझली बेटी पूनम व दामाद अनुज थे। जो खाना खाकर कमरे में सोने चले गए। तभी मध्य रात के मकान के पीछे से पक्की दीवार काट कर अज्ञात चोर अंदर दाखिल हुए और दूसरे कमरे रखी अलमारी का ताला तोड़ कर उसमें रखे जेवर व नगदी उठा ले गए। सुबह पूनम सफाई करने कमरे पहुंची तब वहां सामान बिखरा पड़ा देख उसे चोरी की जानकारी हुई। बेटी की सूचना पर पहुंचे पिता ने बताया उसने पुलिस को इसकी जानकारी। पुलिस ने जांच भी की।

बहन की ससुराल जा रहे युवक की हादसे में मौत

हरदोई, अमृत विचार। इकलौता भाई अपनी बहन की ससुराल जा रहा था, उसी बीच गोपामऊ रोड पर हेतमपुरवा के पास वह तेज़ रफ्तार की चपेट में आने से बुरी तरह ज़ख्मी हो गया। उसे मेडिकल कालेज पहुंचाया गया लेकिन वहां पहुंचते ही मौत हो गई। टड़ियावां थाने के शंकरपुर मजरा लालपुर भैंसरी निवासी 28 वर्षीय पकंज पुत्र रामभजन अपनी तीन बहनों में इकलौता भाई था, वह खेती-बाड़ी करता था, उसकी शादी पिछले साल दिसंबर में बेहटा गोकुल थाने के रामापुर रहोलिया की ऋतु के साथ हुई थी। बताते है कि पकंज रविवार की शाम को बहन की ससुराल कोतवाली देहात के सेवा गांव जा रहा था, जहां से उसे बाइक की सर्विस कराने के लिए सोमवार को सर्विस सेंटर पहुंचना था, उसी बीच रास्ते में गोपामऊ रोड पर हेतमपुरवा के पास पहुंचते ही गाड़ी ने बाइक में टक्कर मार दी।

सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार। अमृत विचार

मीराबाई चरित्र पर हुई सजीव रासलीला

बांगरमऊ, उन्नाव। नगर के मोहल्ला टेढ़ी बाजार में श्री ब्रजेश्वरी रासलीला मंडल द्वारा मीराबाई के जीवन पर आधारित सजीव एवं भावपूर्ण रासलीला का मंचन किया गया। कार्यक्रम का निर्देशन कथा व्यास भारत भूषण ने किया। सुभाष इंटर कॉलेज के पूर्व उपप्रधानाचार्य जगत नारायण मिश्र के तत्वावधान में आयोजित इस रासलीला में मीराबाई की कृष्ण भक्ति को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। मंचन के दौरान दिखाया गया कि मीरा संतों के सानिध्य में पहुंचकर गिरधर गोपाल के दर्शन से अभिभूत हो जाती हैं और उन्हें पाने की इच्छा प्रकट करती हैं। प्रारंभ में संत द्वारा मना करने के बावजूद, स्वप्न में ठाकुर जी के आदेश के बाद मीरा को गिरधर गोपाल प्राप्त होते हैं। इसके बाद मीरा उन्हें अपना पति मानकर जीवन भर भक्ति में लीन रहती हैं। रासलीला में भगवान कृष्ण की भूमिका कृष्ण भारद्वाज ने निभाई, जबकि मीराबाई के रूप में बालकृष्ण शर्मा ने उत्कृष्ट अभिनय किया।

चालक ने मारपीट का आरोप लगाया

शाहाबाद, हरदोई। कोतवाली के ग्राम वारिपुर निवासी टेंपो चालक ने दो लोगों पर शराब के नशे में गाली गलौज कर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस मामले की जाँच पड़ताल कर रही है। पीड़ित कुशविंदर सिंह पुत्र ऋषिपाल के अनुसार वह टैम्पो चलाकर अपना गुजारा करता है। 17 अप्रैल की दोपहर दो बजे वह अल्लाहपुर तिराहे पर सवारियों का इंतजार कर रहा था तभी अल्लाहपुर निवासी लल्ला पुत्र मिथलेश राठौर ने अपने साथी के साथ मिलकर उसे गाली गलौज कर डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मार डालने की धमकी देकर चले गए।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, परिमण्डल–अयोध्या।
पताः–बड़ा रमना, रीडगंज, अयोध्या।
ई–प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना

पत्रांक– 38/ग्रा0अ0वि0/निविदा पत्रा0/पत्रावली सं0–746/अनु0 सहायक/2026–27/ दिनांक– 04.04.2026

महामहिम श्री राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, परिमण्डल अयोध्या के द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उ0प्र0 में मार्ग निर्माण कार्य हेतु ए, बी एवं सी0 श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्यो हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न बिल ऑफ क्वान्टिटी के अंकित दरों में जी0एस0टी0 के अतिरिक्त अन्य सभी कर सम्मिलित है, जी0एस0टी0 का भुगतान पृथक से सरकार के निर्देशानुसार नियमानुसार अलग से किया जायेगा।

1.कार्य से सम्बंधित विवरण निम्नवत् हैः–

क्र0सं0	जनपद का नाम	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख रू0 में)	बिड सिकुरिटि (इ0एम0डी0) (रू0में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य अथवा निविदा फीस जी.एस.टी. सहित (यदि आवश्यक हो) (रू0में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षा ऋतु सहित
1	2	3	4	5	6	7
त्वरित आर्थिक विकास योजना –विधान सभा क्षेत्र बीकापुर						
1	अयोध्या	ग्राम महोली में मुख्य मार्ग से आबादी के अन्दर होते हुये बाढ़ सहायता केन्द्र तक सी0सी0 रोड निर्माण–सोहावल	59.07	118200	2354.00	08 month
त्वरित आर्थिक विकास योजना –विधान सभा क्षेत्र मिल्कीपुर						
2	अयोध्या	विकास खण्ड हरिंग्टनगंज के रामपुर जोहन पूरे जियन तिवारी का पुरवा में मथुरा तिवारी के घर तक नवनिर्माण कार्य।	51.93	103900	2354.00	08 month
3	अयोध्या	विकास खण्ड मिल्कीपुर में चमनगंज मंजनाई सं0मा0 से राम अंजोर चकवर्ती के घर तक इण्टर लाकिंग कार्य।	34.91	69900	2354.00	08 month
4	अयोध्या	विकास खण्ड हरिंग्टनगंज में मलेथू खुर्द में हनुमान भूज के घर से चिताईतारा राजकीय नलकूप तक इण्टर लाकिंग कार्य।	36.85	73700	2354.00	08 month

2 वेब साइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथिः– 22.04.2026 को प्रातः 11.00 बजे।
3 बिड डाक्यूमेन्ट डाउन लोडिंग प्रारंभ करने की तिथि एवं समयः– 22.04.2026 को दोपहरः 12.00 बजे।
4 प्रि बिड मीटिंग की तिथि एवं समयः– 23.04.2026 को प्रातः 11.00 बजे।
5 ई–निविदा के माध्यम से निविदा डालने की प्रारंभ तिथि/समयः– 22.04.2026को दोपहर 12:00 बजे से।
6 ई–निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि/समयः– 21.05.2026 को दोपहर 12:00 बजे तक।
7 ई–निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– 21.05.2026 को अपरान्ह 12:30 बजे।
8 टेण्डर प्रक्रिया से पूर्व का कोई भी शपथ पत्र मान्य नहीं होगा।
9 निविदा आन–लाईन वेब साइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध होगा एवं उसी साइट पर डाला जायेगा।
10 निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज–10 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी संभावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई–निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें। अधिक जानकारी के लिए कृपया वैब साइट https://etender.up.nic.in पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।

सभी सम्भावित निविदादाता को सलाह है कि बिड सब्मिट करने से पूर्व बिड डाक्यूमेन्ट को भली भाँति पढ़ लें।

(के0के0मिश्रा)
अधीक्षण अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग,
परिमण्डल–अयोध्या।
श्री राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से।

UP - 250058 दिनांकः 17/04/2026
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना
पहले मेरा नाम MOHAMMAD IZHAR ASHRAFI था। अब मैंने अपना नाम बदलकर MOHD IZHAR ASHRAFI रख लिया है अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **MOHD IZHAR ASHRAFI S/O-GULAM HUSAIN ASHRAFI ADD-PATEL NAGAR IKAUNA DIST-SHRAWASTI (U.P).**

सूचना
पहले मेरा नाम MOHAMMAD KHALID QADRI था अब मैंने बदलकर अपना नाम MO KHALID QUADRI रख लिया है भविष्य में मुझे MO KHALID QUADRI के नाम से जाना व पहचाना जाये। **S/O AHAMAD QUADRI R/O 7/39 K,10 MALL AVENUE, NEAR DARGAH MIYAN MAZAR RAZA NAGAR HUSSAINGANJ, LUCKNOW**

सूचना
पहले मेरा नाम RIJAVAN था, जिसे बदलकर अब MO RIZWAN रख लिया है। अब मुझे नये नाम से जाना व पहचाना जाये। MO RIZWAN S/O MOHAMMAD ISMAIL ADD-319 PURESHADI RAJA FATTEPUR, DISTT-C S M NAGAR, PIN-227405

सूचना
सूचित किया जाता है कि मैं MAJID से अपना नाम बदल कर ABDUL MAJEED रख लिया है अब भविष्य में मुझे मेरे बदले हुए नाम से जाना वा पहचाना जाए पुत्र ABDUL RAHEEM निवासी चाइतोला गिर्द नबाब गंज गोंडा का रहने वाला हूं।

सूचना
मैंने अपना नाम और पता नजराना सिद्दीकी पत्नी कफील सिद्दीकी – जेरकिला छिबरामऊ कन्नौज – उत्तर प्रदेश– 209721 से बदलकर नजराना बेगम – पत्नी कफील अहमद, निवासी 4/5 मोहल्ला जेरकिला छिबरामऊ कन्नौज उ0प्र0 209721 कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए

सूचना
मैंने अपना नाम काफिल अहमद से बदलकर कफील अहमद रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए। **कफील अहमद / कफील अहमद पुत्र जुम्मन सिद्दीकी – निवासी –मोहल्ला जेरकिला छिबरामऊ, कन्नौज, उत्तर प्रदेश –209721**

न्यूज ब्रीफ

फुलवारी तोड़ने से मना किया तो दबंगों ने की पिटाई, रिपोर्ट दर्ज

शाहाबाद, हरदोई। शाहाबाद कोतवाली के अल्लाहपुर इबनेजयी मोहल्ले में भूमि विवाद के चलते फुलवारी तोड़ने पर दबंगों ने एक व्यक्ति तथा महिला को पीट कर घायल कर दिया। घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। अल्लाहपुर निवासी सरदार प्रसाद पुत्र बंधू के अनुसार गुलजारी, रामकिशोर पुत्रगण छेदा तथा शीलू पुत्र गुलजारी ने उसके घर के बाहर लगी हुई फुलवारी तोड़ दी मना करने पर सभी ने मिलकर उसे मारा पीटा। मारपीट की आवाज सुनकर बहू सरला बचाने आई तो दबंगों ने उसे पीटा जिससे उसे काफी चोटे आई। घटना की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई। घायलों का डाक्टरी परीक्षण कराया गया है।

समोसा खाने से बिगड़ी युवक की तबीयत परिजनों ने कराया भर्ती

भरखनी, हरदोई। पचदेवरा थाना क्षेत्र के ग्राम हथौड़ा निवासी विजय बहादुर की समोसा खाने के बाद अचानक तबीयत बिगड़ गई। बताया जा रहा है कि विजय बहादुर ने माननगला स्थित एक दुकान से समोसा खरीदा था। समोसा खाने के कुछ ही देर बाद उसे उल्टी, पेट दर्द और चक्कर आने की शिकायत होने लगी। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे तुरंत एक निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया, जहां उसका इलाज जारी है। डॉक्टरों के अनुसार, फूड प्वाइजनिंग की आशंका जताई जा रही है। घटना के बाद क्षेत्र में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता को लेकर लोगों में चिंता बढ़ गई है। इस मामले में स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से जल्द से जल्द जांच कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

उधारी मांगी तो बहू को मारी गोली

मझिला थाने के कोरिगवां गांव का मामला, सीओ ने की पूछताछ, बेटे ने थमाया था तमंचा

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। जेठ ने घर से निकल कर जा रही बहू को तमंचे से गोली मार दी। तमंचा उसके बेटे ने ही थमाया था। दरअसल जेठ ने 50 हजार रुपये उधार लिए थे। वहीं मांगने पर वह हमलावर हो गया। एएसपी/सीओ शाहाबाद आलोक राज नारायण ने इस बाबत पूछताछ की। उन्होंने बताया कि हमलावर पिता और उसके बेटे को हिरासत में ले लिया गया है। जांच की जा रही है। बताया गया है कि मझिला थाने के कोरिगवां दीपू पुत्र रामभरोसे दिल्ली में नौकरी करता था। उसने पिछले साल गांव में अपना मकान बनाया। उसी दौरान चचेरे बड़े भाई ब्रजेश पुत्र भगन्नू ने उससे 50 हज़ार रुपये उधार लिए थे। दीपू ने बताया कि वह रुपये मांग रहा था लेकिन ब्रजेश बराबर टरकाता रहा। रुपये मांगने पर ब्रजेश और उसके बेटे उमेश ने 9 अप्रैल को उसकी और उसकी 25 वर्षीय पत्नी शिवानी के अलावा उसके चार साल के बेटे दिव्यांशु की पिटाई कर दी थी जिसकी शिकायत करने पर पुलिस ने कोई सुनवाई नहीं की। दीपू ने बताया कि शनिवार को उसकी पत्नी शिवानी ने रुपये मांगे थे तब भी ब्रजेश काफी लाल-ताल हो गया था। शाम को शिवानी घर से निकल कर जा रही थी। उसी बीच ब्रजेश अपने बेटे उमेश के साथ उसके पीछे पहुंचा। उमेश ने हाथ में तमंचा थमाया और ब्रजेश ने गोली चला दी जो शिवानी के दाहिने हाथ में लगी। उसे सीएचसी पिहानी से मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया गया। एएसपी/सीओ शाहाबाद आलोक राज नारायण ने बताया कि हमलावर ब्रजेश और उमेश को हिरासत में ले लिया गया है। दी गई तहरीर पर मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

मेडिकल कॉलेज में भर्ती शिवानी। अमृत विचार

लाठी-डंडे से हमला कर किया लहूलुहान

शाहाबाद, हरदोई। पुरानी रंजिश के चलते दबंगों ने रेलवे स्टेशन फाटक के पास ग्रामीण पर लाठी डंडों से हमला कर दिया। जिससे ग्रामीण घायल हो गया। घायल ग्रामीण का प्राथमिक उपचार कराया गया। नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई। शाहाबाद कोतवाली के ग्राम दौलतपुर गंगा दास निवासी आकाश पुत्र बटेश्वर के अनुसार 17 अप्रैल को शाम सात बजे वह घर वापस आ रहा था। तभी रेलवे फाटक के पास चंदन, प्रधान पुत्र वीरेंद्र ने घेर लिया और गाली गलौज करते हुए डंडों से हमला कर दिया जिससे उसका सिर फट गया। घायल का डाक्टरी परीक्षण कराया गया। आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

जेठानी को रोटी सेंकता छोड़ देवरानी ने कर ली आत्महत्या

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। देवरानी-जेठानी खाना बना रहीं थी। जेठानी रोटी सेंक रही थी, उसी बीच देवरानी वहां से उठी और कमरा बंद कर दुपट्टे से फांसी लगा ली। कई आवाज़ देने के बाद जेठानी ने कमरें में देखा, जहां उसकी देवरानी का शव लटक रहा था। वहां पहुंची पुलिस ने दरवाज़ा तोड़ कर शव को बाहर निकाला। बताया गया है कि साण्डी थाने के बघराई निवासी मनोज ने पिछले साल फरवरी में प्रेम-प्रसंग के चलते गांव की 20 वर्षीय डाली से शादी की थी। रविवार को घर में डाली और उसकी जेठानी शिल्पी थी। बाकी सारे लोग खेत पर थे। जेठानी शिल्पी ने बताया कि वह देवरानी डाली के साथ खाना बना रही थी। उसी बीच डाली वहां उठ कर कमरे में चली गई। उसने कई बार आवाज़ दी लेकिन उसका कोई जवाब नहीं आया। कमरा बंद देख कर उसने घर वालों को फोन किया। सारे लोग आ गए। कमरे मां झांक कर देखा गया जहां डाली का शव फांसी पर लटक रहा था। इसका पति होने पर वहां पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव बाहर निकाल कर उसका पोस्टमार्टम कराया है। उसका कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और तहरीर आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

हीरक जयंती पर संगोष्ठी का आयोजन

भूदान आंदोलन

संवाददाता हरदोई

अमृत विचार। सर्वोदय आश्रम सिकन्दरपुर की ओर से भूदान आंदोलन की हीरक जयंती समारोह 'सर्वोदय नेत्री दीदी निर्मला देशपांडे सभागार' में श्रद्धा एवं संकल्प के साथ -मनाया गया। अध्यक्षता कर रहीं सर्वोदय आश्रम की अध्यक्ष उर्मिला श्रीवास्तव ने दीप प्रज्ज्वलन एवं विनोबा जी के चित्र पर माल्यार्पण कर समारोह का शुभारंभ किया। विषय प्रवेश करते हुए उन्होंने कहा कि संत विनोबा भावे ने 13 वर्षों में 42 लाख एकड़ भूमि दान में प्राप्त कर अहिंसा के बल पर विश्व का सबसे बड़ा भूमि आंदोलन खड़ा किया। उन्होंने भूमि की लड़ाई को भूमि-दान में बदल दिया। 18 अप्रैल 1951 से शुरू हुई यह यात्रा आज 75 साल पूरे करते हुए हीरक जयंती मना रही है। समारोह के विशेष वक्ता एवं आश्रम के उपाध्यक्ष विजय भाई ने भूदान के संस्मरण साझा करते हुए बताया कि 18 अप्रैल 1951 को पोचमपल्ली, तेलंगाना में हरिजनों ने विनोबा जी से 100 एकड़ ज़मीन मांगी, ज़मींदार रामचंद्र रेड्डी ने तत्काल 100 एकड़ जमीन दान कर दी। यहीं से भूदान आंदोलन का सूत्रपात हुआ। भूमि सुधार विभाग के अनुभवी साथी जानकी भाई ने अपने अनुभव रखे। उ.प्र. शासन भूमि सुधार कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि एसके प्रधान ने सर्वोदय आश्रम के स्मृति शेष रमेश भाई द्वारा 11 जनपदों में चलाए गए भूमि सुधार कार्यक्रम की विस्तृत चर्चा की।

समारोह में बोलतीं सर्वोदय आश्रम की अध्यक्ष उर्मिला श्रीवास्तव। अमृत विचार

ट्रक से टकरा कर बाइक सवार की मौत

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। थकान से चूर मज़दूर बाइक से वापस घर जा रहा था, उसी बीच लखनऊ-पलिया हाई-वे पर तेज़ रफ्तार ट्रक की टक्कर से वह बुरी तरह ज़ख्मी हो गया उसे सीएचसी कछौना से मेडिकल कालेज लाया जा रहा था उसी बीच उसकी रास्तें में मौत हो गई। पुलिस हादसे खी जांच कर रही है। बताया गया है कि कछौना कोतवाली के बबुरावल निवासी 25 वर्षीय सचिन पुत्र बाबूलाल पेशे से मज़दूर था, उसके परिवार में पत्नी मंजू के अलावा उसके दो बेटे है। पिता बाबूलाल ने बताया शनिवार को सचिन काम करने सण्डीला गया हुआ था, जहां पूरे दिन मज़दूरी करने के बाद थका-हारा बाइक से वापस लौट रहा था, उसी बीच लखनऊ-पलिया हाई-वे पर गोल्डेन ढाबे के पास तेज़ रफ्तार ट्रक ने उसे टक्कर मार दी, जिससे सचिन बुरी तरह ज़ख्मी हो गया, उधर ट्रक ले कर भाग निकला। सचिन को वहां से सीएचसी कछौना पहुंचाया गया, जहां से मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया गया। घर वाले ला रहे थे कि रास्ते में मौत हो गई।

बस पलटने से हेल्पर की मौत: बिलग्राम: थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में बस हेल्पर की जान चली गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहल्ला सैयदबाड़ा निवासी सुनील कुमार ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि उनका सगा भाई सुधीर 15 अप्रैल को बस पर हेल्पर के रूप में कार्य कर रहा था। बस को चालक गौरव कुशवाहा चला रहा था और वाहन बेहटा बुजुर्ग से आ रहा था। रास्ते में गंगा एक्सप्रेस-वे की सर्विस रोड पर वन विभाग के सामने रात करीब 8:45 बजे चालक की तेज रफ्तार व लापरवाही के चलते बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में सुधीर बस के नीचे दब गए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया। मृतक के भाई की तहरीर पर थाना बिलग्राम में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

सचिन (फाइल फोटो)

बेटे के बाद हत्यारोपी पिता को भी भेजा जेल

हरदोई, अमृत विचार। पुलिस टीम ने फावड़ा मार कर हत्या करने वाले ऋषभ द्विवेदी के बाद उसके हत्यारोपी पिता को आखिरकार ढूंढ निकाला। बताते चलें कि ऋषभ और उसके पिता के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज था। 13 अप्रैल की शाम को मल्लावां कोतवाली के गढ़ी रसूलपुर की शिल्पी पुत्री रामरहीस कुशवाहा घर से कूड़ा फेंकने निकली, वह रास्तें में ही थी, उसी बीच गांव का ऋषभ द्विवेदी पुत्र प्रमोद द्विवेदी उसके पास पहुंचा व फावड़े से हमला कर हत्या कर दी। हत्या जैसी वारदात का पता होते ही एसपी अशोक कुमार मीणा, एएसपी पूर्वी सुबोध गौतम और सीओ बिलग्राम रवि प्रकाश सिंह पुलिस टीम के साथ पहुंचे। ऋषभ द्विवेदी ने एकतरफा प्यार के चलते ऐसा कदम उठाया था। उसके पिता प्रमोद ने उसका पूरा साथ दिया था। उन दोनों के खिलाफ केस दर्ज हुआ और एएसपी पूर्वी मार्तण्ड प्रताप सिंह की निगरानी में पुलिस की टीमें उन दोनों को ढूंढ रहीं थी, 15 अप्रैल को हत्यारोपी ऋषभ द्विवेदी को गिरफ्तार कर उसे जेल भेजा जा चुका है, रविवार को एसआई शिवाकांत पाण्डेय और कांस्टेबिल अमित ने प्रमोद कुमार पुत्र प्यारेलाल को गिरफ्तार कर उसे भी जेल भेज दिया।

संदिग्ध हालात में महिला की मौत

शाहाबाद, हरदोई। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बुध बाजार में एक 57 वर्षीय महिला की संदिग्धावस्था में मौत हो गई। अस्पताल की सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। शाहाबाद कोतवाली के मोहल्ला बुध बाजार निवासी साजिदा (57) पुत्री अंसार रविवार की शाम को अचानक तबीयत खराब हुई तो परिजन तत्काल सीएचसी लाये जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राय ने बताया पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

बाबा साहेब के विचार आज भी प्रासंगिक

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

अमृत विचार। ब्लॉक सभागार टोडरपुर में भाजपा द्वारा चलाए जा रहे बाबा साहब भीमराव अंबेडकर सम्मान समारोह के अंतर्गत एक सभा का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती एवं विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय सदस्य भाजपा अनुसूचित मोर्चा महेंद्र वाल्मीकि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता टोडरपुर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि ने की। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती ने बाबा साहब अंबेडकर के विचारों को सभा में बैठे हुए सभी लोगों के साथ साझा किया एवं सभी वर्गों तक उन विचारों को पहुंचाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा बाबा साहब ने संविधान की रचना कर देश वासियों को एक अलग पहचान दिलवाई। आप सभी अपने बच्चों को शिक्षा जरूर ग्रहण करवाए। शिक्षा ही आज के बच्चों और युवाओं का भविष्य है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि महेंद्र वाल्मीकि ने भाजपा द्वारा लाए जा रहे नारी शक्ति वंदन अधिनियम के विरोध पर विपक्ष पर निशाना साधा और इंडी गठबंधन विपक्ष को महिला हितों के विपरीत कार्य करने वाला बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ने कहा भाजपा सरकार ने सभी वर्ग के लोगों को बिना भेदभाव जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के जरिये महिलाओं को स्वाबलम्बी बनाते हुए उन्हें सशक्त करने का कार्य भाजपा सरकार ने किया है।

कार्यक्रम में मौजूद जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती। अमृत विचार

परशुराम जन्मोत्सव पर हुई विचार गोष्ठी

हरदोई, अमृत विचार। 'संवेदना' संस्था द्वारा रविवार को को संस्था के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डा. नरेश चन्द्र शुक्ल के नघेटा रोड स्थित आवास पर 'भगवान परशुराम जयंती' पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें संस्था के वरिष्ठ सदस्य डा. ईश्वर चन्द्र वर्मा, डा. ब्रह्मस्वरूप पाण्डेय, डा. नरेश चन्द्र शुक्ल, डा. रामबाबू द्विवेदी, हरीशचन्द्र शुक्ल, वेद प्रकाश अवस्थी, गिरीश चन्द्र बाजपेयी और सुशील कुमार वर्मा आदि वक्ताओं ने भगवान परशुराम पर व्यक्त किए। कहा कि परशुराम शक्ति, ज्ञान, तेजस्विता एवं विश्व-कल्याण के साक्षात् प्रतिमूर्ति थे। वक्ताओं ने उनके जीवन-वृत्त का उल्लेख करते हुए कहा- भगवान् परशुराम का जन्म त्रेतायुग में, वैशाख माह में, शुक्ल-पक्ष की तृतीया (अक्षय तृतीया) को, भार्गव-वंश के गौड़ ब्राह्मण-परिवार में भगवान् विष्णु के छठे अवतार के रूप में, मध्यप्रदेश के इंदौर जिले के 'जानापाव पर्वत' के तहत हुआ था।

डिजिटल युग में भी वैदिक परंपरा जीवित

हवन करते कायाकल्प केंद्रम के संस्थापक डा. राजेश मिश्र व अन्य। अमृत विचार

हरदोई, अमृत विचार। सवा साल से अधिक की निरंतरता, अनुशासन और श्रद्धा से कायाकल्प केंद्रम में परशुराम जन्मोत्सव पर ऋग्वेद पारायण संपन्न हुआ। शहीद उद्यान स्थित कायाकल्पकेन्द्रम् के संस्थापक व प्रख्यात नेचरोपैथ डा. राजेश मिश्र ने बताया कि उन्होंने एक दिसंबर 2024 को ऋग्वेद पाठ प्रारंभ किया था जो रविवार को परशुराम जन्मोत्सव पर सम्पन्न हुआ। उन्होंने कहा कि बिना अवकाश लिए नित्य 505 दिन तक प्रात: हवनोपरान्त ऋग्वेद की कक्षा हुई, जिसमें यज्ञशाला के सदस्य वेद की ऋचाओं की सुनते थे। डा. मिश्र ने कहा कि वे ब्राह्मण हैं और ब्राह्मणोचित कार्य कर रहे हैं। कहा प्रभु कृपा से 505 दिनों के वेदपाठ में कोई व्यवधान नहीं उत्पन्न हुआ। इसी प्रकार कुछ दिन पहले सम्पन्न हुए गायत्री महापुरश्चरण में भी वाधा नहीं आयी। उन्होंने कहा कि परशुराम जन्मोत्सव पर ब्राह्मणों को वेद पढ़ने-पढ़ाने और यज्ञ करने-कराने का संकल्प लेना चाहिए।

पत्नी छोड़कर गई तो पति ने लगा ली फांसी

हरदोई, अमृत विचार। अंबाला में नौकरी के दौरान छेड़छाड़ का आरोप लगने पर पत्नी अकेला छोड़ कर चली गई, उसी के चलते उसके पति ने घर के बाहर गमछे से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली, इसका पता होते ही वहां हड़कंप मच गया। शव का पोस्टमार्टम करा कर पुलिस जांच कर रही है। बताया गया है कि लोनार थाने के केहरीपुरवा मजरा गंगौली निवासी 30 वर्षीय संतोष पुत्र हरीशचंद्र अंबाला में नौकरी करता था, उसी दौरान वहीं उसके ऊपर छेड़छाड़ का आरोप लगा, पुलिस ने उसे जेल भेज दिया, इधर पति की हरकत सुन कर उसकी पत्नी मंजू बेटी को ले कर मायके चली गई। भाई सतीश ने बताया कि मामला कोर्ट में चला, उसके बाद लोक अदालत से राहत मिलने पर संतोष गांव लौटा था, उसने पत्नी को बार-बार घर लौट आने के लिए कहा, लेकिन उसने एक नहीं सुनी। सतीश का कहना है कि संतोष अकेलेपन से ऊब चुका था, उसी के चलते वह रविवार की सुबह वह घर से बाहर निकला और वहां खड़े पेड़ में गमछे से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। वहां पहुंची पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया, मामले की जांच कर रही है।

टड़ियावां में पेट्रोल- डीजल खत्म, मची हायतौबा

पेट्रोल पंप पर खड़े लोग। अमृत विचार

टड़ियावां, हरदोई। बीते तीन दिनों से कस्बे की पंपों पर कहीं पेट्रोल तो डीजल खत्म होने से लोग परेशान है। रविवार को गोपामऊ मार्ग के निकट सिकंदपुर स्थित एचपी पेट्रोल पंप लोगों की भारी भीड़ जुटी रही। वहीं इटौली-हरदोई मार्ग के अतिथि फीलिंग स्टेशन पर पेट्रोल और डीजल ही दोनों के लिए लोग परेशान दिखे, यही नजारा दिवंगत भाजपा नेता के पेट्रोल पंप देखने को मिला। वहां पर के लिए वाहन चालकों की भीड़ लगी रही। परेशान लोग पूर्ति निरीक्षक और डीएसओ से फोन कॉल के जरिए बात करने की कोशिश की, लेकिन उनकी फोन कॉल रिसीव नहीं हो सकी। एसडीएम सदर सुशील मिश्र ने कहा कि टड़ियावां में ईंधन की समस्या होने बात सामने आई है। पूर्ति विभाग और संबंधित एजेंसियों से जवाब तलब कर आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

पीएम के आगमन को लेकर परखीं तैयारियां

संवाददाता, मल्लावां, हरदोई

अमृत विचार। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संभावित गंगा एक्सप्रेस-वे के उद्घाटन कार्यक्रम और जनसभा को लेकर यूपीड़ा के सीईओ दीपक कुमार के साथ एडीजी प्रवीण कुमार, कमिशनर विजय विश्वास पंत और डीआईजी किरण ने जिलाधिकारी अनुनय झा और एसपी अशोक मीणा के साथ बैठक कर स्थल की व्यवस्थाओं की तैयारियों का जायजा लिया। मल्लावां-मेहंदीघाट रोड पर टोल प्लाजा श्यामपुर के पास प्रस्तावित गंगा एक्सप्रेस-वे के उद्घाटन समारोह संभावित 29 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा होना है। रविवार को सभी विभागों के अधिकारियों का जमावड़ा देखने को मिला। यूपीड़ा के सीईओ दीपक कुमार से टोल प्लाजा के पास प्रकाश व्यवस्था, सजाने और सवारने को लेकर कमिशनर विजय विश्वास पंत और एडीजी प्रवीण कुमार के साथ तैयारी की। कार्यक्रम स्थल से लेकर मंच के आस पास के एरिया को बराबर किया जा रहा है। एक्सप्रेस-वे पर हवाई पट्टी का भी निरीक्षण किया गया। सफाई व्यवस्था को लेकर सेकड़ो सफाईकर्मी लगे हुए है। वन विभाग की तरफ से एक पीपल का पेड़ भी सिफ्ट करने को लेकर तैयारी की जा रही है।

फसलों और खेतों को लेकर किसान चिंतित: मल्लावां: कार्यक्रम स्थल के आसपास के एरिया में खड़ी मक्का की फसल को किसानों स्वयं तोड़ रहे हैं ताकि उनकी फसल उनके घरों तक सुरक्षित पहुंच सके। किसानों के खेतों में होने वाले कार्यक्रम से फसलों के उचित मुआवजे और खेतों की मेड़ को लेकर चिंता की लकीरें बनी है।

पीएम के कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेते अधिकारी। अमृत विचार

4 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं हवाएं, पारा 42 पार

हरदोई, अमृत विचार। एक पखवारा पहले जहां बरसात व ओले से किसानों को काफी नुकसान हुआ, वहीं धीरे-धीरे मौसम गर्म होता गया। रविवार को अधिकतम तापमान 42.5 डिग्री सेल्शियस पहुंच गया। चार किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चली हवाओं ने दोपहर में बाजारों में सन्नाटा कर दिया। गांवों में इन दिनों खेती किसानी का काम काफी तेजी से चल रहा है। किसानों को काम के साथ-साथ मौसम की मार भी झेलनी पड़ रही है। जिले में लगातार तापमान बढ़ता चला जा रहा है। रविवार को तेज गर्म हवा के चलते दोपहर में सड़कों पर सन्नाटा छाया रहा। गर्मी व तेज धूप के चलते लोग सिर ढक कर ही घरों से निकले।

रुलाने लगी बिजली

जैसे-जैसे गर्मी बढ़ रही है वैसे ही बिजली व्यवस्था भी गड़बड़ाने लगी है। अधिकांश क्षेत्रों में बिजली की आवाजाही शुरू हो गई। नगर के लक्ष्मीपुरवा, विभूति नगर, कृष्ण नगरिया, रामनगरिया सहित आधा दर्जन से अधिक मोहल्लों में शनिवार की शाम से लाइट का जाना शुरू हुआ। यह क्रम देर रात तक चलता रहा। पांच घंटे में 13 बार बिजली खराब हुई। गर्मियों में लोड बढ़ने से घटिया तार जवाब दे रहे हैं। लोड के चलते सहकारी कोल्ड स्टोर के सामने तार गिरकर जलने लगे। सरकार करोड़ों रुपये बिजली सुधार पर खर्च कर रही है, लेकिन अधोमानक विद्युत तारों व उपकरणों के चलते बार-बार विद्युत खराबी से गर्मियों में उपभोक्ताओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

आयोजन जिले भर में धूमधाम से मनाया गया श्रीहरि विष्णु के छठे अवतार शक्ति, तप और धर्म के प्रतीक का जन्मोत्सव

भगवान परशुराम 'शस्त्र' और 'शास्त्र' के अद्वितीय संगम

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। जिले भर में श्रीहरि विष्णु के छठे अवतार शक्ति, तप और धर्म के प्रतीक भगवान परशुराम के शुभ जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती पीके वर्मा ने रविवार को अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के संयोजन में आयोजित जन्मोत्सव समारोह में पूजन अर्चन उपरांत भव्य शोभा यात्रा में शामिल होकर भगवान परशुराम जन्मोत्सव की शुभकामनाएं प्रदान कीं। भाजपा जिला कार्यालय पर भाजपाइयों ने भगवान परशुराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया। जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने भगवान परशुराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कहा कि भगवान परशुराम 'शस्त्र' और 'शास्त्र' दोनों के अद्वितीय संगम हैं। भगवान परशुराम केवल एक जाति या वर्ग के नहीं, बल्कि पूरी मानवता के रक्षक हैं।

संडीला संवाददाता के अनुसार तहसील क्षेत्र के ग्राम किन्हौटी में रविवार को पंच पकरिया माता मंदिर परिसर में भगवान परशुराम के पावन प्राकट्य दिवस का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम का आयोजन राजेश मिश्रा के नेतृत्व में हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक अलका सिंह अर्कवंशी ने अपने संदेश में कहा कि भगवान परशुराम भारतीय संस्कृति के महान प्रतीक हैं। कार्यक्रम की गरिमा उस समय और बढ़ गई जब पूर्व राज्यसभा सदस्य एवं मंत्री डॉ. अशोक वाजपेयी ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

नगर में धूमधाम से निकाली शोभायात्रा : भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष नीरज अवस्थी के नेतृत्व मे श्रीशचंद्र बारात घर में विधि विधान से पूजन करके मनाया गया। शोभायात्रा श्रीशचंद्र बारात घर से शुरू होकर नगर के नुमाइश चौराहा से बड़ा चौराहा से सिनेमा चौराहा से लखनऊ चुंगी से रेलवे गंज से जिन्दपीर चौराहा होते हुए जेल रोड से वापस आकर बारात घर पर सम्पन्न हुई। कार्यक्रम में उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती वर्मा आदि मौजूद रहीं।

भगवान परशुराम की आरती करतीं जिपं अध्यक्ष प्रेमावती। अमृत विचार

मंत्री रजनी तिवारी को फरसा भेंट करते नीरज अवस्थी। अमृत विचार

न्यूज ब्रीफ

नेहरू पॉलिटेक्निक के 50 वर्ष पूरे, स्वर्ण जयंती पर सांस्कृतिक छटा बिखरी

महमूदाबाद। जवाहर लाल नेहरू पॉलिटेक्निक में संस्थान की स्थापना के 50 वर्ष पूरे होने पर स्वर्ण जयंती समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री डॉ. अम्मार रिजवी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। समारोह के दौरान छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। वक्ताओं ने संस्थान की पांच दशकों की उपलब्धियों और तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में इसके योगदान की सराहना की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सीपी त्रिपाठी, रमेश बाजपेई, सुरेश वर्मा, अनवार हुसैन, चक्रसुदर्शन पाण्डेय और मेराज फात्मा सहित बड़ी संख्या में शिक्षक व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

नशे में रेलवे क्रॉसिंग पार कर रहा युवक ट्रेन की चपेट में आया, मौत

सीतापुर। रामकोट थाना क्षेत्र के अंतर्गत पराग दूध डेरी के पास स्थित रेलवे क्रॉसिंग पर देर रात एक युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में खलबली मच गई। मृतक की पहचान इलाके के बड़ौरा निवासी रजनीश (30) पुत्र स्व. शिवनंदन के रूप में हुई। पूछताछ के बीच मृतक के परिजनों से जानकारी मिलीं तो पता चला कि रजनीश नशे का आदी था।

रंजिश में दो युवकों से मारपीट, तीन पर केस

मिश्रिख। पिसावां थाना क्षेत्र के ननसोहिया गांव निवासी दो युवकों के साथ पुरानी रंजिश के चलते मारपीट की गई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया। ननसोहिया निवासी देशराज के मुताबिक, वो अनपे भतीजे प्रभात के साथ अरसेनी चौराहे के पास से गुजर रहे थे। आरोप है कि तभी अरसेनी गांव के पिंकू, गोलू और पेरिस ने उन्हें रोक लिया। जातिसूचक टिप्पणियां करते हुए लाठी-डंडों व लात-घूंसों से पिटाई की। थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि मामले में केस दर्ज कर लिया गया है।

लहरपुर में 217 मरीजों का हुआ परीक्षण

लहरपुर। क्षेत्र के ग्राम गनेशपुर नेवादा में पीतांबरा शिक्षा समिति और केपी सिंह मेमोरियल हॉस्पिटल के तत्वावधान में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ कोतवाली प्रभारी अरविंद सिंह ने किया। डॉक्टरों की टीम ने 217 मरीजों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया और उन्हें निशुल्क दवाइयां वितरित कीं। शिविर में डॉ. हर्षित जैन, डॉ. मधुलिका राय, डॉ. सौरभ सिंह, डॉ. एम.आई. मीर, डॉ. अशोक कुमार यादव, डॉ. मुस्कान और डॉ. ऐहतिशाम ने सेवाएं दीं। इस दौरान डॉ. एसपी सिंह, सद्दाम हुसैन, मोहम्मद हसीन अंसारी, सलमान जैदी और ऐश्वर्य प्रताप सिंह सहित कई अन्य मौजूद रहे।

25 हजार मोमबत्तियों से जगमगाएगा मास्टरबाग

सिधौली। सिधौली विधानसभा क्षेत्र में आंबेडकर माह के तहत जनसंपर्क अभियान गति पकड़ रहा है। राजेश कुमार सिद्धार्थ के नेतृत्व में चलाए जा रहे इस अभियान के 18वें दिन विभिन्न गांवों में महापुरुषों को श्रद्धांजलि दी गई। आगामी 29 अप्रैल को मास्टरबाग में 25 हजार मोमबत्तियां जलाकर प्रकाश महोत्सव मनाने की तैयारी है। अभियान के दौरान सहजनपुर, रमनगरा, अलाइपुरवा और टडवा रामपुर में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर, गौतम बुद्ध व संत रविदास की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया गया। राजेश कुमार सिद्धार्थ ने कहा कि यह कार्यक्रम समाज में जागरूकता और एकता स्थापित करने का एक आंदोलन है। इस दौरान अभय प्रताप सिंह त्यागी, अनुज कुमार, प्रदीप बौद्ध, आदित्य गौतम और आर.के. आजाद सहित कई पदाधिकारी व ग्रामीण मौजूद रहे।

मजदूर नेता गया प्रसाद भूषण की पुण्यतिथि पर बच्चों को बांटे बैग

बिसवां। लोकतंत्र सेनानी, मजदूर नेता एवं समाजसेवी स्वर्गीय गया प्रसाद भूषण की पुण्यतिथि पर साथी संस्था द्वारा अमर नगर स्थित पंडित कन्हैया लाल गीता विद्यालय में स्मृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों को स्कूल बैग, कॉपी व पेन वितरित किए गए। अतिथियों का स्वागत बृजभूषण पांडे, डॉ. आयुष भूषण और चंदन पांडे ने किया। कार्यक्रम का संचालन कवि संदीप मिश्रा सरस ने किया। इस दौरान वृंदारक नाथ मिश्रा, मुन्नालाल गुप्ता, रजनीश मिश्रा और राकेश शुक्ला सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

पारा 41 डिग्री पार, झुलसे राहगीर

सीतापुर कार्यालय।

मुख्य मार्ग पर सन्नाटे के बीच धूप से शरीर को बचाता राहगीर।

अमृत विचार: मौसम के बदले मिजाज के बीच आम और खास के अलावा परिंदे भी जूझते नजर आए, दिन का तापमान 41 डिग्री को पार कर गया। ऐसे में मुख्य सड़कों पर सन्नाटा पसरा हुआ नजर आया।

अचानक बिगड़े मौसम में शहर के नेपालापुर, रामकोट और आसपास इलाकों में कई स्थानों पर लोग धूप से बचने के लिए शरीर को ढके नजर आए, जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. इन्द्र सिंह का कहना है कि तेज धूप में शरीर को ढककर निकलना बेहतर रहेगा। समय- समय पर पानी पीना भी आवश्यक है। तेज बुखार और अन्य बीमारियों के लिए अस्पताल में सारी सुविधाएं उपलब्ध हैं।

परशुराम चौक से निकाली गई भव्य शोभा यात्रा

संवाददाता, सीतापुर।

अमृत विचार : अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर परशुराम चौक के निकट स्थित भगवान परशुराम मंदिर में भगवान परशुराम जयंती (प्रकट उत्सव) बड़े ही धूमधाम से मनाया गया।

इस अवसर पर विधि-विधान से हवन-पूजन किया गया, जिसके पश्चात शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरे मार्ग में भक्तिमय माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम के अंत में भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

भगवान परशुराम जयंती पर शोभा यात्रा निकालते धीरज पाण्डेय व अन्य।

आयोजन सर्व समाज संगम सभा (एस फोर) एवं अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा द्वारा संयुक्त रूप से संपन्न कराया गया, इस अवसर पर मंदिर के संस्थापक एवं सर्व समाज संगम सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरज पाण्डेय, जिला अध्यक्ष आलोक रस्तोगी, तथा अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के प्रदेश पदाधिकारी हरनाम बाबू मिश्रा, रामकुमार मिश्रा, संदीप दीक्षित, राहुल तिवारी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

भगवान परशुराम जयंती हवन करते श्रद्धालु। अमृत विचार

परशुराम जयंती व अक्षय तृतीया पर हवन-पूजन

महमूदाबाद। अक्षय तृतीया और भगवान परशुराम जयंती के पावन अवसर पर शहर में धार्मिक उत्साह देखने को मिला। भगवान परशुराम सेवा समिति के तत्वावधान में सुशील अवस्थी के आवास के समीप हवन एवं पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर देश और समाज में सुख-शांति व समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में रमेश वाजपेयी, कृतार्थ मिश्रा और दिलीप मिश्रा सहित कई गणमान्य लोग सम्मिलित हुए।

तालाब में डूबने से दो भाइयों की मौत

मानपुर थानाक्षेत्र के ग्राम पंचायत बन्नी खरेला गांव का है मामला

बिसवां / सीतापुर।

अमृत विचार: मानपुर इलाके की ग्राम पंचायत बन्नी खरेला में रविवार दोपहर दो भाईयों की तालाब के गहरे पानी में डूबकर मौत हो गई। काफी प्रयास के बाद दोनों के शवों को बाहर निकाला गया, गांव में मातम का माहौल है।

भनवापुर निवासी अर्पित (13) पुत्र शिवकुमार पिछले कुछ दिनों पहले अपनी मानपुर थानाक्षेत्र स्थित रमईपुर ननिहाल आया था। बताते हैं कि दोपहर बाद अर्पित अपने ममेरे भाई कपिल (12) के साथ घर से निकलकर घूमते हुए पड़ोस गांव बन्नीखरेला पहुंचा। यहां दोनों लोग तालाब में नहाने लगे। बताते हैं कि नहाते समय दोनों गहरे पानी की चपेट में आ गए। दोनों को डूबता देख नजदीक खड़े बच्चों ने चीख पुकार की। आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे, काफी प्रयास के बाद दोनों को बाहर निकाला जा सका, तब तक अर्पित और कपिल दम तोड़ चुके थे। थानाध्यक्ष आशुतोष मिश्रा ने बताया कि शवों को परिवार की मंशा के अनुसार, पंचनामा भरकर पीड़ित पक्षों के सुपुर्द कर दिया गया है। गांव में देर शाम तक मातम पसरा रहा।

हादसे के बाद रोते-बिलखते परिवारीजन। अमृत विचार

- नहाते समय गहरे पानी में जाने से हुआ हादसा

परिवार का इकलौता चिराग बुझा : कपिल अपने माता-पिता की इकलौती संतान था। उसकी मौत की खबर सुनते ही पिता सुरेंद्र यादव बेसुध हो गए। बदहवास पिता बस यही दोहरा रहे थे कि अब उनके बुढ़ापे का सहारा न रहा। नम आंखों के बीच लोग देर शाम तक दिलासा देते देखे गए।

दो हत्याभियुक्तों और दो गैंगस्टर को दबोचा

सीतापुर। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर थाना कमलापुर और सदरपुर पुलिस ने चार शातिर अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। सिधौली क्षेत्राधिकारी विशाल गुप्ता के मुताबिक, दो शातिर गैंगस्टर हिमांशु मिश्रा उर्फ कान्हा और हिमांशु शुक्ला को गंज चौराहा के पास से गिरफ्तार किया। इन दोनों पर चोरी और नकबजनी के करीब एक-एक दर्जन मामले दर्ज हैं।

फायरिंग मामले का पर्दाफाश: सदरपुर पुलिस ने रात सोते समय खिड़की से गोली चलाने की घटना का खुलासा करते हुए रामनरेश और उसके साथी सूरज को गिरफ्तार किया। पूछताछ में पता चला कि जमीन के विवाद में रामनरेश ने अपने ही चचेरे भाई सुनील की हत्या की साजिश रची थी।

कार्यक्रम में उपस्थित एमएलसी व मौजूद अन्य लोग। अमृत विचार

एमएलसी पवन सिंह ने किया नवीन विद्यालय भवन का लोकार्पण

संवाददाता, खैराबाद/ सीतापुर। अमृत विचार : प्राथमिक विद्यालय रसोइयोंर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विधान परिषद सदस्य पवन सिंह चौहान ने स्कूल चलो अभियान में सहभागिता करते हुए नवीन विद्यालय भवन का लोकार्पण किया। उन्होंने नए प्रवेश लेने वाले नन्हे विद्यार्थियों को पुस्तकें वितरित कीं और उनका उत्साहवर्धन किया। एमएलसी पवन सिंह ने कहा कि बेहतर शैक्षणिक वातावरण से ही बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला, खंड शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार मिश्रा, शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष अपूर्व दीक्षित व जिला अध्यक्ष रविंद्र कुमार सहित बड़ी संख्या में शिक्षा विभाग के अधिकारी और स्थानीय गणमान्य लोग मौजूद रहे।

किस्त भरने के लिए बना लुटेरा, गिरफ्तार

संवाददाता, सीतापुर।

अमृत विचार : स्वाट पुलिस की टीम ने शहर में हुई मंगलसूत्र लूट की सनसनीखेज घटना का मात्र दो दिन के भीतर सफल अनावरण कर दिया, इसमें कोतवाली नगर पुलिस सहयोगी बनी। पुलिस ने एक शातिर को गिरफ्तार कर उसके पास से लूटा गया मंगलसूत्र और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है।

- मंगलसूत्र लूटने वाला शातिर लुटेरा 48 घंटे में गिरफ्तार

सीओ सिटी कपूर कुमार के मुताबिक, गठित टीमों ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले। सर्विलांस की मदद से आरोपी की पहचान थाना कोतवाली देहात के अकोईया निवासी जलालुद्दीन पुत्र छोटे शाह के रूप में हुई।

वारदात का खुलासा करते क्षेत्राधिकारी नगर कपूर कुमार। अमृत विचार

कर्ज चुकाने को दिया था वारदात को अंजाम

सीओ के मुताबिक, आरोपी ने बताया कि कुछ समय पहले उसने एक मोबाइल फोन खरीदा था, जिसकी वह किस्त नहीं भर पा रहा था। कर्ज के दबाव में आकर उसने 17 अप्रैल को लोहारबाग निवासी निर्मला गुप्ता के गले से मंगलसूत्र झपटा था। यही नहीं, वह लखीमपुर खीरी में भी ऐसी ही वारदात की फिराक में था, लेकिन सफल नहीं हो सका।

पाक्सो एक्ट में भी दर्ज है मुकदमा

गिरफ्तार अभियुक्त जलालुद्दीन का पुराना आपराधिक इतिहास है। उसके विरुद्ध पूर्व में कोतवाली नगर में छेड़छाड़ और पाक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज है।

मूर्ति स्थापना को लेकर दो पक्षों में विवाद

संवाददाता, रामपुर मथुरा / सीतापुर।

अमृत विचार : ग्राम पंचायत सुरजनपुर के दैमलपुर गांव में देवस्थान की जमीन पर मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। तनाव को देखते हुए मौके पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

राजस्व अभिलेखों में देवस्थान के नाम दर्ज गाटा संख्या 392 पर पूर्व से कमिरा बाबा का चबूतरा बना था। एक पक्ष ने वहां मंदिर निर्माण कराकर 19 अप्रैल को हनुमान जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का मुहूर्त तय किया था। कलश यात्रा के बाद जब पूजन शुरू हुआ, तो दलित समुदाय के लोगों ने इसे कमीरा बाबा का पुश्तैनी स्थान बताते हुए आपत्ति दर्ज कराई। देर शाम दर्जनों ग्रामीण थाने पहुंचे, जिसके बाद थानाध्यक्ष श्यामू कनौजिया ने पुलिस बल के साथ मोर्चा संभाला। प्रशासन ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए दोनों पक्षों के 5-5 लोगों की एक कमेटी गठित की है, जो तहसील प्रशासन के साथ बैठक कर आम सहमति बनाएगी। फिलहाल मौके पर भजन-कीर्तन बंद करा दिया गया है और स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

- तनाव को देखते हुए मौके पर पुलिस बल तैनात

विपक्ष फैला रहा भ्रम, 33% आरक्षण देकर ही दम लेगी सरकार: विधायक

कार्यक्रम को संबोधित करते विधायक निर्मल वर्मा।

बिसवां। श्री राम चंपा देवी इंटर कॉलेज में आयोजित नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम में विधायक निर्मल वर्मा ने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। विधायक ने कहा कि महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के ऐतिहासिक निर्णय पर विपक्ष केवल भ्रम और षड्यंत्र फैलाने का काम कर रहा है। कार्यक्रम में महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष कंचन प्रभा पांडे और भाजपा जिला उपाध्यक्ष जया सिंह ने भी महिला सशक्तिकरण पर विचार रखे। इस अवसर पर रानी दीक्षित, शालिनी गुप्ता और नगर अध्यक्ष सीमा शुक्ला सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

तंबौर सीएचसी में 42 मरीजों की हुई जांच

शिविर के दौरान उपस्थित चिकित्सक और मरीज। अमृत विचार

तंबौर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तंबौर में राष्ट्रीय ओरल हेल्थ प्रोग्राम के तहत विशेष दंत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के 42 मरीजों के दांतों का विस्तृत परीक्षण कर उन्हें निशुल्क उपचार व दवाएं दी गईं। अधीक्षक डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि जांच के दौरान अधिकांश मरीजों में दांतों की सड़न, मसूड़ों में सूजन, संक्रमण, दांतों का घिसना और सांसों की बदबू जैसी समस्याएं पाई गईं। डॉक्टरों ने बताया कि अनुचित खान-पान, तंबाकू का सेवन और दंत स्वच्छता के प्रति लापरवाही इन रोगों का मुख्य कारण है। शिविर में मरीजों की स्केलिंग और फिलिंग करने के साथ ही उन्हें दांतों की देखभाल के तरीके बताए गए।

बाल विवाह से मुक्ति के लिए पेस ने ली शपथ

शपथ लेते संस्था के सदस्य। अमृत विचार

लहरपुर। बाल अधिकारों के संरक्षण के लिए कार्यरत पेस संस्था द्वारा अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह रोकथाम के लिए विशेष सतर्कता दिवस मनाया गया। ग्राम अकबरपुर स्थित प्रसिद्ध सूर्यकुंड मंदिर पर जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को बाल विवाह न करने की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर मुख्य रूप से रहमत अंसारी, उर्मिला, संगीता, सुधा, आराधना व संस्था के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

180 अपराधियों की परेड, सुधरने की चेतावनी

हिस्ट्रीशीटरों को निर्देशित करते कोतवाली प्रभारी लहरपुर।

लहरपुर। कानून व्यवस्था सुदृढ़ करने के उद्देश्य से कोतवाली परिसर में सक्रिय अपराधियों की परेड कराई गई। इस दौरान चोरी, लूट और डकैती जैसे गंभीर अपराधों में संलिप्त लगभग 180 अपराधियों के रिकॉर्ड का भौतिक सत्यापन किया गया। कोतवाली प्रभारी अरविंद सिंह ने कहा कि सभी पुलिस की रडार पर हैं। यदि कोई भी दोबारा आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त पाया गया, तो उसके विरुद्ध कठोरतम वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि क्षेत्र में कुल 580 पंजीकृत अपराधी हैं, जिनका चरणबद्ध तरीके से सत्यापन किया जा रहा है। अब हर 15 दिन में इनकी गतिविधियों की समीक्षा होगी।

डीजल के लिए पंपों पर कतारें, बढ़ीं मुश्किलें

रामपुर मथुरा। जनपद के ग्रामीण इलाकों में पिछले दो दिनों से डीजल और पेट्रोल की भारी किल्लत बनी हुई है, जिससे जनजीवन और खेती-किसानी बुरी तरह प्रभावित है। रेउसा ब्लॉक के बम्हनावा स्थित इंडियन ऑयल पंप पर ईंधन का स्टॉक खत्म होने की कगार पर है। पंप मैनेजर के अनुसार, 14 अप्रैल की रैली और उसके बाद छुट्टियों के कारण टैंक न पहुँचने से संकट गहराया है। वर्तमान में यहाँ दोपहिया वाहनों को मात्र सौ से पांच सौ रुपये तक का ही पेट्रोल दिया जा रहा है। वहीं, रामपुर मथुरा क्षेत्र के पेट्रोल पंपों पर सन्नाटा पसरा है।

युवक का फंदे से लटका मिला शव, हत्या का आरोप

सीतापुर। रामपुर कला इलाके के कैमा मजरे परसपुर गांव में ससुराल आए एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटका मिला। परिवार के लोगों ने ससुराल पक्ष पर हत्या किये जाने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले में जांच पड़ताल कर रही है। परिजनों के मुताबिक, बिसवां कोतवाली क्षेत्र के कल्याणपुर निवासी प्रमोद (32) पुत्र विष्णु बीते दिन रामपुर कला इलाके के कैमा मजरा परसपुर गांव स्थित अपनी ससुराल गया था। बताते हैं कि प्रमोद अपनी ससुराल गेहूं कटवाने के लिए आया था। इसी के बाद युवक प्रमोद का शव ससुराल में लटकता मिला। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी लल्ला गोस्वामी मौके पर पहुंचे। पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए, मृतक की पत्नी राम लल्ली और भाई सर्वेश के बयान लेकर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। एसओ का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

प्रताड़ना से तंग आकर किशोरी ने दी जान

संवाददाता, सीतापुर।

अमृत विचार : महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र में देर शाम किशोरी ने कमरे के अंदर पंखे से फंदा लगाकर जान दे दी। परिजनों ने दो युवकों पर किशोरी को फोन पर परेशान करने और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। क्षेत्राधिकारी महमूदाबाद का कहना है कि प्रताड़ित किये जाने से हुई मौत के मामले में केस दर्ज करते हुए एक आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की है।

चाचा के मुताबिक, उसकी 14 वर्षीय भतीजी को मुर्गी फार्म पर काम करने वाले बेहटा छावनी निवासी साहिबे आलम और इबरान उर्फ इमरान काफी समय से फोन पर परेशान कर रहे थे। परिजनों की मानें तो उन्होंने दोनों युवकों को बुलाकर समझाने का प्रयास भी किया, उनके मोबाइल से किशोरी की फोटो डिलीट करवाई, लेकिन प्रताड़ना जारी रही। देर शाम जब घर के अन्य सदस्य बाहर थे तो किशोरी ने खुद को कमरे में बंद कर लिया। भाई और भाभी के घर लौटने पर जब दरवाजा नहीं खुला तो उसे तोड़ा गया। अंदर किशोरी का शव दुपट्टे के सहारे पंखे से झूल रहा था।

- महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का है मामला, अपने चाचा के घर पर रह रही थी किशोरी, फंदे से लटका मिला था शव

> मामले में तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है युवकों को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई जारी है। - वेदप्रकाश श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी महमूदाबाद

इलेक्ट्रानिक साक्ष्य बने सहारा, काल डिटेल भी मिली : बताते हैं कि किशोरी को प्रताड़ित किये जाने के पर्याप्त साक्ष्य पुलिस के हाथ लगे हैं। कुछ इलेक्ट्रानिक साक्ष्यों को पुलिस ने कब्जे में लेकर पीड़ित पक्ष के बयान दर्ज किये हैं।

48 घंटे में खुला बाइक चोरी का राज दो गिरफ्तार

खैराबाद। पुलिस ने फेस रिकॉग्निशन तकनीक की मदद से वीआर लॉन से हुई बाइक चोरी की घटना का 48 घंटे के भीतर अनावरण कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष एके सिंह के मुताबिक, वैवाहिक कार्यक्रम में आए एक व्यक्ति की बाइक पार्किंग से चोरी हो गई थी। मामले में मुकदमा दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। फुटेज में संदिग्धों की पहचान के लिए पुलिस ने यक्ष-एआई ऐप का उपयोग किया, ऐसे में लखीमपुर खीरी निवासी टिल्लू सिंह उर्फ नितेश और सीतापुर के पवन कुमार को गिरफ्तार किया। आरोपी पवन कुमार थाना संदना का हिस्ट्रीशीटर है।

ज्ञापन सौंपते संगठन के पदाधिकारी और सदस्य।

लव जिहाद और अवैध कब्जों के विरोध में सड़कों पर उतरे संगठन, सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, बिसवां। अमृत विचार : विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने नगर अध्यक्ष प्रेम शंकर बाजपेई के आह्वान पर नगर में प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने लव जिहाद, अवैध कब्जों और समाज विरोधी गतिविधियों के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करते हुए तहसील परिसर तक पैदल मार्च किया। जहां कार्यकर्ताओं ने तहसीलदार अनिल कुमार राम को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा। इस दौरान सुधाकर मिश्रा, अगस्त्य प्रताप सिंह, लाल रस्तोगी, महेश मौर्या, दुर्गेश सिंह, गोपाल पांडेय, आयुष मिश्रा, श्याम जी शुक्ला, श्याम जी सिंह, ओपी गुप्ता और जेपी दीक्षित सहित अन्य शामिल रहे।

3500 गैस उपभोक्ता झेल रहे कनेक्शन लॉक का दंश

संवाददाता बिसवां, सीतापुर।

अमृत विचार: 3500 गैस उपभोक्ता इन दिनों दोहरी मार झेल रहे हैं। कारण, स्थानीय स्तर पर 'बिसवां इंडियन गैस सर्विस' के निलंबन ने 3500 उपभोक्ताओं का भविष्य अधर में लटका है।

बिसवां में एजेंसी को निलंबित किए जाने के बाद उपभोक्ताओं को चार अन्य एजेंसियों बालाजी, सांडा, परसेरा और शुजातपुर पर स्थानांतरित किया गया था। बावजूद इसके, करीब 3500 कनेक्शन अब भी 'लॉक' पड़े हैं। थवई टोला निवासी मोहम्मद असलम, भग्गा प्रसाद और सोहनलाल जैसे दर्जनों उपभोक्ताओं का कहना है कि उन्हें पता ही नहीं चल रहा कि उनका कनेक्शन वर्तमान में किस एजेंसी के पास है।

- होम डिलीवरी के नाम पर वसूली, फिर भी गैस के लिए भटक रहे लोग

नियमों की उड़ रहीं धज्जियां

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के स्पष्ट निर्देश हैं कि ऑनलाइन बुकिंग के बाद उपभोक्ता को घर पर ही गैस उपलब्ध कराई जाए। सूत्रों के अनुसार, एजेंसियां प्रति उपभोक्ता 35 रुपये होम डिलीवरी शुल्क वसूल रही हैं, लेकिन हकीकत में उपभोक्ताओं को सुबह से शाम तक गैस गोदामों पर कतार में खड़ा होना पड़ रहा है।

> 3500 कनेक्शन लॉक हैं और इसकी जानकारी इंडियन ऑयल के अधिकारियों को भी है। - सरदार त्रिलोक सिंह, एजेंसी संचालक

> गैस संबंधी नियम केंद्र सरकार तय करती है, स्थानीय पूर्ति अधिकारी को जांच के निर्देश दिए गए हैं। - अखिलेश श्रीवास्तव, जिला पूर्ति अधिकारी

न्यूज ब्रीफ

पुनरीक्षण कार्यक्रम संशोधित, 10 जून को अंतिम प्रकाशन

रायबरेली : राज्य निर्वाचन आयोग, उत्तर प्रदेश की संशोधित अधिसूचना के क्रम में त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण कार्यक्रम में आंशिक बदलाव किया गया है। जिला मजिस्ट्रेट एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) हर्षिता माथुर ने यह जानकारी दी। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार 21 अप्रैल से 28 मई तक मतदाताओं के डुप्लीकेट नाम हटाने तथा कम्प्यूटरीकरण की कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद 29 मई से 9 जून तक मतदेय केंद्रों एवं स्थलों का क्रमांकन, वार्डों की मैपिंग, मतदाता क्रम संख्या निर्धारण, एसवीएन आवंटन तथा मतदाता सूची डाउनलोडिंग का कार्य होगा। उन्होंने बताया कि 10 जून 2026 को त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावलियों का जनसामान्य के लिए अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों-अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), समस्त उपजिलाधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा सभी खंड विकास अधिकारियों को समयबद्ध ढंग से कार्यवाही पूरी करने के निर्देश दिए हैं। पुनरीक्षण कार्य के दौरान पड़ने वाले सार्वजनिक अवकाश दिवसों में भी संबंधित कार्यालय खुले रहेंगे, ताकि निर्धारित समयसीमा में मतदाता सूची का कार्य पूर्ण कराया जा सके।

ससुरालीजनों पर मारपीट का आरोप

बछरावां : थाना क्षेत्र के अंतर्गत महरौरा गांव की शिवानी पत्नी बलराम ने ससुरालीजनों पर मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाया है। बताया कि रविवार मुझे मारा पीटा, जिससे मैं घायल हो गई। वहीं मुझे बचाने जब मेरे चार साल के पुत्र शिवा और तीन वर्ष के पुत्र ऋषभ को भी पीटा। घायल अवस्था में पीड़िता का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां लाया गया, जहां पर उसकी हालत को गंभीर देखते हुए चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। चिकित्सक के मुताबिक महिला गर्भवती है। इस बाबत थाना प्रभारी श्याम कुमार पाल ने बताया कि घटना की अभी जानकारी प्राप्त नहीं हुई है, घटना की तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्यवाही की जाएगी।

कार की टक्कर से युवक की मौत

अमावां : रायबरेली-अयोध्या हाईवे पर रविवार दोपहर तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन समेत फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गुरबक्शगंज थाना क्षेत्र के किलौली गांव निवासी अरमान (32) पुत्र उस्मान अपनी बहन के घर अमावां आया था। रविवार सुबह वह बाइक से घर लौट रहा था। मिल एरिया थाना क्षेत्र के मनचितपुर के पास विपरीत दिशा से आई तेज रफ्तार कार ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में अरमान की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने कार चालक की तलाश शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर संजय कुमार ने बताया कि परिजनों से तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

ईश्वर के प्रति अडिग आस्था हमारी अदम्य इच्छाशक्ति का प्रमाण

ऊंचाहार (रायबरेली)

अमृत विचार। सोमनाथ मंदिर के स्थापना के एक हजार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में देशभर में मनाए जा रहे 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' के तहत ऊंचाहार नगर पंचायत में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कृष्ण चंद जायसवाल ने नगर के प्राचीन शिवालय महादेवन में अभिषेक करके आरती की।

उन्होंने कहा कि सोमनाथ केवल मंदिर नहीं, बल्कि भारत की अडिग आस्था और सांस्कृतिक स्वाभिमान का प्रतीक है। नगर के महादेवन मोहल्ले में स्थित स्वय भू शिवलिंग की विधिवत पूजा अर्चना की गई। कार्यक्रम में मौजूद ऊंचाहार देहात के प्रधान धनराज यादव ने कहा कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व यह संदेश देता है कि भारत की सांस्कृतिक जड़ें बेहद मजबूत हैं। हजार साल की श्रद्धा न कभी झुकी, न टूटी। अब समय है कि हम अपनी विरासत को अगली पीढ़ी तक पहुंचाएं। इस मौके अधिशासी अधिकारी सिकंदरदित्य , नगर पंचायत के वरिष्ठ लिपिक मनोज दीक्षित, अरविंद मौर्य, राजू मौर्या, निर्मल पेड़ीवाल, हरनारायण, अभिषेक पांडे आदि मौजूद रहे।

भीषण गर्मी में बिजली की आंख मिचौली से उपभोक्ता परेशान

खीरों (रायबरेली)

अमृत विचार। भीषण गर्मी के बीच क्षेत्र के उपभोक्ता बिजली की आंख मिचौली और अघोषित कटौती से परेशान हैं। चौबीस घंटे में टुकड़ों में मुश्किल से छह घंटे ही बिजली मिल पा रही है। इससे ग्रामीणों को रातभर जागना पड़ रहा है और पेयजल संकट भी गहराता जा रहा है।

ब्लॉक के खीरों, सेमरी और कलुआखेड़ा उपकेंद्रों से करीब पौने दो लाख आबादी को बिजली आपूर्ति दी जाती है। ग्रामीणों का आरोप है कि करीब 18 घंटे से अधिक कटौती की जा रही है। शनिवार सुबह पांच बजे कटौती के बाद साढ़े तीन घंटे बाद डेढ़ घंटे के लिए आपूर्ति दी गई। इसके बाद दिनभर रुक-रुक कर बिजली आती-जाती रही। रात में भी कई बार आपूर्ति बाधित रही।

पनप रहा आक्रोश

ग्रामीणों ने बताया कि विभागीय अधिकारी केवल व्हाट्सएप ग्रुप पर रोस्टिंग की सूचना देते हैं, जबकि हेल्पलाइन नंबर 1912 पर शिकायत करने पर फोन तक नहीं उठाया गया। लगातार कटौती से गर्मी में पेयजल संकट गहरा गया है।

परेशान ग्राम प्रधान रामलखन सैनी, रामशरण पांडेय, इरशाद अली, दयाशंकर यादव समेत कई ग्रामीणों ने नियमित आपूर्ति की मांग की है। चेतावनी दी कि समस्या का समाधान न होने पर आंदोलन किया जाएगा। इस संबंध में उपखंड अधिकारी सत्येंद्र कुमार ने बताया कि उपकेंद्र स्तर से कोई कटौती नहीं की जाती है। जितनी बिजली ऊपर से मिलती है, उतनी ही उपभोक्ताओं को दी जाती है। रोस्टिंग उच्च स्तर से की जाती है।

पिछले डेढ़ साल से बिजली की समस्या से जूझ रहे ग्रामीण

सरेनी, अमृत विचार। क्षेत्र के मलकेगांव विद्युत वितरण उपखंड़ स्थित काल्हीगांव की बिजली समस्या पर डेढ़ साल पहले उठी आवाज आज भी समाधान का इंतजार कर रही है, लेकिन विभाग के दावे अब भी सब सामान्य के इर्द-गिर्द ही घूम रहे हैं। हकीकत यह है कि गांव की बिजली व्यवस्था अब भी उसी जर्जर ढांचे पर टिकी है, जो कभी भी बड़े हादसे को न्योता दे सकता है। राजीव गांधी विद्युतीकरण योजना के तहत बिछाई गई पुरानी और कम क्षमता वाली लाइन पर ही 100 केवीए का ट्रांसफार्मर लाद दिया गया था। बिना तार बदले लोड बढ़ाने का नतीजा वही निकला जिसकी आशंका थी। बार-बार फॉल्ट,एक फेज से चल रही आपूर्ति।ग्रामीणों ने तब भी चेताया था कि यह आधा-अधूरा काम आगे बड़ी समस्या बनेगा,लेकिन जिम्मेदारों ने इसे गंभीरता से नहीं लिया।अ ब डेढ़ साल बाद विभाग कह रहा है कि कार्य का प्राक्कलन बनाकर बिजनेस प्लान में भेज दिया गया है, स्वीकृति मिलते ही केबल बदली जाएगी। यानी समस्या जस की तस, बस कागजी कार्रवाई आगे बढ़ी है। ग्रामीणों का कहना है कि आज भी लोड बढ़ते ही फॉल्ट हो जाता है और लाइनमैन के भरोसे व्यवस्था चल रही है। स्थानीय लोगों ने कहा कि यदि जल्द कोई कदम नहीं उठाया गया तो आंदोलन किया जाएगा।

अन्याय के खिलाफ मुखर रहे भगवान परशुराम

विधायक डॉ. मनोज कुमार पांडेय ने परशुराम जन्मोत्सव पर हुए कार्यक्रम को संबोधित किया

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। भगवान परशुराम का जन्मोत्सव जिले भर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। महराजगंज क्षेत्र के ओसाह गांव में भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर कीर्तनकार शशि राजकमल और क्रांति माला ने भगवान राम और परशुराम के भजनों की सुमधुर प्रस्तुतियां देकर उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य अतिथि ऊंचाहार विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. मनोज कुमार पांडेय ने कहा कि भगवान परशुराम का संपूर्ण जीवन अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध संघर्ष का पर्याय रहा है। उन्होंने कहा कि भगवान विष्णु के अवतार रहे परशुराम ने कभी किसी निर्दोष को परेशान नहीं किया।

डॉ. पांडेय ने ब्राह्मण समाज पर की जाने वाली अनावश्यक टिप्पणियों को लेकर कड़ी चेतावनी जारी की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि ब्राह्मण समाज सदैव शिक्षित और सुरक्षित समाज के निर्माण में अग्रणी रहा है। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम का उल्लेख करते हुए मंगल पांडेय, चंद्रशेखर आजाद, सुखदेव और भगत सिंह जैसे महान क्रांतिकारियों का स्मरण कराया जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ऊंचाहार विधायक को माला पहनाते आयोजक। अमृत विचार

कार्यक्रम के दौरान विधायक ने स्थानीय विकास कार्यों का जिक्र करते हुए इसका श्रेय आयोजक राकेश त्रिवेदी उर्फ आलू महाराज को दिया। उन्होंने ओसाह गांव में स्थापित पॉलिटेक्निक कॉलेज, थर्मल पावर हाउस और प्रस्तावित मुख्यमंत्री मॉडल अटल आवासीय विद्यालय व बृहद गौशाला जैसे कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में डलमऊ नगर पंचायत अध्यक्ष बृजेश दत्त गौड़, भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष सुधा अवस्थी, विद्या सागर अवस्थी, अनूप कुमार बाजपेई, इंद्र देव शुक्ला, प्रेम शंकर अग्निहोत्री, प्रधान मनोज त्रिवेदी आदि उपस्थित रहे।

धर्म-रक्षा के लिए अवतरित छठे विष्णु अवतार हैं भगवान परशुराम, लालगंज: श्री परशुराम भगवान जन्मोत्सव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रघुवीर रोलिंग मिल कानपुर के अध्यक्ष रमेश कुमार दीक्षित ने कहा कि भगवान परशुराम भगवान विष्णु के छठे अवतार और सप्त चिरंजीवियों में से एक हैं। इनका जन्म वैशाख शुक्ल तृतीया को ऋषि जमदग्नि और माता रेणुका के पुत्र के रूप में हुआ। कार्यक्रम में प्रबुद्ध जनों के द्वारा रमेश दीक्षित का बड़ी माला पहनाकर अभिनंदन किया। विशिष्ट अतिथि डिग्री कॉलेज के प्रिंसिपल डॉक्टर निरंजन राय ने कहा कि त्रेतायुग में धर्म की रक्षा के लिए परशुराम का अवतरण हुआ। नगर पंचायत लालगंज अध्यक्ष सरिता गुप्ता ने कहा कि परशुराम ब्राह्मण कुल में जन्म लेकर भी क्षत्रिय-सा पराक्रम रखने वाले अद्भुत अवतारी हैं। हिंदू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र अग्निहोत्री ने कहा कि हम सबको भगवान परशुराम के बताए हुए रास्ते पर चलना चाहिए तभी ब्राह्मणों का बुलंद झंडा स्थापित होगा। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्री श्री 1008 स्वामी भास्कर स्वरूप जी महाराज ने कहा कि भगवान परशुराम का जीवन सिखाता है कि अन्याय के सामने झुकना नहीं चाहिए। कार्यक्रम के आयोजक दीप प्रकाश शुक्ला और अशोक शुक्ला ने कहा कि परशुराम जयंती हमें न्याय, तप और धर्म-निष्ठा का संकल्प देती है। आयोजक मंडल के मुखिया दीप प्रकाश शुक्ला ,सुशील शुक्ला ,अशोक शुक्ला, बृजेश द्विवेदी,कृष्णा त्रिवेदी के द्वारा सभी प्रबुद्ध जनों का स्वागत सम्मान भी किया गया। सीएचसी अधीक्षक डॉ. अमल पटेल, वरिष्ठ अधिवक्ता शैलेश त्रिवेदी, व्यापारी दीप चंद्रगुप्त, रामबाबू गुप्ता, चंद्र कुमार तिवारी ,महेश शर्मा, देवेश शुक्ला एडवोकेट अनुज अवस्थी ,चंदन त्रिवेदी, कीर्ति मनोहर शुक्ला, राजन अवस्थी, नीरज तिवारी, आदि मौजूद रहे।

मंदिर में भगवान परशुराम की हुई पूजा-अर्चना

जगतपुर। प्राचीन झारखंडेश्वर मंदिर में करनी सेना के प्रदेश प्रवक्ता सचिन तिवारी ने समर्थकों के साथ पूजा अर्चना किया। इस दौरान भगवान परशुराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। कार्यक्रम में वक्ताओं ने भगवान परशुराम के जीवन चरित्र, उनके शौर्य और धर्म रक्षा के संदेश पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस मौके पर रितिक तिवारी, राघवेंद्र शुक्ला, देव तिवारी, नितिन त्रिवेदी, हिमांशु तिवारी, पीयूष तिवारी, बंटी मिश्रा, सूरज पांडे, विनय त्रिपाठी, संतोष तिवारी, युवराज सिंह, अनुराग दीक्षित, मोनू सिंह, पिंकू तिवारी आदि मौजूद रहे।

परशुराम भवन में हुए भंडारा में छका प्रसाद

शिवगढ़। शिवगढ़ नगर पंचायत स्थित परशुराम भवन में भगवान विष्णु के छठवें अवतार भगवान श्रीपरशुराम का जन्मोत्सव हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन वरिष्ठ समाजसेवी अंजनी दीक्षित, समाजसेविका उर्मिला दीक्षित, समाजसेवी राज भैया उर्फ़ राज दीक्षित हरियाणा वाले, सविता दीक्षित द्वारा किया गया। सुबह मंत्रोच्चारण के साथ सगीतमयी सुन्दरकाण्ड पाठ प्रारम्भ हुआ। दोपर में महा कन्याभोज के साथ विशाल भंडारा प्रारम्भ हुआ, जो देर शाम तक चला। इस मौके पर नन्द किशोर तिवारी, रामकमल पाण्डेय,शिवगढ़ भाजपा मण्डल अध्यक्ष अवधेश त्रिवेदी, राजेश त्रिवेदी, राकेश त्रिवेदी, रामकिशोर मौर्य, अखिलेश मिश्रा, उमाकांत अवस्थी, अमित मिश्रा, शिवेंद्र शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

भंडारे में प्रसाद छकतीं बच्चियां।

पथ संचलन से देश भक्ति का दिया संदेश

संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ रायबरेली जिले का पथ संचलन एवं एकत्रीकरण कार्यक्रम राजकीय इंटर कालेज मैदान में प्रारंभ हुआ। पथ संचलन कार्यक्रम अपने तय मार्ग राजकीय इंटर कालेज मैदान से बस स्टेशन चौराहा से जोसियाना पुल से खालीसहाट से किला बाजार चौकी होते हुए श्रीराम चौक (कहारों का अड्डा) से लालचन्द्र स्वर्णकार तिराहा से कैपरगंज व घंटाघर चौराहे से सुपर मार्केट होते हुए बेनीमाधव जिला चिकित्सालय चौराहे से राजकीय इंटर कालेज मैदान वापस आकर समाप्त हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सुभाष उत्तर पूर्वी क्षेत्र के प्रचार प्रमुख (प्रचारक) ने कहा कि संघ की शून्य से शतक की यात्रा तमाम चुनौतियों और झंझावातों से भरी रही है, लेकिन संघ ने हमेशा अपने मूल्यों और लक्ष्यों को कायम रखा। अब 100 वर्ष की यात्रा में संघ अपने 'पंच-परिवर्तन' के लक्ष्यों के साथ समाज को नई दिशा देने के लिए प्रतिबद्ध है। नागपुर में आरएसएस की स्थापना करने वाले डा. हेडगेवार को याद करते हुए कहा डा. साहब ने कहा था की हमें देश के लिए मरने वाले नहीं बल्कि जीने वाले चाहिए। उन्होंने अक्षय तृतीया के दिन महापुरुषों को याद किया और उनके अक्षय संकल्पों को याद दिलाया और गीता, वेद के बहुत सारे मंत्रों का वाचन कर उनका अर्थ बताकर स्वयं सेवकों को प्रेरित और मार्गदर्शित किया , उन्हें राष्ट्र की सेवा में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में अमरेश सिंह विभाग संघचालक, उधम विभाग कार्यवाह, अमित चौहान विभाग शारीरिक प्रमुख, गया विभाग सेवा प्रमुख, डीबी सिंह जिला सह संघचालक, अमित जिलाकार्यवाह, गायेंदु, ओम प्रकाश जिला सह कार्यवाह, धनंजय सिंह जिला प्रचार प्रमुख, दिनेश जिला शारीरिक शिक्षण प्रमुख, कृपाशंकर आदि मौजूद रहे।

आग ने मचाई तबाही, 9 बकरियां जिंदा जलीं

खीरों (रायबरेली)

अमृत विचार। रविवार को दोपहर लगभग एक बजे खीरों क्षेत्र के गांव खांडेपुर में अज्ञात कारणों से आग लग गई। इससे तीन घरों की दस लाख से अधिक की संपत्ति और नौ बकरियां सहित सभी सामान जलकर राख हो गया। पांच बकरियां और एक भैंस भी झुलस गई। आग बुझाने के दौरान आग की चपेट में आकर एक युवक भी झुलस गया। ग्रामीणों ने दमकल की मदद से आग को बुझाया।

गांव के हनुमान पुत्र रामशंकर के घर के पास अचानक आग लग गई। जब तक ग्रामीण आग बुझाने का प्रयास करते, तब तक आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। हनुमान के घर के साथ ही पड़ोसी समीदन बानो पत्नी असीर मोहम्मद और जन्नतुन बानो पुत्री असीर मोहम्मद के घर को चपेट में ले लिया। ग्रामीणों ने पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। लेकिन लगभग डेढ़ घंटे बाद दमकल और पुलिस पहुंची। इस दौरान ग्रामीणों ने काफी प्रयास कर आग पर काबू पाया। दमकल पहुंचने पर शेष आग बुझाई जा सकी। इस दौरान हनुमान की सारी गृहस्थी जलकर राख हो गई। उनकी एक कीमती भैंस भी बुरी तरह झुलस गई। इसी बीच जन्नतुन और समीदुन बानो की भी सारी गृहस्थी राख के ढेर में तब्दील हो गई। समीदुन बानो और जन्नतुन की नौ बकरियां जलकर खाक हो गई और पांच झुलस गई। आग बुझाने के दौरान जन्नतुन का बेटा जुनैद (25) भी गम्भीर रूप से झुलस गया। जिसका सीएचसी खीरों में इलाज चल रहा है। आसपास के लगभग आधा दर्जन लोगों के मकान भी चपेट में आए और लाखों की संपत्ति जलकर खाक हो गई। वहीं प्रधान रामप्रकाश सिंह की सूचना पर डेढ़ घंटे बाद पहुंची पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने आग बुझाई और क्षेत्रीय लेखपाल आलोक कुमार ने पीड़ितों के नुकसान का आंकलन किया। प्रभारी निरीक्षक सन्तोष कुमार सिंह ने बताया कि फायर ब्रिगेड और पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से आग बुझा ली गई है। राजस्व विभाग द्वारा नुकसान का आंकलन किया जा रहा है। पीड़ितों को सरकारी सहायता दिलाने का प्रयास किया जायेगा।

लाखों का सामान राख

परिजन। अमृत विचार

सड़क हादसों में महिला की मौत, छह लोग घायल

सलोन (रायबरेली)

अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र में सड़क हादसा थमने का नाम नही ले रहा है। उमरी गांव के समीप बाइक और कार की आपस मे जोरदार टक्कर से पति पत्नी और बच्चों समेत चार लोग घायल हुए है। घायलों को सीएचसी में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। यहां हालत गम्भीर होने पर दम्पति को जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

कोतवाली अंतर्गत पावरगंज निवासी राजकुमार अपनी पत्नी रेखा, बच्चे काव्या और लाडो के साथ बाइक से रिस्तेदारी में जा रहे थे। उमरी गांव के समीप प्रतापगढ़ से रायबरेली की तरफ जा रही कार से बाइक सवार की टक्कर हो गई। दुर्घटना में दम्पत्ति उनके बच्चों के साथ कार चालक चंद्रभूषण सिंह निवासी फुलवारी थाना मोहनगंज प्रतापगढ़ घायल हो गए। स्थानीय लोगों घायलों को सीएचसी पहुंचाया। यहां से गम्भीर अवस्था मे दम्पति को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। वही शनिवार देर शाम सांडा सैदन निवासी श्रवण पटेल पुत्र गनपत पटेल की बाइक में औना सदरा पेट्रोल पंप के समीप अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार कर घायल कर दिया।करहिया बाजार में अंकित पटेल पुत्र दशरथ पटेल निवासी लालगंज जनपद प्रतापगढ़ अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गए। दोनों घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

हरे आम के पेड़ों की कटान का वीडियो वायरल

बछरावां, अमृत विचार। थाना क्षेत्र के अघौरा गांव में आधा दर्जन से अधिक हरे आम के पेड़ों की कटान का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठने लगी है। ग्रामीण सुनील, सोनू, आकाश, निजाम, जगेश्वर, हरिमोहन समेत अन्य ग्रामीणों का आरोप है कि ब्लॉक क्षेत्र के कटरा, मदाखेड़ा, अघौरा, टूसी, पस्तौर, राजामऊ , सुदौली समेत अन्य सीमावर्ती गांवों में इन दिनों अवैध पेड़ कटान जोरों से चल रहा है। आरोप लगाया कि वन विभाग और स्थानीय पुलिस की मिलीभगत से खुलेआम अवैध कटान का काम किया जा रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके। इस संबंध में वन रक्षक ब्रजेश वर्मा ने बताया कि अघौरा गांव सदर क्षेत्र में आता है, जो उनके कार्य क्षेत्र से बाहर है। उन्होंने कहा कि संबंधित क्षेत्र के जिम्मेदार अधिकारियों को सूचना देकर आवश्यक कार्यवाही कराई जाएगी।

काटे गए आम के हरे पेड़।

सामूहिक शादी समारोह में 5 जोड़े बने जीवन साथी

सामूहिक शादी समारोह में पूजन करते वर-वधू और उपस्थित परिजन।

खीरों (रायबरेली) अमृत विचार। विकास क्षेत्र के शास्त्रीनगर कस्बा खीरों के श्रीदुर्गा बाल विद्यामंदिर इंटर कालेज परिसर में रविवार को दुर्गा जागरण सेवा समिति द्वारा 4वें सामूहिक शादी समारोह का आयोजन किया गया। इसमें पांच वर वधुओं ने सात फेरे लेकर एक दूसरे को अपना जीवनसाथी बनाया। आयोजक राजेश नारायण शुक्ला उर्फ राजू शुक्ला ने बताया कि उनके बड़े भाई स्व . श्रीनारायण शुक्ला उर्फ तकाबी बाबू ने विगत 14 वर्ष पूर्व वर्ष 2013 में गरीब कन्याओं की शादी कराने का संकल्प लिया था। उसी क्रम में लगातार प्रतिवर्ष अपने धन से गरीब कन्याओं का विवाह कराया जा रहा है। अब तक 82 गरीब कन्याओं का विवाह कराया जा चुका है। इसमें नुनैरा की उर्मिला पुत्री सूरजराम का पाहो के अजय कुमार पुत्र रामनरेश, पूरे जुड़ावन मजरे मेड़ौली की राखी देवी पुत्री रामकुमार का मगरायर उन्नाव के अंकुश कुमार पुत्र रमेशचंद्र, देवीखेड़ा मजरे रनापुर पहरौली की लक्ष्मीदेवी पुत्री रामकुमार का सुखईखेड़ा के शिवम कुमार पुत्र शीतला प्रसाद, लोहानीपुर उन्नाव की मधु पुत्री निर्मलेश का राजीव नगर फरीदाबाद के दीपक कुमार पुत्र विशंभर और बिसरा मानपुर की शिवानी पुत्री सन्तोष का विवाह पूरे देवीसिंह चाँदेमऊ निवासी वीरेन्द्र कुमार पुत्र रामनरेश के साथ कराया गया है। समिति द्वारा सभी कन्याओं को दैनिक उपयोग की समस्त वस्तुएं भेंट स्वरूप दी गई हैं।

बदहाली | खेलो इंडिया के तहत जैतूपुर में साढ़े चार करोड़ की लागत से बनना है मल्टीपरपज हॉल, बजट के इंतजार में बैठे जिम्मेदार

खिलाड़ियों के सपनों को नहीं लगे पंख, अधूरा पड़ा स्टेडियम

दिलीप सिंह/केके ओझा, रायबरेली

अमृत विचार। खिलाड़ियों के सपनों को साकार करने के लिए सरकार की ओर से योजनाओं की घोषणा तो कर दी जाती है, लेकिन धरातल पर लाने के लिए हकीकत से ज्यादा कागजों पर काम होता है। जी हां यह भले ही सुनने में अजीब लग रहा हो, लेकिन होता कुछ ऐसा ही है। वर्तमान सरकार खेल को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है, वहीं जिम्मेदारों की शिथिलता के चलते खामियाजा उभरते खिलाड़ियों को भुगतना पड़ रहा है।

हम बात करे जिले के स्टेडियम की तो सिर्फ एक ही मोतीलाल नेहरू स्टेडियम है। वहीं दूसरा प्रस्तावित स्टेडियम और मल्टीपरपज हाल समय सीमा समाप्त हो जाने के बाद भी अधूरा पड़ा है। जिले के प्रतिष्ठित मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में आधुनिक सुविधाओं से लैस बैडमिंटन हॉल बनकर पूरी तरह तैयार हो चुका है, लेकिन विडंबना यह है कि खिलाड़ियों को अब तक इसमें खेलने की अनुमति नहीं मिल पाई है। लाखों रुपये की लागत से बने इस हॉल का उद्घाटन और उपयोग शुरू न होना स्थानीय खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों के लिए बड़ी निराशा का कारण बन गया है। स्थानीय बैडमिंटन खिलाड़ियों का कहना है कि वे लंबे समय से इस हॉल के शुरू न होने से अभ्यास के लिए उन्हें निजी हॉल या खुले मैदान का सहारा लेना पड़ता है, जिससे उनकी तैयारी प्रभावित हो रही है।

शहर के जैतूपुर में निर्माणाधीन स्टेडियम। अमृत विचार

निर्माणाधीन स्टेडियम का मल्टीपरपज हॉल। अमृत विचार

जानकारी के अनुसार, हॉल का मरम्मत कार्य पूरा हो चुका है। इसमें कोर्ट, लाइटिंग, और अन्य सुविधाओं की राह में बजट रोड़ा बना हुआ है। इससे स्टेडियम का इंतजार बढ़ता जा रहा है। वैसे जिले में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, लेकिन संसाधनों के अभाव में वे आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं। यदि यह हॉल शुरू हो जाए, तो जिले के युवा खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण और प्रतियोगिताओं की तैयारी का मौका मिल सकता है। स्थानीय लोगों और खिलाड़ियों का कहना है कि यदि समय रहते बजट जारी नहीं किया गया, तो अब तक किए गए निर्माण कार्य को नुकसान हो सकता है।

जैतूपुर स्टेडियम को आठ महीने से बजट का इंतजार: क्षेत्र में खेल सुविधाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से साढ़े चार करोड़ रुपये का बजट प्रस्तावित है। अब तक 119.73 लाख रुपये ही अवमुक्त किए गए हैं। इसके बाद से बजट नहीं दिया गया। इसके चलते पिछले आठ महीने से निर्माण कार्य ठप पड़ा है। सबसे खास बात स्थानीय लोग निर्माण की गुणवत्ता पर भी सवाल उठा रहे हैं। उनका कहना है कि संबंधित ठेकेदार द्वारा घटिया सामग्री का प्रयोग किया गया है। उनका कहना है कि स्टेडियम परिसर में बैडमिंटन हॉल का ढांचा तो तैयार कर लिया गया है, लेकिन खिड़कियां, फर्श और अन्य आवश्यक उपकरणों का काम अब तक पूरा नहीं हो सका है। निर्माण कार्य रुकने से न केवल भवन की गुणवत्ता प्रभावित होने की आशंका है, बल्कि स्थानीय खिलाड़ियों और युवाओं को भी सुविधाओं से वंचित होना पड़ रहा है।

> बजट के बाबत उच्चाधिकारियों को पत्र लिखा गया है। बजट मिलते ही आगे का कार्य शुरू करा दिया जाएगा। खिलाड़ियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने का पूरा प्रयास किया जा रहा है।
>
> -धीरेंद्र कुमार पुरुषोत्तम, जिला क्रीड़ा अधिकारी रायबरेली।

बसपा सरकार में स्टेडियम का बना था प्रस्ताव: वैसे तो स्टेडियम निर्माण को लेकर 2021 में शासन से प्रस्ताव को स्वीकृति मिली। इसके बाद 2024 में बजट मंजूर किया गया। चार फरवरी 2025 को पूर्ण होने की तिथि निर्धारित की गई थी, लेकिन अभी तक अधूरा है। हकीकत में इसको लेकर बसपा सरकार 2009 में तत्कालीन खेल मंत्री ने घोषणा की थी। इसके बाद सपा सरकार बनने पर ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। भाजपा सरकार में स्थानीय विधायक अदिति सिंह ने प्रमुखता से उठाया, जिसके बाद बजट स्वीकृत हो सका।

न्यूज ब्रीफ

चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

महराजगंज (रायबरेली) : चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक युवक को चाकू के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पकड़ा गया युवक पूरे अमान सिंह मजरे लालू पुर निवासी अभय सिंह बताया गया। कोतवाल ने बताया कि पूरे कुटी के पास पैदल जा रहे युवक को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

धर्मेंद्र शुक्ला बने जिला पर्यवेक्षक

अमेठी। आगामी पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 को लेकर कांग्रेस पार्टी ने जिला पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है। 165 जोरासांको विधानसभा क्षेत्र के लिए वरिष्ठ नेता धर्मेंद्र शुक्ला को जिला पर्यवेक्षक बनाया गया है। उनकी नियुक्ति से पार्टी कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है।

धर्मेंद्र शुक्ला ने इस जिम्मेदारी के लिए पार्टी के शीर्ष नेतृत्व सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और सांसद किशोरीलाल शर्मा सहित एआईसीसी महासचिव व बंगाल प्रभारी गुलाम अहमद मीर और वरिष्ठ नेता बी.पी. सिंह का आभार जताया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने एक साधारण कार्यकर्ता पर जो भरोसा जताया है, उसे पूरी निष्ठा से निभाएंगे। संगठन को मजबूत करने और कांग्रेस प्रत्याशी को विजयी बनाने के लिए पूरी ताकत से काम करेंगे। छात्र जीवन से ही कांग्रेस की विचारधारा से जुड़े शुक्ला ने हर जिम्मेदारी को ईमानदारी से निभाने का संकल्प दोहराया।

भीषण आग से तार व कई ड्रम राख

अमेठी : रविवार दोपहर मुंशीगंज रोड स्थित पावर हाउस परिसर में अचानक भीषण आग लग गई, जिससे वहां रखे वायर के कई ड्रम जलकर राख हो गए। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि पास के गेहूं के खेत तक पहुंच गईं और फसल को भी नुकसान हुआ। दूर से उठता काला धुआं और ऊंची लपटें साफ दिखाई दे रही थीं, जिससे आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों के अनुसार सूचना देने के काफी देर बाद तक फायर ब्रिगेड मौके पर नहीं पहुंची। इस बीच ग्रामीणों और खेत मालिकों ने खुद मशक्कत कर खेत में लगी आग पर काबू पाया, जिससे बड़ा नुकसान टल सका। पावर हाउस के कर्मचारियों ने तत्काल विद्युत आपूर्ति बंद कर दी, जिससे संभावित बड़ा हादसा होने से बच गया। घटना की सूचना मिलते ही विद्युत विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। प्रारंभिक तौर पर आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है, हालांकि वास्तविक कारणों की जांच की जा रही है। विभाग द्वारा नुकसान का आकलन भी शुरू कर दिया गया है। खबर लिखे जाने तक फायर ब्रिगेड के पहुंचने की पुष्टि नहीं हो सकी थी।

गाली-गलौज व धमकी मामले में तीन पर मुकदमा दर्ज

कादीपुर (सुलतानपुर) : कादीपुर कोतवाली क्षेत्र के पलियागोलपुर गांव में गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पीड़िता मीना ने आरोप लगाया कि वर्ष 2024 में उनकी पुत्री अनामिका की हत्या के मामले में आरोपी जमानत पर छूटने के बाद घर आकर धमकी दे रहे हैं। प्रभारी निरीक्षक दीपेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि अनिल, संदीप और पुनीता के खिलाफ नामजद केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

कुएं में मिला युवक का शव, भड़के परिजन

हत्या की आशंका जताते हुए परिजनों का एफआईआर न होने तक अंतिम संस्कार से इंकार

जायस (अमेठी)

अमृत विचार। थाना जायस क्षेत्र में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। ज्ञानचंद उर्फ नंकू का खून से लतपथ शव कुएं में शनिवार को मिलने के बाद परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए रविवार को जमकर हंगामा किया और एफआईआर दर्ज न होने तक अंतिम संस्कार करने से साफ इनकार कर दिया। रविवार को शव घर पहुंचते ही परिजन और ग्रामीण आक्रोशित हो उठे। मौके पर पहुंचे फुरसतगंज थाना अध्यक्ष नंद हौशिला यादव देर शाम तक परिजनों को समझाने का प्रयास करते रहे, लेकिन कोई समाधान नहीं निकल सका। स्थिति को देखते हुए गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

ज्ञानचंद की फाइल फोटो।

हंगामे के दौरान परिजन व ग्रामीणों से बातचीत करती पुलिस। अमृत विचार

परिजनों के अनुसार, 15 तारीख को ज्ञानचंद अपने ही गांव के निवासी रामस्वरूप की दुकान पर काम करने गया था। देर रात तक घर न लौटने पर परिजन जब रामस्वरूप के पास पहुंचे, तो उसने पहले कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया और बाद में बताया कि ज्ञानचंद वहां से चला गया था। वहीं शनिवार को उसके के गांव के बाहर कुएं में खून से लतपथ शव उतरता मिला जहां पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया

परिजनों का आरोप है कि जब गुमशुदगी दर्ज कराने थाना पहुंचे, तो पुलिस ने बताया कि रामस्वरूप पहले ही एक प्रार्थना पत्र दे चुका है, जिसमें उसने ज्ञानचंद को मानसिक रूप से अस्वस्थ बताया है। परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने उनकी तहरीर लेने के बजाय उन्हें ही मुकदमे में फंसाने की धमकी दी, जिससे वे डर गए। मृतक के परिवार में पत्नी दीपा (लगभग 30 वर्ष), जो जालंधर (पंजाब) में रहती हैं, और एक 6 वर्षीय बेटा है। घटना के बाद परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया और निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर प्रदर्शन शुरू कर दिया।

हंगामा कर रहे परिजनों ने यह भी आरोप लगाया कि मृतक के ससुर लखन को पुलिसकर्मी महेश कुमार घर से ले जाकर करीब 2 किलोमीटर दूर धमकाया गया और जबरन एक कागज पर हस्ताक्षर कराए गए। उनसे यह भी कहलवाया गया कि विवाद घर पर ही हुआ था। घटना की सूचना पर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता देवेंद्र भीमराज और मोहम्मद मुस्लिम भी मौके पर पहुंचे और परिजनों को न्याय दिलाने की मांग की। साथ ही मामले को लेकर क्षेत्र में तनाव बना हुआ है और ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। परिजन निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग पर अड़े हुए हैं।

वहीं जिले के एसपी सरवणन टी. ने बताया कि हत्या नहीं हुई है अचानक कुएं में गिरने से मौत हुई है मृतक के परिजन विपक्षी पर हत्या का केस दर्ज कराना चाहता है पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या से संबंधित रिपोर्ट नहीं आई है किसी भी निर्दोष व्यक्ति को जेल नहीं भेज सकते हैं।

डिवाइडर से टकराई बाइक, युवक की मौत

कमरौली (अमेठी)। रविवार को देर शाम नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार एक बार फिर जानलेवा साबित हुई। कमरौली थाना क्षेत्र के गढ़ा मोड़ के पास बाइक सवार दो युवक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराए। हादसा इतना भीषण था कि दोनों युवक उछलकर करीब 20 मीटर दूर जा गिरे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक काफी तेज गति में थी, जिससे चालक नियंत्रण खो बैठा और सीधे डिवाइडर से भिड़ गई। टक्कर के बाद दोनों युवक सड़क पर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों को तत्काल ट्रामा सेंटर, जगदीशपुर पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने विजयभान को मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरे घायल सूरज कुमार की हालत नाजुक होने पर प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। मृतक की पहचान विजयभान निवासी पूरे कलंदर, अचलपुर जामो (अमेठी) के रूप में हुई है, जबकि घायल सूरज कुमार निवासी पूरे तिवारी, पलिया पश्चिम, थाना कमरौली बताया जा रहा है।

लकड़ी कटान में संलिप्तता पर डीएफओ ने फॉरेस्टर को हटाया

महराजगंज (रायबरेली)

अमृत विचार। क्षेत्र में प्रतिबंधित हरे पेड़ों की अवैध कटान के खिलाफ वन विभाग ने अब सख्त रुख अपना लिया है। डीएफओ प्रखर मिश्रा के कड़े निर्देशों के बाद विभाग ने न केवल अवैध लकड़ी और वाहनों को सीज किया है, बल्कि लापरवाही बरतने वाले विभागीय कर्मियों पर भी सख्त कार्रवाई की है। इस कार्रवाई से स्थानीय वन माफियाओं और लकड़ी ठेकेदारों में हड़कंप मच गया है।

विगत एक सप्ताह से महाराजगंज क्षेत्र के सगरापुर, मोती का पुरवा, बरी और बारा आदि गांवों से आम, नीम, जामुन और गूलर जैसे प्रतिबंधित हरे पेड़ों की लगातार कटान की सूचनाएं वन विभाग को मिल रही थीं। वन विभाग ने 16 अप्रैल को भी एक लकड़ी ठेकेदार पर 20,000 रुपये का जुर्माना लगाया था, लेकिन इसके बावजूद अवैध कटान का सिलसिला नहीं थमा। विभाग ने ताबड़तोड़ एक्शन लेते हुए डीएफओ प्रखर मिश्रा के निर्देश पर सचल दल प्रभारी राम बिहारी शुक्ला और नितिन की टीम ने जाल बिछाया। शुक्रवार सुबह चंदापुर चौराहे के नजदीक विभाग ने अवैध लकड़ी से लदे दो पिकअप और एक ट्रैक्टर-ट्राली को रंगे हाथों पकड़ लिया। बछरावां के

अमृत विचार IMPACT

वन विभाग की मिलीभगत से हरियाली पर चल रहा आरा, जिम्मेदार खामोश

अमृत विचार में प्रकाशित खबर।

वन रेंजर अधिकारी नावेद अहमद सिद्दीकी ने बताया दो पिकअप और एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर रायबरेली डिवीजन भेजा गया। सचल दल प्रभारी राम बिहारी शुक्ला के अनुसार, दोनों पिकअप पर 75-75 हजार रुपये और ट्रैक्टर-ट्राली पर 1 लाख रुपये समेत कुल ढाई लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। अवैध कटान को रोकने में शिथिलता बरतने के चलते वन विभाग ने अपने ही कर्मियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए हलोर के बीट प्रभारी श्यामबाबू को भवानीगढ़ के लिए तबादला कर दिया है।

वहीं फॉरेस्टर कृष्ण गोपाल शर्मा को महाराजगंज से हटाकर कार्यालय से संबद्ध कर दिया गया है। उनके स्थान पर अभिषेक सिंह को कमान सौंपी गई है।

रिटायर्ड शिक्षक के तीस लाख के जेवरात किए पार

अमावां (रायबरेली)

अमृत विचार। मिल एरिया थाना क्षेत्र में शनिवार रात चोरों ने एक रिटायर्ड शिक्षक के घर पर लाखों की नगदी और करीब 30 लाख के जेवरात पार कर दिए। सुबह परिजनों को जानकारी हुई तो सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है।

मिल एरिया थाना क्षेत्र के कचौंदा नानकारी गांव निवासी अंजनी कुमार अवस्थी रिटायर्ड शिक्षक है। शनिवार की रात अंजनी कुमार अपनी पत्नी के साथ खाना खाने के बाद घर के बाहर हमेशा की तरह सो गए। घर के ऊपर के कमरे में अंजनी कुमार का लड़का अमर कुमार अवस्थी अपनी पत्नी के साथ सोया था। रात के वक्त घर के पीछे की छत से चढ़े चोर आंगन में उतर गए। पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में अमर कुमार

अलमारी में बिखरा सामान।

अवस्थी ने बताया है घर में घुसे चोरों ने कमरों में रखी अलमारी व बक्सों के ताले तोड़कर बहन के यहां विवाह में देने के लिए रखे 2.25 लाख चोरों ने पार कर दिया। इसके अलावा चोरों ने दो भाइयों की शादियों में बनाए गए 30 लाख रुपये कीमत के जेवरात पार कर दिये।

पुल के अधूरे निर्माण से आवागमन प्रभावित

संवाददाता, अमेठी

अमृत विचार। कालिकन धाम मंदिर को जोड़ने वाले मार्ग पर मालती नदी पर बन रहे पुल का निर्माण कार्य सुस्त पड़ गया है। करीब दो करोड़ रुपये की लागत से स्वीकृत इस पुल का निर्माण लोक निर्माण विभाग द्वारा कराया जा रहा है, लेकिन एक साल बीतने के बाद भी काम अधूरा है। अब तक केवल पिलर निर्माण का कार्य हुआ है, जिसमें भी एक पिलर ही पूरा हो सका है, जबकि तीन पिलर अधूरे पड़े हैं। पिछले एक माह से ठेकेदार ने निर्माण कार्य बंद कर दिया है। इससे अमेठी-संग्रामपुर-चन्द्रिन मार्ग पर भारी वाहनों का आवागमन दो वर्षों से प्रभावित है।

पुल अधूरा होने से कालिकन धाम मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

मालती नदी पर निर्माणाधीन पुल। अमृत विचार

लापरवाही

- ठेकेदार ने रोका काम, श्रद्धालु व राहगीरों को हो रही परेशानी

स्थानीय लोगों में इसे लेकर नाराजगी है।

वहीं, कांग्रेस के संग्रामपुर ब्लॉक अध्यक्ष बृजेश कुमार मिश्र ने सरकार पर जनहित की अनदेखी का आरोप लगाया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ तो जनता आंदोलन के लिए बाध्य होगी। विभागीय अधिकारियों से संपर्क का प्रयास भी सफल नहीं हो सका। साथ ही स्थानीय लोगों ने प्रशासन से निर्माण कार्य पूरा करवाने की मांग की है।

चोरी बढ़ने के चलते कोतवाल ने शिक्षामित्र अनुदेशक व रसोइयों के साथ की बैठक

शिक्षामित्र, अनुदेशक, रसोइयों के साथ बैठक करते कोतवाल।

महराजगंज (रायबरेली) अमृत विचार। स्कूलों में चोरी रोकने को लेकर पुलिस ने मुहिम चलाई हैं। शिक्षकों, शिक्षामित्र, अनुदेशक व रसोइयों के अलावा पंचायत मित्र, ग्राम प्रधानों के साथ बैठक की। कोतवाल जगदीश यादव ने बैठक में कहा कि स्थानीय स्तर पर ऐसे लोगों को चिन्हित कर गुप्त रूप से सूचना दें। जिससे चोरी की घटनाओं को रोका जा सकेगा। चोरी करने वाले लोग बाहर के कभी नहीं हो सकते। गांवों में कुछ शरारती तत्व ही इन घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। शिक्षा मित्र, अनुदेशकों ने पुलिस की बातों का समर्थन किया। इस मौके पर मोहम्मद अली, छोटेलाल, पूर्व प्रधान माता फेर सिंह, दिलीप तिवारी, अमित त्रिपाठी, पवन कुमार आदि मौजूद रहे।

महिला आरक्षण पर सपा ने साधा निशाना

सुलतानपुर, अमृत विचार : सपा नेता अशोक सिंह बिसेन ने महिला आरक्षण बिल पर भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए इसे संविधान और संघीय ढांचे के खिलाफ बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि परिसीमन के जरिए लोकसभा सीटें बढ़ाने की तैयारी हो रही है। सपा ने महिला आरक्षण का समर्थन करते हुए दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक वर्ग की महिलाओं को भी समान भागीदारी देने की मांग की।

प्रवेश पाण्डेय बने समीक्षा अधिकारी

बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचार : बल्दीराय ब्लॉक के सोरांव ग्राम निवासी प्रवेश पाण्डेय का चयन सचिवालय में समीक्षा अधिकारी पद पर होने से क्षेत्र में खुशी की लहर है। उनकी सफलता पर जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने बधाई दी। पहले वह अमेठी में सहायक अध्यापक थे। यह उनकी तीसरी सरकारी नौकरी है। उनकी उपलब्धि से युवाओं में उत्साह है और इसे मेहनत व लगन का परिणाम बताया जा रहा है।

स्वास्थ्य मेले में 1160 लोगों को मिला लाभ

सुलतानपुर, अमृत विचार : 249वां आरोग्य स्वास्थ्य मेला सभी 47 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। मेले का संचालन 62 चिकित्सकों और 265 पैरामेडिकल स्टाफ के सहयोग से किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। कुल 1160 लोगों का उपचार किया गया, जिनमें 547 पुरुष, 508 महिलाएं और 105 बच्चे शामिल रहे। साथ ही 13 गोल्डन कार्ड और 18 आभा कार्ड भी बनाए गए।

रामगढ़ में बंदरों का आतंक, 6 लोग घायल

भदैंया, सुलतानपुर, अमृत विचार : भदैया विकासखंड के रामगढ़ गांव सहित आसपास के क्षेत्रों में बंदरों के बढ़ते आतंक से ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है। बीते दिनों बंदरों के हमले में करीब छह लोग घायल हो गए, जिनका इलाज चल रहा है। रामगढ़ के साथ लहियाजलपापुर, कंधईपुर और शंभूगंज बाजार में भी बंदरों का उपद्रव बढ़ गया है। लहियाजलपापुर निवासी मो. तामील, रामगढ़ के तसलीक और रामपियारे की पत्नी चंद्रवती समेत कई लोग हमले में घायल हुए हैं। बंदरों के कारण घरों की छतों पर लगे टीनशेड टूट रहे हैं और खेतों में सब्जियों की फसल भी नुकसान झेल रही है। ग्रामीणों का कहना है कि स्थिति ऐसी हो गई है कि घर से बाहर निकलना भी मुश्किल हो गया है। शिकायत के बावजूद वन विभाग की ओर से ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

मां के गर्भ से ही शुरू होता है संस्कारों का निर्माण

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार : अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा माता भगवती देवी के जन्मशताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में पंडित राम नरेश सभागार में भावी माता अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों गर्भवती महिलाओं, एएनएम, जीएनएम, आशा बहुओं और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित प्रांतीय संयोजिका डॉ. संगीता सारस्वत ने गर्भस्थ शिशु के मानसिक एवं संस्कारिक विकास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बच्चे का सीखना माँ के गर्भ से ही प्रारंभ हो जाता है। उन्होंने कहा कि माँ के भाव, व्यवहार और वातावरण का सीधा प्रभाव शिशु पर पड़ता है, इसलिए गर्भवती महिलाओं को सकारात्मक सोच, अच्छे आचरण और प्रेरणादायक साहित्य का अध्ययन करना चाहिए। मुख्य अतिथि अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. लाल जी ने ऐसे आयोजनों को सराहनीय बताते हुए कहा कि गर्भवती महिलाओं को अपने और शिशु के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में जिला समन्वयक डॉ. सुधाकर सिंह, कैलाश नाथ तिवारी एवं प्रज्ञा सक्सेना ने भी महिलाओं को स्वास्थ्य एवं संस्कारों के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। इस मौके पर डॉ. आर.ए. वर्मा, डॉ. सुपर्णा, डॉ. अनुराधा आदि मौजूद रहे।

आंगनबाड़ी कार्यकत्री अनुपस्थित मिलने पर स्पष्टीकरण तलब

जायस (अमेठी)

अमृत विचार। रविवार को जनपद में आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य मेले के दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं की हकीकत परखने के लिए सीएमओ डॉ. अंशुमान सिंह ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरदो और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जायस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दोनों स्वास्थ्य केंद्रों पर अधिकांश स्टाफ अपनी ड्यूटी पर उपस्थित मिला, जिससे स्वास्थ्य व्यवस्थाओं के संचालन पर संतोष जताया गया।

हालांकि, जांच के दौरान एक महत्वपूर्ण लापरवाही सामने आई। दोनों ही पीएचसी पर तैनात आंगनबाड़ी कार्यकत्री अनुपस्थित पाई गईं। इस पर

आरोग्य मेले का निरीक्षण करते सीएमओ। अमृत विचार

निरीक्षण

- आरोग्य मेले की हकीकत परखने पहुंचे सीएमओ

नाराजगी व्यक्त करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी अंशुमान सिंह ने संबंधित कार्यकत्रियों से स्पष्टीकरण तलब किया है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि ड्यूटी में लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

सीएमओ ने कहा कि मुख्यमंत्री आरोग्य मेला आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का महत्वपूर्ण माध्यम है जिले में आयोजित 30 आरोग्य मेले आयोजित हुआ, जहां पुरुष 656, महिला 778, बच्चे 184 कुल मरीज 1618 का इलाज हुआ। जबकि मरीजों के 57 गोल्डन कार्ड बनाए गए।

मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में 58 मरीजों का हुआ उपचार, जगतपुर (रायबरेली): क्षेत्र के हरदी टीकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में रविवार को आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में 58 मरीजों का उपचार किया गया। ग्रामीणों को सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लगे इस मेले में सुबह से ही मरीजों की भीड़ उमड़ी, जिसमें महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की। आयुष्मान भव अभियान के तहत आयोजित मेले की अध्यक्षता कर रहे मुख्य चिकित्सक डॉ. सुफैल अहमद ने बताया कि खांसी, जुखाम, बुखार, हाई ब्लड प्रेशर, एनीमिया और एलर्जी सहित विभिन्न सामान्य बीमारियों से ग्रसित मरीजों की जांच कर मौके पर ही उपचार उपलब्ध कराया गया।

मरीजों की सुविधा के लिए अलग-अलग जांच काउंटर स्थापित किए गए थे, जिससे उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उपचार के उपरांत फार्मासिस्ट अजय गुप्ता ने सभी मरीजों को निशुल्क दवाएं वितरित कीं। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए ऐसे मेले नियमित रूप से आयोजित किए जा रहे हैं।

आयोजन | कस्बे में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया, पुलिस बल रहा तैनात

जय-जय परशुराम के जयकारों के बीच निकली शोभायात्रा

मुसाफिरखाना (अमेठी)

अमृत विचार। भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर रविवार को मुसाफिरखाना क्षेत्र में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा पूरब बिसारा गांव से शुरू होकर कस्बे के प्रमुख मार्गों से होते हुए भीखीपुर में संपन्न हुई। इसका नेतृत्व अंशु तिवारी ने किया। शोभायात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु भगवा ध्वज और भगवान परशुराम के चित्र लेकर जयकारे लगाते हुए शामिल हुए। "जय-जय परशुराम" के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो उठा। डीजे पर भजनों की धुन पर युवा झूमते नजर आए।

कस्बे में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया, वहीं जलपान व शरबत की भी व्यवस्था रही। सुरक्षा के लिए पुलिस बल तैनात रहा। भीखीपुर पहुंचकर यात्रा का समापन आरती और प्रसाद वितरण के साथ हुआ। इस मौके पर चंद्र प्रकाश मिश्र, राम लखन शुक्ला, संदीप शुक्ला समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के आयोजकों ने इसे परशुराम के आदर्शों के प्रचार का माध्यम बताया।

परशुराम जयंती पर शोभायात्रा निकालते श्रद्धालु। अमृत विचार

परशुराम जयंती पर पूजन करतीं सपा विधायक महाराजी प्रजापति।

परशुराम जयंती मंच से विधायक ने दिया सियासी संदेश, अमेठी : समाजवादी पार्टी की विधायक महराजी प्रजापति के जनसंपर्क कार्यालय पर भगवान परशुराम की जयंती धूमधाम से मनाई गई। सैकड़ों ब्राह्मणों की मौजूदगी में आयोजित कार्यक्रम को पूर्व मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति के परिवार की ओर से बड़े सियासी संकेत के रूप में देखा जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता हनुमानगढ़ी मंदिर भरतनगर रामगंज के महंत सरजूदास शास्त्री ने की, जबकि संचालन पं. सुभाष चंद्र मिश्र ने किया। विधायक महराजी प्रजापति ने भगवान परशुराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजन हुआ। विधायक ने पूर्व मंत्री के समय से जुड़े कार्यकर्ताओं व ब्राह्मण समाज के लोगों को अंगवस्त्र व शॉल देकर सम्मानित किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि समाज को भगवान परशुराम के आदर्शों पर चलना चाहिए। वहीं विधायक प्रतिनिधि अनुराग प्रजापति ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि जो लोग मौका मांग रहे हैं, उन्हें अपने पुराने कार्यों का हिसाब देना चाहिए। कार्यक्रम में कई जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता आदि लोग मौजूद रहे।

अमृत विचार

सोमवार, 20 अप्रैल 2026

आपके जीवन में सबसे महत्त्वपूर्ण दो दिन होते हैं, एक तो वह दिन जिस दिन आप पैदा होते हैं और दूसरा वह दिन जब आपको पता चलता है कि आपका जन्म क्यों हुआ है।
–**मार्क ट्वेन**, अमेरिकी लेखक

होर्मुज में हमला

पश्चिम एशिया के उथल-पुथल भरे परिदृश्य में भारतीय जहाजों पर ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड की गोलाबारी जटिल भू-राजनीतिक संकेत है। होर्मुज जलडमरूमध्य, जहां से विश्व की लगभग एक-तिहाई तेल आपूर्ति गुजरती है, उस क्षेत्र में कोई भी टकराव वैश्विक संकट में बदल सकता है। ऐसे में भारतीय ध्वज वाले जहाजों को निशाना बनाना एक गंभीर सैन्य घटना है। जिन जहाजों ने ईरान द्वारा निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन किया, अनुमति ली और जिनकी पहचान स्पष्ट थी, उन्हें निशाना बनाना ईरान की उस आक्रामक समुद्री नीति का हिस्सा हो सकता है, जिसका 'रणनीतिक संदेश' यह है कि वह अपने प्रभाव क्षेत्र में हर आवाजाही पर नियंत्रण रखता है, परंतु यह रणनीति जोखिमपूर्ण है, क्योंकि इससे तटस्थ या मित्र देशों का भरोसा भी डगमगाता है।

सवाल यह है कि ईरान, जिसने पहले भारतीय जहाजों को सुरक्षित मार्ग देने का आश्वासन दिया था, अचानक आक्रामक क्यों हुआ? इसके कई संभावित कारण हैं। पहला, क्षेत्रीय युद्ध का दबाव— इजराइल-ईरान तनाव और अमेरिकी सैन्य उपस्थिति ने ईरान को अधिक रक्षात्मक और आक्रामक दोनों बना दिया है। दूसरा, 'संदेश की राजनीति', ईरान अपने विरोधियों के साथ-साथ तटस्थ देशों को भी यह संकेत देना चाहता है कि क्षेत्र में उसकी शर्तें सर्वोपरि हैं। तीसरा, भारत का संतुलनकारी रुख- भारत के अमेरिका और खाड़ी देशों के साथ बढ़ते सामरिक संबंध ईरान को असहज कर सकते हैं, भले ही भारत ने कभी खुलकर विरोध नहीं किया हो। भारत को 'मित्र देशों' की सूची में रखने के बावजूद उसके प्रति ऐसा रुख दर्शाता है कि युद्धकालीन समीकरण स्थायी नहीं होते। अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में मित्रता अक्सर हितों से संचालित होती है, न कि भावनाओं से। यही कारण है कि भारतीय विरोध दर्ज कराने के बावजूद तेहरान की ओर से तत्काल खेद या स्पष्टीकरण नहीं आया। यह भी संभव है कि ऐसे हमले स्थानीय कमांड स्तर पर हुए हों, परंतु इतनी बड़ी संख्या में भारतीय जहाजों को निशाना बनाना संकेत देता है कि यह नीति-स्तर की स्वीकृति के बिना संभव नहीं। सरकार के सामने दुविधा है, क्या वह इसे युद्ध की 'सामान्य घटना' मानकर नजरअंदाज कर दे या कूटनीति की अपनी दिशा बदले? नजरअंदाज करना खतरनाक होगा, क्योंकि इससे भारतीय समुद्री हितों की सुरक्षा कमजोर पड़ेगी। वहीं, अत्यधिक आक्रामक प्रतिक्रिया भी भारत की संतुलनकारी विदेश नीति को नुकसान पहुंचा सकती है। फिलहाल भारत को कूटनीतिक दबाव बनाते हुए तेहरान से स्पष्टीकरण और सुरक्षा आश्वासन की मांग करने के साथ बहुपक्षीय मंचों पर इस मुद्दे को उठाना चाहिए।

हमने पहले भी अपने व्यापारिक जहाजों को भारतीय नौसेना का एस्कॉर्ट दिया है, इसे फिर करना चाहिए। इन सबके साथ अमेरिका, खाड़ी देशों और ईरान के बीच रणनीतिक संतुलन बनाए रखते हुए अपने हितों की रक्षा का प्रयास करना चाहिए। वैसे भी पश्चिम एशिया का संघर्ष अब बहुस्तरीय उलझाव बन चुका है, जहां हर देश अपने हितों के अनुसार चाल चल रहा है। पाकिस्तान में संभावित वार्ता इस जटिलता से तुरंत निजात नहीं दिलाने वाली, सो भारत को संयम और दृढ़ता दोनों का संतुलन साधना होगा।

प्रसंगवश

देश में प्राथमिक शिक्षा की रीढ़ हैं सरकारी स्कूल

शिक्षा वह शक्तिशाली हथियार है, जिससे आप दुनिया को बदल सकते हैं- दक्षिण अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति नेल्सन मण्डेला का यह कथन शिक्षा के महत्त्व को स्पष्ट रूप से दर्शाता है। भारत में शिक्षा का विस्तार सरकारी स्कूलों से ही संभव हुआ है। सरकारी विद्यालय, केंद्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय आदि न केवल शिक्षा प्रदान करते हैं, बल्कि वे सामाजिक समानता, राष्ट्रीय एकता, विश्व बंधुत्व, समावेशी विकास तथा नैतिकता के मजबूत स्तंभ भी रहे हैं। आज भी देश के अधिकतर नीति निर्माता, शीर्षस्थ पदों में विराजित राजनेता, शिक्षक, कवि, लेखक, विचारक आदि सरकारी विद्यालयों से ही पठित हैं। वास्तव में सरकारी विद्यालय हमारे देश का गौरव हैं।

भारत के शिक्षा मंत्रालय के अनुसार देश में लगभग 14 लाख से अधिक स्कूल हैं, जिनमें से अधिकांश सरकारी विद्यालय हैं। इन विद्यालयों में करोड़ों विद्यार्थी अध्ययन कर रहे हैं। यह आंकड़ा इस बात का प्रमाण है कि आज भी भारत में शिक्षा की रीढ़ सरकारी विद्यालय ही हैं। सरकारी विद्यालयों की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वे समाज के हर वर्ग के लिए खुले होते हैं, वहां किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं होता, क्योंकि यहां अमीर-गरीब, शहर-गांव, सभी बच्चे एक साथ बैठकर शिक्षा प्राप्त करते हैं तथा शिक्षणेत्तर गतिविधियों में प्रतिभाग भी करते हैं, जिससे छात्रों में सामाजिक समरसता और समानता की भावना विकसित होती है, क्योंकि सामाजिक एवं राष्ट्रीय विकास में समरसता, समानता और मानवीय संवेदना की भावना दृढ़ होना जरूरी है।

डॉ. हेमंत जोशी
शिक्षक

सरकारी विद्यालय अपने छात्रों को मूल्यों तथा प्राणी मात्र की मूल जीवन संजीवनी के साथ जोड़ने का सतत् प्रयास करते हुए राष्ट्रीय हितों के साथ जोड़ते हैं, जो केवल एक औपचारिकता मात्र नहीं, अपितु भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए छात्रों को विद्यालय स्तर से ही तैयार करना है और जिससे छात्रों में जागरूकता आती भी रही है। निजी विद्यालयों की तुलना में सरकारी विद्यालय शिक्षा को अधिक लोकतांत्रिक बनाते हैं।

सरकार द्वारा संचालित होने के कारण इन विद्यालयों में शिक्षा लगभग निःशुल्क होती है। इसके अतिरिक्त छात्रों को कई योजनाओं का लाभ भी मिलता है, जो विकासशील देश में जरूरी रहा है। उदाहरण के लिए- मध्याह्न भोजन योजना के अंतर्गत बच्चों को पौष्टिक भोजन दिया जाता है, जिससे न केवल उनकी उपस्थिति बढ़ती है बल्कि इससे विगत कई वर्षों में कुपोषण भी कम होता आया है। एक रिपोर्ट के अनुसार इस योजना से देश के 10 करोड़ से अधिक बच्चे लाभान्वित होते हैं। इसके साथ ही निःशुल्क पुस्तकें, गणवेश और विभिन्न छात्रवृत्तियां भी प्रदान की जाती हैं।

यह कहना गलत होगा कि सरकारी विद्यालयों में शिक्षा का स्तर निम्न है। आज अनेक सरकारी विद्यालयों में प्रशिक्षित और योग्य शिक्षक कार्यरत हैं। कई राज्यों में सरकारी विद्यालयों के छात्र बोर्ड परीक्षाओं में निजी विद्यालयों से बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं और सरकारी सेवाओं में भी इन्हीं छात्रों की उपस्थिति अधिकतर दिखाई दे रही है। उदाहरण के रूप में केरल और दिल्ली के सरकारी विद्यालयों ने शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय सुधार दिखाया है। दिल्ली के सरकारी स्कूलों का परीक्षा परिणाम और भौतिक संसाधन देशभर में एक मॉडल के रूप में देखा जा रहा है। अन्य राज्य भी इसका अनुकरण कर रहे हैं। (यह लेखक के निजी विचार हैं।)

भारत के जहाज पर ईरानी गोलीबारी का दुस्साहस

नवीन गुप्ता
बरेली

अमेरिका और ईरान के बीच दूसरे दौर की शांति वार्ता जल्द होने वाली है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस बात के संकेत दिए हैं, लेकिन ईरान के राष्ट्रपति अब भी अपनी जिद पर कायम हैं। होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने के बाद दोबारा बंद करना और भारतीय जहाजों पर फायरिंग इस बात का संकेत है कि ईरान न सिर्फ अमेरिका और उसके दोस्तों से अपने रिश्ते खराब करना चाहता है, बल्कि अब वह तटस्थ देशों से भी उलझने को तैयार है, हालांकि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में ईरानी नौसेना की फायरिंग पर भारत ने कड़ा रुख अपनाया है। भारत ने ईरान को इस तरह की कार्रवाई पर परिणाम भुगतने के संकेत दिए हैं।

ईरान और अमेरिका के बीच पहले दौर की शांति वार्ता के नाकाम होने के बाद यह लगा था कि युद्ध पुनः भड़क सकता है, लेकिन घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पड़ रहे दबाव के कारण अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने किसी तरह की कार्रवाई न करने के संकेत दिए, हालांकि वे अब भी अपनी बात पर कायम हैं, लेकिन बीच-बीच में उनके द्वारा ईरान को भड़काने वाले बयान भी दिए जा रहे हैं। इस वजह से ईरान खफा है और उसने ट्रंप को चिढ़ाने के लिए ही होर्मुज को पुनः बंद कर दिया, जबकि इजरायल और हिजबुल्ला के बीच युद्ध विराम के बाद ही होर्मुज को ईरान ने खोल दिया था।

खुद उसके विदेश मंत्री ने इसकी घोषणा की थी और जहाजों की आवाजाही भी शुरू हो गई थी, लेकिन यह होर्मुज खोलने का आदेश बहुत दिनों तक नहीं चला। बमुश्किल 24 घंटे में ही ईरान अपनी बातों से पलट गया और इसका ठीकरा उसने ट्रंप पर फोड़ दिया। ट्रंप ने दावा किया था कि ईरान अपने परमाणु बम बनाने के कार्यक्रम से पीछे हट जाएगा और संवर्धित यूरेनियम उसे सौंप देगा। इस दावे से ही ईरान के विदेश मंत्री चिढ़ गए और उन्होंने होर्मुज को न सिर्फ बंद करा दिया, बल्कि उनकी नौसेना ने भारतीय जहाजों पर फायरिंग का दुस्साहस भी कर दिया, हालांकि भारतीय चालक दल को किसी तरह का नुकसान नहीं हुआ। रणनीतिकार मानते हैं कि ईरान ने यह कार्रवाई पाकिस्तान के उकसावे की वजह से की है, अन्यथा भारतीय क्रूड ऑयल टैंकर 'जग अर्णव' और 'सनमार हेराल्ड' पर ईरानी नौसेना फायरिंग नहीं करती।

भारत ने साफ कर दिया है कि इस तरह की कार्रवाई बर्दाश्त नहीं करेगा। अगर ऐसे कदम दोहराए गए, तो इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं। कहा जा रहा है कि ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स वहां होर्मुज में भारत से भी टैक्स वसूलना चाहता है, लेकिन भारत किसी भी हालत में टैक्स देने को तैयार नहीं है। इससे भी रिवोल्यूशनरी गार्ड चिढ़े हुए हैं, हालांकि भारत के सख्त रुख से अब ईरान परेशान है और सफाई दे रहा है। उधर, भारत को उम्मीद है कि ईरान और अमेरिका की बीच दूसरे दौर की वार्ता के बाद पूर्ण रूप से युद्ध विराम होगा और शांति आएगी। इसके बाद हालात सुधरेंगे तब तक वह ईरान को भी अपने सख्त रुख से भारतीय जहाजों की बेरोकटोक आवाजाही के लिए मना लेगा।

उधर, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने दूसरे दौर की वार्ता की पुष्टि कर दी है। यह वार्ता पुनः इस्लामाबाद में होगी। पाकिस्तान का दावा है कि इस बार अपनी-अपनी शर्तों पर दोनों देश झुकेंगे और पूर्ण रूप से युद्ध विराम हो जाएगा, हालांकि विदेशी मामलों के जानकार ऐसा नहीं मानते। उनका कहना है कि ट्रंप बिना यूरेनियम पर कब्जा किए किसी भी स्थिति में वार्ता को सफल नहीं मानेंगे। ईरान भी यूरेनियम उन्हें नहीं देगा।

ऐसे में पूर्ण रूप से युद्ध विराम होना मुश्किल है। ट्रंप को भी पता है कि ईरान उनकी इस शर्त को तो कभी नहीं मानेगा और होर्मुज में टैक्स वसूलने, विदेशों में फ्रीज ईरान की संपत्तियों को मुक्त करने की मांग को ट्रंप कभी स्वीकार नहीं करेंगे। यदि वे ऐसा करते हैं, तो उनकी हार मानी जाएगी और यह स्थिति उनके लिए ठीक नहीं होगी, इसीलिए ट्रंप ने सोशल मीडिया ट्रुथ पर यह धमकी दी है। अगर बातचीत विफल होती है, तो ईरान के साथ कोई नरमी नहीं बरती जाएगी और उनके बुनियादी ढांचे पर हमले करते हुए सब कुछ तबाह कर दिया जाएगा।

डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रुथ पर लिखा 'मेरे प्रतिनिधि इस्लामाबाद पाकिस्तान जा रहे हैं। वे कल शाम वहां बातचीत के लिए पहुंचेंगे। हम एक बहुत ही निष्पक्ष और उचित डील का प्रस्ताव दे रहे हैं और मुझे उम्मीद है कि वे (ईरानी) इसे स्वीकार करेंगे। अगर वे ऐसा नहीं करते हैं, तो अमेरिकी सेना ईरान के सभी पॉवर प्लांटों को तबाह करेगी। उनकी इस पोस्ट को ईरान ने उकसावे की कार्रवाई माना है। वैसे अमेरिकी नौसेना ने होर्मुज स्ट्रेट को घेर रखा है। वहां से ईरान के जहाज भी नहीं निकल पा रहे हैं।

अगर ईरान अपने तेलों का निर्यात नहीं कर पाएगा, तो उसकी अर्थव्यवस्था और खराब होगी। ऐसी स्थिति में वहां जनता सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर होगी और फिर ट्रंप जो चाहते हैं, उनकी मंशा पूरी हो जाएगी। ईरान को भी पता है कि यदि वह समझौता नहीं हुआ, तो उसके यहां भुखमरी की स्थिति आ जाएगी, क्योंकि उसकी अर्थव्यवस्था पहले से ही चरमाराई हुई है। ईरानी संसद के स्पीकार मोहम्मद बाघेर गालिबफ ने भी माना है कि युद्ध विराम समझौते का लेकर चल रही वार्ता में प्रगति हुई है। दूसरे दौर की वार्ता को लेकर चल रही कवायद पर पूरी दुनिया की निगाह टिकी हुई है। अब देखना यह है कि क्या परिणाम आते हैं।

> ईरान न सिर्फ अमेरिका और उसके दोस्तों से अपने रिश्ते खराब कर रहा है, बल्कि अब वह तटस्थ देशों से भी उलझ रहा है। हालांकि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में ईरानी नौसेना की फायरिंग पर भारत ने कड़ा रुख अपनाया है।

आमने सामने

विपक्ष ने इस बिल को हराकर महिलाओं के आत्मसम्मान को ठेस पहुंचाई है। इसका 'पाप' उन्हें आने वाले चुनावों में भुगतना पड़ेगा। बंगाल में 23 और 29 अप्रैल को होने वाले मतदान और चार मई को आने वाले नतीजे ही अब तय करेंगे कि बंगाल की जनता ने किसके दावों पर भरोसा किया है।

–**नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री

मोदी सरकार महिला आरक्षण को एक 'ढाल' की तरह इस्तेमाल कर रही है, जबकि उनका असली मकसद परिसीमन के जरिए उन राज्यों में सीटें बढ़ाना है, जहां भाजपा का दबदबा है। 2023 में बिल पास होने के बाद तीन साल तक इंतजार क्यों किया गया? यह डॉ. अंबेडकर के संविधान के साथ छेड़छाड़ है।

–**ममता बनर्जी**
मुख्यमंत्री, पश्चिम बंगाल

2023 में पास महिला आरक्षण बिल कब होगा लागू

सौरभ वार्ष्णेय
वरिष्ठ पत्रकार

महिलाओं को राजनीतिक प्रतिनिधित्व में समान भागीदारी देने के उद्देश्य से पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम (महिला आरक्षण कानून) भारतीय लोकतंत्र में एक ऐतिहासिक कदम माना गया, लेकिन यह सवाल स्वाभाविक है कि जब यह कानून संसद से पारित हो चुका है, तो इसका असर अभी तक ज़मीनी स्तर पर क्यों नहीं दिख रहा? दरअसल इस अधिनियम के लागू होने में देरी का कारण इसकी संरचना और उससे जुड़ी शर्तें हैं। देश की संसद में 31वां संशोधन बिल लोकसभा में गिर गया, जो कि बहुत ही निराशाजनक है। संसद के विशेष सत्र में लंबी चली बहस में मतभेदों के सुर के आलावा आपसी राजनीति के आलावा कुछ समझ नहीं आया।

सरकार को इस संशोधन बिल को पास करवाने के लिए दो-तिहाई वोटों की जरूरत थी, लेकिन पक्ष में सिर्फ 298 वोट पड़े। विरोध में 230 वोट पड़े, जो दो तिहाई से बहुत कम है। इस बिल को पास करवाने की नरेंद्र मोदी सरकार की हर कोशिश नाकाम साबित हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अंतरआत्मा की आवाज सुनने वाली अपील भी कुछ खास असर नहीं दिखा पाई। अब सवाल यह है कि अब नहीं तो महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण कब मिलेगा?

सितंबर 2023 में नारी शक्ति वंदन अधिनियम संसद से पास होकर उसका नोटिफिकेशन हो चुका है, लेकिन जब अभी तक इसे लागू ही नहीं किया गया तो संशोधन बिल लाने की क्या जरूरत पड़ी। महिलाओं के लिए कोटा 2034 से पहले संभव हो पाएगा या फिर बीच की कोई और राह अभी भी निकल सकती है? ये कह पाना मुश्किल है कि बिल अब कब लागू हो पाएगा? जबकि यह अब कानून बन चुका है।

मान लीजिए कि सरकार और विपक्ष के बीच आने वाले समय में बिल पर कोई सहमति बन जाती है फिर भी महिला आरक्षण 2034 के लोकसभा चुनाव के पहले लागू होना मुश्किल लगता है। 2023 के मूल कानून के हिसाब से संसद के दोनों सदनों में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण तभी लागू होना था, जब अगली जनगणना पूरी हो जाए। अभी जनगणना चल रही है। इसे पूरा होने में वक्त लगेगा। इसके बाद सीटों का डिलिमिटेशन यानी कि नया बंटवारा भी होगा, जबकि नए बिलों के हिसाब से महिला आरक्षण को 2029 तक लागू होना था। इसके लिए सीटों का बंटवारा 2011 की जनगणना के आधार किया जाना था, लेकिन ये हो नहीं सका।

केंद्र सरकार 31वें संशोधन बिल में दक्षिणी राज्यों की सीटें बढ़ाने जैसे कुछ बदलाव कर सकती है। मतलब यह कि 2011 के बजाय 2027 की जनगणना को आधार बनाया जाए। इसके बाद बिल को नए सिरे से पेश किया जाए। सहमति बनाने के लिए विपक्ष के सुझाव लिए जाएं। कई विश्लेषकों का कहना है कि ओबीसी महिलाओं के लिए अलग उप-कोटा देने से पहले पूरे ओबीसी समुदाय के लिए ही राजनीतिक आरक्षण को संविधान में शामिल करना होगा। फिलहाल ओबीसी आरक्षण शिक्षा और नौकरी तक सीमित है, विधायिकाओं में नहीं।

महिलाओं के बिल के पिछले प्रयास (1996, 1997, 1998, 2008-2010) ओबीसी उप-कोटा की मांगों की वजह से ही अटकते रहे। यही पुरानी खाई 2023-26 की बहस में भी दिखाई दी। बीजेपी ने ओबीसी वोट बैंक में बड़ा विस्तार किया है। विश्लेषकों का तर्क है कि अगर वह अभी ओबीसी राजनीतिक आरक्षण का दरवाज़ा खोलती है, तो सीट शेयर, 50 प्रतिशत कैप और आंतरिक उप-वर्गीकरण पर बड़े विवाद खड़े हो सकते हैं, जिसे वह टालना चाहती है।

विपक्ष लगातार ओबीसी महिलाओं के अलग कोटे की मांग कर रहा है। वह आरोप लगा रहा है कि बीजेपी महिला आरक्षण का क्रेडिट तो लेना चाहती है, लेकिन ओबीसी महिलाओं को वास्तविक राजनीतिक हिस्सेदारी देने से बच रही है। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने स्थानीय निकायों में ओबीसी आरक्षण पर फैसलों में कहा है कि कुल आरक्षण 50 प्रतिशत से ज़्यादा नहीं दिया जा सकता और ओबीसी कोटा के लिए समकालीन, भरोसेमंद तथ्यात्मक डेटा ज़रूरी है। यही तर्क राष्ट्रीय स्तर पर भी उठेगा। संसद चाहे तो संविधान में संशोधन कर लोकसभा-विधानसभाओं में ओबीसी वर्ग के लिए राजनीतिक आरक्षण और उसमें से ओबीसी महिलाओं का उप-कोटा तय कर सकती है। भले ही नई जातिगत जनगणना पूरी नहीं हुई हो।

संविधान किसी विशेष डेटा स्रोत को अनिवार्य नहीं ठहराता, लेकिन किस जाति समूह को कितना हिस्सा मिलेगा, इसका आधार तय करने के लिए ठोस, नए और राष्ट्रीय स्तर पर स्वीकार्य जातिगत आंकड़े जरूरी होंगे, वरना अदालतों में इसे मनमाना मानकर चुनौती दी जा सकती है। अब आगे महिलाओं को ही मुखर होकर आगे आना होगा। इन पार्टियों को समझाना पड़ेगा कि आधी आबादी को संसद से क्यों वचिंत रखना चाहते हैं।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

> 2023 में नारी शक्ति वंदन अधिनियम संसद से पास होकर उसका नोटिफिकेशन हो चुका है। सवाल उठ रहा है कि जब इसे अभी लागू ही नहीं किया, तो संशोधन बिल लाने की जरूरत क्यों पड़ी?

सोशल फोरम

कहानी सिल्वेस्टर की

1000 ऑडिशन में 'बदसूरत' कहकर रिजेक्ट किया गया एक लड़का बीवी की प्रेग्नेंसी के खर्च के लिए अपना सबसे प्यारा कुत्ता बेचने को मजबूर हुआ। वही इंसान आगे चलकर बना दुनिया का नंबर वन एक्शन हीरो! यह कहानी है सिल्वेस्टर स्टेलोन की। एक ऐसी प्रेरणा, जो बताती है कि हालात चाहे कितने भी खराब क्यों न हों, अगर हौसला मजबूत हो तो किस्मत बदलते देर नहीं लगती।

कैलाश गोयल
कारोबारी

6 जुलाई 1946 को न्यूयॉर्क के हेल्स किचन में जन्मे स्टेलोन का जीवन शुरुआत से ही आसान नहीं था। जन्म के समय हुई मेडिकल गलती की वजह से उनके चेहरे का एक हिस्सा लकवाग्रस्त हो गया। उनकी आवाज लड़खड़ाती थी और चेहरा अलग दिखता था। इसी वजह से बचपन में उन्हें मज़ाक का सामना करना पड़ा। माता-पिता के अलगाव ने उनकी जिंदगी को और मुश्किल बना दिया। कई बार उन्हें अनाथालय जैसी परिस्थितियों में भी रहना पड़ा।

स्टेलोन ने एक्टर बनने का सपना देखा, लेकिन उनका लुक और आवाज उनके रास्ते की सबसे बड़ी बाधा बन गई।1000 से ज्यादा ऑडिशन दिए और हर बार रिजेक्ट हुए। कास्टिंग डायरेक्टर्स हंसकर बाहर कर देते थे। हालात इतने खराब हो गए कि उन्हें कई रातें बस स्टेशन पर सोकर बितानी पड़ीं।

एक वक्त ऐसा आया जब उनकी पत्नी प्रेग्नेंट थीं और घर में खाने तक के पैसे नहीं थे। मजबूरी में उन्होंने अपने सबसे प्यारे बुलमास्टिफ डॉग 'बटकस' को सिर्फ 40 डॉलर में बेच दिया। यह उनके जीवन का सबसे दर्दनाक फैसला था।

1975 में मुहम्मद अली और चक वेपनर के बीच हुए मुकाबले ने उनकी जिंदगी बदल दी। इस मैच से प्रेरित होकर स्टेलोन ने सिर्फ तीन दिनों में फिल्म रॉकी की स्क्रिप्ट लिख डाली। स्टूडियो को स्क्रिप्ट पसंद आई, तो उन्होंने 3,60,000 डॉलर देने की पेशकश की। स्टेलोन ने साफ मना कर दिया। आखिरकार कम बजट में फिल्म बनी और 1976 में रिलीज हुई। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 225 मिलियन डॉलर से ज्यादा कमाई की और तीन ऑस्कर अवॉर्ड जीते। स्टेलोन को बेस्ट एक्टर और स्क्रीनप्ले के लिए नॉमिनेशन मिला। 'रॉकी' हॉलीवुड की सबसे आइकॉनिक फिल्मों में शामिल हो गई। कामयाबी मिलते ही स्टेलोन ने सबसे पहले अपने कुत्ते 'बटकस' को वापस खरीदा।

–**फेसबुक वॉल से**

सामयिकी

कच्चा माल आयात पर टिका जेनरिक दवाओं का निर्यात

भारत आज वैश्विक स्तर पर सस्ती दवाओं के सबसे बड़े आपूर्तिकर्ताओं में से एक बन चुका है। 'विश्व की फार्मेसी' के रूप में उसकी पहचान केवल एक उपमा नहीं, बल्कि उसकी उत्पादन क्षमता, निर्यात विस्तार और वैश्विक जनस्वास्थ्य में उसके योगदान का सशक्त प्रमाण है। वर्ष 2025-26 तक भारतीय औषधि बाजार 50 अरब डॉलर का आंकड़ा पार कर चुका है और वैश्विक जेनेरिक दवाओं की आपूर्ति में उसका योगदान 20 प्रतिशत से अधिक है।

अमेरिका जैसे विकसित देशों में भी भारतीय कंपनियां लगभग 40 प्रतिशत जेनेरिक दवाओं की आपूर्ति करती हैं, जबकि अफ्रीका और दक्षिण एशिया जैसे क्षेत्रों में जीवनरक्षक दवाओं की उपलब्धता में भारत की भूमिका अत्यंत निर्णायक है। यह उपलब्धि 1970 के दशक में पेटेंट कानूनों में हुए परिवर्तन का परिणाम है, जब भारत ने प्रक्रिया पेटेंट प्रणाली को अपनाकर घरेलू उद्योग को सशक्त किया और सस्ती दवाओं के उत्पादन का मार्ग प्रशस्त किया।

डॉ. प्रियंका सौरभ
शिक्षिका

इस चमकदार उपलब्धि के पीछे एक गहरा विरोधाभास भी छिपा हुआ है। भारत जहां एक ओर तैयार दवाओं का प्रमुख निर्यातक है, वहीं दूसरी ओर उनके निर्माण के लिए आवश्यक कच्चे माल और सक्रिय औषधीय संघटकों के लिए भारी मात्रा में आयात पर निर्भर है। अनुमानतः भारत अपनी आवश्यकता का लगभग 60 से 70 प्रतिशत सक्रिय औषधीय संघटक विदेशों से आयात करता है, जिसमें प्रमुख हिस्सा चीन से आता है। पेनिसिलिन जी, क्लैवुलैनिक अम्ल और पैरासिटामोल जैसे महत्वपूर्ण संघटकों के मामले में यह निर्भरता 80 प्रतिशत से भी अधिक है। यह स्थिति केवल आर्थिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा और आपूर्ति श्रृंखला की स्थिरता के लिए भी गंभीर चिंता का विषय है।

कोविड-19 महामारी ने इस निर्भरता की वास्तविकता को स्पष्ट रूप से उजागर कर दिया। चीन में लॉकडाउन के कारण आपूर्ति बाधित होते ही भारत में दवा उत्पादन प्रभावित हुआ। अनेक औषधि निर्माण इकाइयों को उत्पादन घटाना पड़ा और कुछ को अस्थायी रूप से बंद करना पड़ा। इससे यह स्पष्ट हो गया कि कच्चे माल की आपूर्ति में व्यवधान भारत की औषधि उत्पादन क्षमता को तुरंत प्रभावित कर सकता है। इस अनुभव ने आत्मनिर्भरता की आवश्यकता को और अधिक प्रासंगिक बना दिया।

इसी संदर्भ में सरकार ने उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना के माध्यम से लगभग 16,000 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की, जिसका उद्देश्य घरेलू स्तर पर सक्रिय औषधीय संघटकों के उत्पादन को बढ़ावा देना है। यद्यपि इस दिशा में कुछ प्रगति हुई है, फिर भी अनेक संरचनात्मक समस्याएं अब भी बनी हुई हैं। उच्च उत्पादन लागत, तकनीकी सीमाएं तथा कठोर पर्यावरणीय नियमों के कारण कई उत्पादन इकाइयां बंद हो चुकी हैं, जिससे घरेलू उत्पादन क्षमता सीमित हो गई है।

नियामक ढांचे की कमजोरी भी इस क्षेत्र की एक प्रमुख चुनौती है। केंद्रीय और राज्य स्तर पर औषधि नियंत्रण संस्थाओं में संसाधनों और प्रशिक्षित मानव बल की कमी स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। गुणवत्ता नियंत्रण में खामियों के कारण कई भारतीय औषधि निर्माण इकाइयों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आलोचना का सामना करना पड़ा है। कुछ मामलों में विदेशी नियामक संस्थाओं द्वारा आयात प्रतिबंध भी लगाए गए हैं, जिनका कारण निर्माण प्रक्रियाओं में त्रुटियां और गुणवत्ता मानकों का उल्लंघन रहा है। इससे भारत की वैश्विक साख प्रभावित होती है और निर्यात संभावनाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

(यह लेखिका के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 से मुद्रित एवं 25/16-ए, जापलिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत*** 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

मौसम बदलते ही फैशन का मिजाज भी बदल जाता है और इसी के साथ बदलती हैं हमारी स्टाइल चॉइसेज। आज की महिलाएं चाहे टीनएज हों, यंग प्रोफेशनल्स या मिड एज, हर मौसम के अनुसार अपने वॉर्डरोब को अपडेट रखना पसंद करती हैं। खासकर गर्मियों में स्टाइलिश दिखते हुए कंफर्टेबल रहना थोड़ा मुश्किल जरूर होता है, लेकिन सही फैब्रिक, प्रिंट और कलर चुनकर इस चुनौती को आसानी से पार किया जा सकता है।

तपती धूप में भी दिखें कूल और स्टाइलिश

फैब्रिक पर दें ध्यान

गर्मियों के मौसम में सबसे पहले ध्यान देना चाहिए फैब्रिक पर। हल्के, सॉफ्ट और ब्रीदेबल कपड़े जैसे कॉटन, लिनन, रेयॉन और मलमल इस सीजन के लिए बेस्ट माने जाते हैं। ये न केवल पसीना सोखते हैं, बल्कि शरीर को ठंडा भी रखते हैं। इसके साथ ही इन फैब्रिक्स में आने वाले प्रिंट्स आपके लुक को और भी आकर्षक बना देते हैं।

स्टाइल को दें मॉडर्न टच

जहां तक प्रिंट्स की बात है, फ्लोरल प्रिंट्स हर साल समर फैशन का हिस्सा बने रहते हैं। छोटे-छोटे फूलों से लेकर बड़े-बड़े बोल्ड फ्लोरल पैटर्न तक, ये हर तरह के आउटफिट में खूबसूरती जोड़ते हैं। फ्लोरल प्रिंट्स न केवल फ्रेश और कूल लुक देते हैं, बल्कि दिन के समय आउटिंग, ब्रंच या कैजुअल मीटअप के लिए एकदम परफेक्ट रहते हैं। इसके अलावा, इस सीजन में चेक्स, स्ट्राइप्स और ज्योमेट्रिक प्रिंट्स भी काफी ट्रेंड में हैं, जो आपके स्टाइल को एक मॉडर्न टच देते हैं।

सही कलर का चुनाव

कलर्स किसी भी आउटफिट की जान होते हैं। गर्मियों में हल्के और सॉफ्ट कलर्स पहनना सबसे अच्छा रहता है। सफेद (व्हाइट) रंग इस मौसम का सबसे पसंदीदा रंग माना जाता है, क्योंकि यह गर्मी को कम महसूस कराता है और एक क्लासी लुक देता है। व्हाइट मैक्सी ड्रेस, चिकनकारी सूट, अनारकली या शर्ट-ट्राउजर सेट हर रूप में शानदार लगता है। व्हाइट के अलावा पेस्टल शेड्स जैसे बेबी ब्लू, लैवेंडर, पिंक, मिंट ग्रीन और पीच भी इस सीजन में काफी ट्रेंड में हैं। ये रंग आंखों को सुकून देते हैं और एक फ्रेश लुक प्रदान करते हैं। खासतौर पर लैवेंडर और सी ग्रीन जैसे कलर्स पिछले कुछ समय से फैशन में अपनी खास जगह बनाए हुए हैं। इसके साथ ही कोरल और पीच जैसे सॉफ्ट वॉर्म टोन भी समर आउटफिट्स में चार चांद लगा देते हैं। अगर आप अपने समर लुक को और बेहतर बनाना चाहती हैं, तो हल्के एक्सेसरीज जैसे स्ट्रॉ हैट, सनग्लासेस, स्लिंग बैग और मिनिमल ज्वेलरी का इस्तेमाल जरूर करें। सही फुटवियर जैसे फ्लैट्स, सैंडल या एस्पैड्रिल्स आपके पूरे लुक को कंप्लीट कर देते हैं। इस तरह, सही फैब्रिक, ट्रेंडी प्रिंट्स और सॉफ्ट कलर्स के साथ आप गर्मियों में भी स्टाइलिश और कंफर्टेबल दोनों रह सकती हैं।

कंफर्ट और स्टाइल का कांबो

अगर आप कुछ नया ट्राय करना चाहती हैं, तो टाई-डाई प्रिंट्स, ब्लॉक प्रिंट्स और इंडो-वेस्टर्न फ्यूजन स्टाइल्स भी इस बार खूब पसंद किए जा रहे हैं। खासतौर पर हैंडब्लॉक प्रिंटेड कुर्ते, स्कर्ट्स और को-ऑर्ड सेट्स युवतियों के बीच काफी लोकप्रिय हो रहे हैं। इसके अलावा, शर्ट ड्रेस, रैप ड्रेस और कफ्तान स्टाइल आउटफिट्स भी गर्मियों में कंफर्ट और स्टाइल का बेहतरीन मेल पेश करते हैं।

ड्रेस की लंबाई और फिटिंग

ड्रेस की लंबाई और फिटिंग भी बहुत मायने रखते हैं। समर सीजन में मैक्सी ड्रेसेस, मिडी ड्रेसेस और शॉर्ट ड्रेसेस काफी पसंद की जाती हैं। ये न सिर्फ पहनने में आसान होती हैं, बल्कि हर बॉडी टाइप पर अच्छी भी लगती हैं। अगर आप प्लस साइज हैं, तो छोटे और मीडियम प्रिंट्स आपके लिए ज्यादा फ्लैटरिंग रहेंगे। वहीं स्लिम फिगर वाली महिलाएं बड़े और एक्सपेरिमेंटल प्रिंट्स भी आसानी से कैरी कर सकती हैं।

जिंदगी का सफर

सुरों की वह शक्ति जो इतिहास बन गई

भारतीय संगीत आकाश का वह अनमोल सितारा सदा के लिए मौन हो गया है, जिसकी स्वर-लहरियों ने सात दशकों तक हर पीढ़ी की धड़कनों को एक नई ताल दी। 12 अप्रैल को 92 वर्ष की आयु में आशा भोंसले का निधन केवल एक महान गायिका का जाना नहीं, बल्कि उस अद्वितीय 'अदा', 'नजाकत' और 'स्वैग' का अवसान है, जिसने साड़ी की गरिमा में भी भारतीय पॉप और कैबरे संगीत को वैश्विक मंच पर नई पहचान दिलाई। 800 से अधिक फिल्मों में 12,000 से ज्यादा गीतों को अपनी आवाज देकर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज होने वाली आशा जी का जीवन केवल सुरों की साधना भर नहीं था, बल्कि यह संघर्ष, आत्मविश्वास और निरंतर आत्म-नवाचार की अद्भुत गाथा भी था।

योगेश कुमार गोयल
लेखक

8 सितंबर 1933 को महाराष्ट्र के एक प्रतिष्ठित संगीत परिवार में जन्मी आशा भोंसले का जीवन आरंभ से ही सुरों से जुड़ा था, किंतु नियति ने उनके बचपन को सहज नहीं रहने दिया। पिता पंडित दीनानाथ मंगेशकर से शास्त्रीय संगीत की प्रारंभिक शिक्षा मिली, परंतु महज 9 वर्ष की आयु में पिता के निधन ने उनके जीवन से संरक्षण का साया छीन लिया। परिवार आर्थिक संकट से जूझ रहा था और बड़ी बहन लता मंगेशकर ने घर की जिम्मेदारी संभाली। ऐसे कठिन समय में आशा जी ने भी कम उम्र में ही संघर्ष को अपना साथी बना लिया। पार्श्व गायन की दुनिया में उनका सफर किसी सरल राह पर नहीं चला। उस दौर में लता मंगेशकर का वर्चस्व था और बड़े संगीतकारों की पहली पसंद वही थी। आशा भोंसले के संगीत सफर में वास्तविक परिवर्तन तब आया, जब उनकी मुलाकात संगीतकार ओ.पी. नैयर से हुई। नैयर साहब ने उस समय की परंपरा को चुनौती देते हुए लता मंगेशकर के बिना संगीत रचना का निर्णय लिया और उन्हें आशा की आवाज में वह अनोखी 'शरारत', 'चंचलता' और 'कशिश' दिखाई दी, जिसकी वे तलाश कर रहे थे। 1957 की फिल्म नया दौर का गीत 'उड़े जब जब जुल्फें तेरी' आशा जी के करियर का टर्निंग प्वाइंट साबित हुआ, जिसने उन्हें मुख्यधारा की नायिकाओं की आवाज बना दिया। वहीं 1956 की सी.आई.डी. में 'लेके पहला पहला प्यार' गीत में शमशाद बेगम की स्थिरता और आशा की चुलबुली अदाओं का अद्भुत संगम श्रोताओं के दिलों में बस गया। यही वह दौर था, जब आशा जी ने अपनी ऐसी गायिका की एक अलग पहचान गढ़ी, जिसकी आवाज में 'बोल्डनेस', 'वेस्टर्न वाइब' और अद्वितीय ऊर्जा का सम्मोहन था।

1970 का दशक हिंदी सिनेमा में संगीतात्मक प्रयोगों का स्वर्णिम काल था और इसी दौर में आशा भोंसले को मिला उनका सबसे सशक्त रचनात्मक साथी 'आर.डी. बर्मन', जिन्हें प्यार से 'पंचम' कहा जाता है। इस अद्वितीय जोड़ी ने न केवल गीतों को नया रूप दिया, बल्कि संगीत की परंपरागत सीमाओं को भी तोड़ डाला। 'पिया तू अब तो आजा' और 'दम मारो दम' जैसे गीतों ने आशा जी को 'कैबरे क्वीन' के रूप में स्थापित कर दिया। उनकी आवाज में जो मादकता, ऊर्जा और आधुनिकता थी, उसने भारतीय संगीत में पश्चिमी प्रभाव को एक नया आयाम दिया। हालांकि 'दम मारो दम' को लेकर उस समय काफी विवाद हुआ। इसे 'अश्लील' कहकर आलोचना झेलनी पड़ी, यहां तक कि ऑल इंडिया रेडियो ने इस पर प्रतिबंध लगा दिया और दूरदर्शन ने फिल्म से इसे हटा दिया। फिर भी, आशा जी की आवाज ने इस गीत को अमर बना दिया। दिलचस्प यह है कि जहां एक ओर वे कैबरे और पॉप की पहचान बन रही थी, वहीं 'इजाजत' के 'मेरा कुछ सामान' में उन्होंने गहन भावनाओं की ऐसी अभिव्यक्ति दी, जो उनकी असाधारण बहुमुखी प्रतिभा को सिद्ध करती है।

1980 के दशक तक आशा भोंसले को प्रायः चुलबुले, चंचल और आधुनिक गीतों की आवाज के रूप में देखा जाने लगा था, लेकिन इसी धारणा को तोड़ते हुए संगीतकार खय्याम ने उन्हें फिल्म 'उमराव जान' (1981) के लिए चुना। यह एक ऐसा निर्णय था, जिसने इतिहास रच दिया। खय्याम साहब की शर्त भी उतनी ही असाधारण थी, 'आशा, मुझे इन गीतों में तुम्हारी जानी-पहचानी आवाज नहीं चाहिए।' उन्होंने उनसे अपनी आवाज का स्केल लगभग डेढ़ सुर नीचे लाकर गाने को कहा ताकि गजलों में नजाकत और गहराई उतर सके। परिणाम अद्भुत था। 'दिल चीज क्या है' और 'इन आंखों की मस्ती के' जैसे गीतों में आशा जी ने ऐसी संजीदगी, दर्द और अदब का संसार रचा कि हर श्रोता मंत्रमुग्ध हो उठा। यह केवल गायन नहीं, बल्कि भावनाओं की सूक्ष्म अभिव्यक्ति थी। इसी फिल्म ने यह सिद्ध कर दिया कि उनकी प्रतिभा किसी एक शैली तक सीमित नहीं है और इसके लिए उन्हें अपना पहला राष्ट्रीय पुरस्कार भी प्राप्त हुआ।

संगीत के साथ-साथ उन्हें पाक-कला में भी गहरी रुचि थी और वे एक उत्कृष्ट शेफ के रूप में जानी जाती थीं। उनकी इसी रुचि ने 'आशाज' नाम से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रेस्टोरेंट श्रृंखला को जन्म दिया, जो दुनिया के 10 से अधिक देशों में भारतीय स्वाद का परचम लहरा रही है। सम्मानों की दृष्टि से भी उनका सफर उतना ही गौरवशाली रहा। उन्हें वर्ष 2008 में पद्म विभूषण, 2000 में भारतीय सिनेमा के सर्वोच्च सम्मान दादासाहेब फाल्के पुरस्कार और 7 फिल्मफेयर पुरस्कारों से नवाजा गया। इसके अतिरिक्त, सबसे अधिक गीत रिकॉर्ड करने वाली कलाकार के रूप में उनका नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज है, जो उनकी अथाह साधना और समर्पण का प्रमाण है। उनके करियर के विभिन्न पड़ाव भी उनकी बहुमुखी प्रतिभा को दर्शाते हैं। आशा भोंसले अपनी मधुर मुस्कान और अमिट उपस्थिति के साथ हमारे दिलों में हमेशा जीवित रहेंगी। अलविदा, सुरों की अमर जादूगरनी!

आर के नारायण के उपन्यास पर बनी कालजयी फिल्म 'गाइड'

फ्लैश बैक



नवकेतन बैनर के तले बनी देव आनंद की फिल्म 'गाइड' 6 दिसंबर 1965 को रिलीज हुई थी। इस फिल्म को बने 61 साल हो गए हैं। इस फिल्म को भारतीय हिंदी सिनेमा के इतिहास में कल्ट क्लासिक होने का गौरव प्राप्त है। फिल्म में देव आनंद ने राजू नाम के गाइड की भूमिका निभाई थी, जो रोजी (वहिदा रहमान) के प्रति आकर्षित होता है और उसे डांसर बनने के लिए प्रेरित करता है। प्रेम, लालच, पतन और अंततः आत्मज्ञान को दर्शाती यह फिल्म भारतीय रिश्तो के बदलते उतार-चढ़ाव को दिखती है। फिल्म में किशोर साहू, लीला चिटनिस, अनवर हुसैन, गजानन जागीरदार, प्रेम सागर, कृष्ण धवन और उल्लास आदि ने भी विभिन्न भूमिकाएं निभाई हैं।

फिल्म राजू गाइड की कहानी है, जिसकी मुलाकात मार्को और उसकी पत्नी रोजी से होती है। मार्को द्वारा अपेक्षित होने पर राजू रोजी को सहारा देता है और रोजी को नृत्य के प्रति जुनून को पहचानकर उसे प्रसिद्ध नृत्यांगना बनाने में मदद करता है। दोनों के बीच प्यार हो जाता है और समय के साथ दोनों अमीर भी हो जाते हैं, लेकिन राजू के मन में लालच और असुरक्षा की भावना आ जाती है। वह रोजी के जाली दस्तखत कर अपराध करता है और जेल चला जाता है। जेल से छूटने के बाद एक मंदिर में शरण लेता है। गांव वाले उसे साधु समझ लेते हैं। जब गांव में सूखा पड़ता है, तो राजू गांव के लिए उपवास रखता है और अंत में अपने निःस्वार्थ त्याग के माध्यम से जीवन से मुक्ति पा जाता है।

दीपक नौगांई
लेखक, हल्द्वानी

यह फिल्म 'मालगुडी डेज' वाले लेखक आरके नारायण के उपन्यास 'गाइड' पर आधारित थी। आरके नारायण एक जाने-माने लेखक थे और उनकी एक किताब दुनियाभर में तारीफें बटोर रही थी। एक बार किसी ने देव साहब को यह किताब पढ़ने को दी। उन्हें इसकी कहानी अच्छी लगी और उन्होंने इस पर फिल्म बनाने का निर्णय लिया। हालांकि मूल उपन्यास और फिल्म की कहानी में कुछ अंतर भी है। फिल्म में राजू रोजी का प्यार पाने के लिए जतन करता है, लेकिन फिल्म में रोजी पहले से ही अपनी शादी से दुखी है। देव आनंद ने हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में इस फिल्म को बनाने का निर्णय लिया। देव आनंद ने फिल्म के निर्देशन का जिम्मा पहले अपने भाई चेतन आनंद को दिया था। चेतन वहीदा रहमान की जगह फिल्म में लीला नायडू को लेना चाहते थे, क्योंकि वह अच्छी डांसर थी, लेकिन देव साहब इसके लिए तैयार नहीं हुए। फिल्म के शूटिंग के दौरान भी देव आनंद और चेतन आनंद के बीच कुछ मतभेद उभर आए। नतीजन चेतन आनंद ने फिल्म ही छोड़ दी और वह अपनी फिल्म 'हकीकत' बनाने में जुट गए। उसके बाद फिल्म को निर्देशित करने की जिम्मेदारी देव आनंद ने अपने दूसरे भाई विजय आनंद (गोल्डी) को दी। फिल्म ने सफलता के नए प्रतिमान स्थापित किए। पहली बार गाइड में एंटी हीरो की भूमिका की झलक देव आनंद के चरित्र में दिखाई देती है।

फिल्म के गाने लिखने की भी अलग कहानी है। पहले गाने लिखने के लिए हसरत जयपुरी को साइन किया गया था, लेकिन उनके लिखे एक गाने की लाइन देव आनंद को पसंद नहीं आई। उसे बदलने को कहा गया परंतु हसरत ने ऐसा करने से इनकार कर दिया और फिल्म ही छोड़ दी। इसके बाद शैलेंद्र को फिल्म में लिया गया, जिन्होंने फिल्म के सारे गीत लिखे। देव आनंद और वहीदा रहमान पर फिल्माए गीत। 'आज फिर जीने की तमन्ना है' क्लासिक बन गया और सुपरहिट गीतों में शामिल हुआ। फिल्म में गीतों को लता मंगेशकर, मोहम्मद रफी, किशोर कुमार ,मन्ना डे और एसडी बर्मन ने अपनी आवाजें दी है। फिल्म गाइड बॉक्स ऑफिस का सुपरहिट रही और आज भी बहुत पसंद की जाती है। कई फिल्म फेयर पुरस्कार इस फिल्म को प्राप्त हुए, जिसमें सर्वश्रेष्ठ फिल्म, सर्वश्रेष्ठ अभिनेता, अभिनेत्री, निर्देशक, लेखक और छायाकार शामिल हैं।

निफा ग्रुप 10 देशों में कारोबार का विस्तार करेगी

कोलकाता। कोलकाता की कंपनी निफा ग्रुप ने अपने कृषि उपकरण कारोबार के विस्तार के लिए 'वनहॉर्न' नाम से नया ब्रांड शुरू किया है। कंपनी भारत के 20 राज्यों के साथ अमेरिका सहित 10 देशों में कारोबार बढ़ाएगी। कंपनी के चेयरमैन महेश चंद्र शाह ने कहा कि कृषि क्षेत्र में मशीनों का उपयोग और उद्यमिता दोनों को बढ़ना जरूरी है।

अमृत विचार
लखनऊ, सोमवार, 20 अप्रैल 2026
www.amritvichar.com

बिजनेस ब्रीफ

एफपीआई ने अप्रैल में पूंजी बाजार से निकाले 58,403 करोड़ रुपये

मुंबई। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफपीआई) ने अप्रैल में अब तक भारतीय पूंजी बाजार से कुल 58,403 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की है। शुद्ध निकासी, बाजार में लगायी गयी पूंजी और निकाली गयी पूंजी का अंतर होता है। यह लगातार दूसरा महीना है जब एफपीआई बाजार में बिकवाल दिख रहे हैं। इससे पहले मार्च में उन्होंने रिकॉर्ड 1,26,991 करोड़ रुपये की निकासी की थी। केंद्रीय डिपॉजिटरी सेवा (सीडीएसएल) के आंकड़ों के अनुसार, एफपीआई ने अप्रैल में अब तक इक्विटी में 43,419 करोड़ रुपये की शुद्ध बिकवाली की है। डेट और हाइब्रिड उपकरणों में भी उनका निवेश नकारात्मक रहा है, लेकिन म्यूचुअल फंड में उन्होंने शुद्ध रूप से पैसा लगाया है।

आईटीसी लांच करेगी प्रोटीन प्रोडक्ट्स

बेंगलुरु। विविध कारोबार क्षेत्र में कार्यरत कंपनी आईटीसी लिमिटेड के खाद्य प्रभाग के मुख्य कार्यकारी और कार्यकारी निदेशक हेमंत मलिक ने कहा है कि कंपनी स्वास्थ्य और पोषण के तेजी से बढ़ते क्षेत्र में अपनी मौजूदगी मजबूत करने के लिए प्रोटीन युक्त खाद्य उत्पादों पर जोर बढ़ा रही है। मलिक ने कहा कि कंपनी ने अलग-अलग श्रेणियों में प्रोटीन युक्त नए और खास उत्पाद पेश किए हैं। इन उत्पादों को तैयार करने में उपभोक्ताओं की पसंद, नवाचार और बेहतर स्रोत व्यवस्था का उपयोग किया गया है, जिससे स्वास्थ्य क्षेत्र में एक अलग पहचान बनाई जा सके।

अदाणी की इकाई ने बनाईं तीन कंपनियां

नई दिल्ली। अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) की अनुषंगी की अनुषंगी इकाई ने तीन पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनियों का गठन किया है जो हवाई अड्डा शहर विस्तार रणनीति के तहत होटल और रियल एस्टेट विकास पर ध्यान केंद्रित करेगी। अदाणी एयरपोर्ट सिटी लिमिटेड, जो कंपनी की इकाई है, ने अदाणी नवी मुंबई एयरपोर्ट सिटी लिमिटेड, अदाणी गुवाहाटी एयरपोर्ट सिटी लिमिटेड और अदाणी अहमदाबाद एयरपोर्ट सिटी लिमिटेड बनाई हैं। कंपनी ने शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कहा कि नई इकाइयां निर्माण समेत रियल एस्टेट गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित करेंगी। साथ ही एकीकृत रेस्तरां, बैंक्वेट और कारोबारी केंद्र वाले होटल भी बनाएंगी।

एरिक्सन इंडिया का राजस्व 29 % बढ़ा

नई दिल्ली। स्वीडन की दूरसंचार उपकरण निर्माता कंपनी एरिक्सन ने जनवरी-मार्च तिमाही में स्थिर मुद्रा आधार पर लगभग 29 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए 4,228 करोड़ रुपये का राजस्व कमाया है। कंपनी द्वारा जारी वित्तीय आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

एलपीजी में 20% डीएमई मिलाने से हर साल बचेंगे 34,200 करोड़ रुपये

रसोई गैस के आयात में आ सकती है प्रति वर्ष 63 लाख टन की कमी, बचेगी विदेशी मुद्रा

नई दिल्ली, एजेंसी

कोयला गैसीकरण से उत्पादित 20 प्रतिशत डाइमिथाइल ईथर (डीएमई) को रसोई गैस (एलपीजी) के साथ मिलाने से एलपीजी आयात में सालाना लगभग 63 लाख टन की कमी आ सकती है। एक ताजा रिपोर्ट के अनुसार इससे प्रति वर्ष लगभग 34,200 करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा की बचत होगी।

कोयला गैसीकरण की प्रक्रिया में कोयले को सिनगैस में बदला जाता है, जिसे बाद में डीएमई में बदल दिया जाता है। डीएमई एक स्वच्छ जलने वाला ईंधन है, जो आयातित एलपीजी के स्वदेशी विकल्प के रूप में इस्तेमाल होता है। पश्चिम एशिया में युद्ध छिड़ने के बाद से भारत को एलपीजी आपूर्ति में आने वाली बाधाओं के मद्देनजर यह रिपोर्ट काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। ईवाई-पार्थेनन और घरेलू कोयला गैसीकरण कंपनी न्यू एरा क्लीनटेक सॉल्यूशन लिमिटेड की 'ऊर्जा और रासायनिक सुरक्षा के लिए कोयला गैसीकरण' शीर्षक वाली रिपोर्ट के अनुसार,कोयला गैसीकरण से उत्पादित डीएमई, एलपीजी आयात को आंशिक रूप से प्रतिस्थापित कर सकता है।

रिपोर्ट में आगे कहा गया कि 20 प्रतिशत मिश्रण से सालाना लगभग 63 लाख टन एलपीजी आयात कम हो सकता है। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) पहले ही भारत में 20 प्रतिशत तक डीएमई-एलपीजी मिश्रण की अनुमति देने वाले मानकों को अधिसूचित कर चुका है। रिपोर्ट के मुताबिक, डीएमई स्वच्छ ईंधन के एक विकल्प के रूप में उभर रहा है।

फिलहाल भारत में पायलट स्तर पर ही डीएमई उत्पादन किया जा रहा है। न्यू एरा क्लीनटेक के प्रबंध निदेशक बालासाहेब दराडे ने कहा कि निवेश को आकर्षित करने और घरेलू डीएमई उत्पादन को बढ़ाने के लिए एक स्पष्ट मिश्रण नीति महत्वपूर्ण होगी।

● न्यू एरा क्लीनटेक सॉल्यूशन ने जारी की 'ऊर्जा और रासायनिक सुरक्षा के लिए कोयला गैसीकरण' पर रिपोर्ट

मार्च में 13 प्रतिशत घटी एलपीजी की खपत

नई दिल्ली, एजेंसी। पश्चिम एशिया संघर्ष से जुड़ी आपूर्ति दिक्कतों की वजह से भारत में एलपीजी की खपत में मार्च में 13 प्रतिशत की गिरावट आई है। इससे घरों की रसोई और वाणिज्यिक ग्राहकों दोनों के लिए उपलब्धता पर असर पड़ा है। आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। मार्च में एलपीजी की खपत 23.79 लाख टन रही है, जो पिछले साल की इसी अवधि के आंकड़े 27.29 लाख टन से 12.8 प्रतिशत कम है। भारत अपनी एलपीजी जरूरत का 60 प्रतिशत आयात से पूरा करता है। पेट्रोलियम मंत्रालय के मुताबिक, मार्च में घरेलू को एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति 8.1 प्रतिशत घटकर 22.19 लाख टन रह गई, जबकि गैर-घरेलू उपयोगकर्ताओं को एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति में 48 प्रतिशत की कमी आई।

सिनगैस क्या है और कैसे बनती है

सिनगैस, जिसका पूरा नाम सिंथेसिस गैस है, एक उपयोगी गैस मिश्रण होता है जिसमें मुख्यत: कार्बन मोनोऑक्साइड (CO) और हाइड्रोजन (H) शामिल होते हैं। यह ऊर्जा उत्पादन और रसायन बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण कच्चा माल है। सिनगैस आमतौर पर कोयला, प्राकृतिक गैस, बायोमास (जैसे लकड़ी या कृषि अवशेष) या कचरे से बनाई जाती है। इसे बनाने की प्रक्रिया को गैसीकरण (Gasification) कहा जाता है। इस प्रक्रिया में इन पदार्थों को बहुत उच्च तापमान (700–1500C) पर सीमित ऑक्सीजन या भाप की उपस्थिति में गर्म किया जाता है। इससे ठोस या तरल ईंधन गैस में बदल जाता है और CO व H का मिश्रण बनता है। इस गैस का उपयोग बिजली बनाने, ईंधन (जैसे मेथनॉल, डीज़ल) तैयार करने और उर्वरक उद्योग में किया जाता है। इस तरह सिनगैस ऊर्जा और उद्योग के लिए एक बहुपयोगी संसाधन है।

प. एशिया तनाव, तेल कीमतें और कंपनियों के तिमाही नतीजे तय करेंगे शेयर बाजार की दिशा

नई दिल्ली, एजेंसी

इस सप्ताह स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा तय करने में अमेरिका-ईरान संघर्ष से जुड़े घटनाक्रम, कच्चे तेल की कीमतें और कंपनियों के तिमाही नतीजे प्रमुख भूमिका निभाएंगे। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। विदेशी निवेशकों की खरीद-बिक्री गतिविधियां भी बाजार के रुख को प्रभावित करेंगी।

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के शोध प्रमुख अजित मिश्रा ने कहा कि अमेरिका-ईरान संघर्ष से जुड़े भू-राजनीतिक घटनाक्रम पर खास नजर बनी रहेगी, क्योंकि इसका सीधा असर कच्चे तेल की कीमतों और वैश्विक निवेशकों की जोखिम लेने की धारणा पर पड़ता है।

सबसे बड़े निजीबैंक एचडीएफसी बैंक ने शनिवार को जनवरी- मार्च तिमाही के परिणामों की घोषणा की। एचडीएफसी बैंक का वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 8.04 प्रतिशत बढ़कर 20,350.76 करोड़ रुपये रहा। हालांकि, बैंक ने पश्चिम एशिया में जारी तनाव के कारण छोटे कारोबारियों के लिए निकट भविष्य में जोखिम की चेतावनी भी दी।

स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा कि आने वाले सप्ताह में बड़ी संख्या में कंपनियों के तिमाही नतीजे बाजार की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। पिछले सप्ताह, बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 943.29 अंक या 1.21 प्रतिशत बढ़ा, और एनएसई का निफ्टी 302.95 अंक या 1.25 प्रतिशत चढ़ा। एनरिच मनी के सीईओ पोनमुडी आर ने कहा कि निवेशकों का ध्यान अमेरिका-ईरान वार्ता की दिशा पर रहेगा। कच्चे तेल की कीमतों में लगातार स्थिरता या और कमी शेयर बाजार के लिए सकारात्मक साबित हो सकती है।

1.87 लाख करोड़ रुपये बढ़ी शीर्ष 8 कंपनियों की पूंजी, एयरटेल को सबसे अधिक लाभ

नई दिल्ली, एजेंसी। पिछले सप्ताह छुट्टियों के कारण कम कारोबारी सत्रों के बावजूद शेयर बाजार में सकारात्मक रुख के बीच सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से आठ का कुल बाजार पूंजीकरण 1,87,497.45 करोड़ रुपये बढ़ गया। इसमें भारती एयरटेल सबसे अधिक लाभ में रही। पिछले सप्ताह, बीएसई सेंसेक्स 943.29 अंक या 1.21 प्रतिशत बढ़ा, जबकि एनएसई निफ्टी में 302.95 अंक या 1.25 प्रतिशत की तेजी हुई। शीर्ष 10 कंपनियों में भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन सबसे अधिक 58,831.52 करोड़ रुपये बढ़कर 11,25,125.21 करोड़ रुपये हो गया। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का मूल्यांकन 27,608.62 करोड़ रुपये बढ़कर 5,32,691.31 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने अपने बाजार मूल्यांकन में 20,731.64 करोड़ रुपये जोड़े, जिससे इसका कुल मूल्यांकन 9,34,063.56 करोड़ रुपये हो गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 20,231.05 करोड़ रुपये बढ़कर 18,47,317.84 करोड़ रुपये और लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) का मूल्यांकन 18,577.91 करोड़ रुपये बढ़कर 5,63,314.50 करोड़ रुपये हो गया। हालांकि, एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 16,163.04 करोड़ रुपये घटकर 12,31,315.53 करोड़ रुपये रह गया। बजाज फाइनेंस के मूल्यांकन में भी 9,769.3 करोड़ रुपये की कमी आई और यह 5,65,437.17 करोड़ रुपये पर आ गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज देश की सबसे मूल्यवान कंपनी बनी रही, जिसके बाद एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, टीसीएस, बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो, इन्फोसिस और एलआईसी का स्थान रहा।

प्रगति के लिए नवोन्मेषण और शिक्षा जरूरी : सैमसंग

नई दिल्ली, एजेंसी। दक्षिण कोरिया की उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी सैमसंग का मानना है कि भारत में नवोन्मेषण और शिक्षा प्रगति को सक्षम बनाने के साथ-साथ समावेशन के लिए उत्प्रेरक का काम करते हैं। कंपनी के दक्षिण-पश्चिम एशिया के कॉरपोरेट उपाध्यक्ष एस पी चुन ने यह बात कही है। कंपनी ने वर्ष 2025-26 के लिए अपनी कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत फंड को बढ़ाकर 193.89 करोड़ रुपये कर दिया है, जो 2024-25 में 144.48 करोड़ रुपये थी। सैमसंग इंडिया के ''सिटीजनशिप'' कार्यक्रम से अब तक 15 लाख लोग लाभान्वित हुए हैं। चुन ने बयान में कहा कि भारत में तीन दशक पूरे होने के साथ हम नवोन्मेषण और शिक्षा को प्रगति और समावेशन के लिए उत्प्रेरक मानते हैं। कहा कि हम युवा नवोन्मेषकों की ऐसी पीढ़ी तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिनमें कौशल, रचनात्मकता और सहयोग की भावना हो, ताकि वे जटिल सामाजिक चुनौतियों का समाधान कर सकें।

भारत-अमेरिका के बीच व्यापार समझौते पर वार्ता आज से

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के पहले चरण पर तीन दिन की वार्ता के लिए भारत के लगभग एक दर्जन अधिकारी 20 अप्रैल को वाशिंगटन पहुंचेंगे। एक अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए कहा कि चूंकि अमेरिका में शुल्क ढांचा बदल गया है, इसलिए दोनों पक्ष उस समझौते पर फिर से विचार कर सकते हैं, जिसका मसौदा सात फरवरी को जारी किया गया था।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा कई देशों पर लगाए गए व्यापक शुल्क के खिलाफ अमेरिकी उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने 24 फरवरी से 150 दिन के लिए सभी देशों पर 10 प्रतिशत शुल्क लगा दिया है। अधिकारी ने कहा कि बैठक 20-22 अप्रैल तक वाशिंगटन डीसी में होगी। भारत के मुख्य वार्ताकार और वाणिज्य विभाग में अतिरिक्त सचिव दर्पण जैन टीम का नेतृत्व कर रहे हैं। सीमा शुल्क और विदेश मंत्रालय के अधिकारी भी भारतीय दल का हिस्सा हैं। इसके अलावा, अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि द्वारा शुरू की गई जांच पर चर्चा हो सकती है।

लोन गारंटर बनने के बड़े खतरे ...

निवेश की पाठशाला

कारोबार डेस्क

किसी लोन का गारंटर बनना सिर्फ गवाही नहीं, बल्कि कानूनी जिम्मेदारी है यानी कानूनी तौर पर कर्ज आपके सिर पर आ जाता है। यदि कर्जदार चूक जाता है, तो बैंक लोन की वसूली आपसे करेगा। आपकी जमा पूंजी या संपत्ति भी जोखिम में हैं। किस्त चुकने में छोटी देर भी आपके क्रेडिट स्कोर को नुकसान पहुंचा सकती है और भविष्य में स्वयं को लोन मिलना कठिन हो सकता है। आइए समझते हैं गारंटर बनने के बाद आपके सामने क्या चुनौतियां आ सकती हैं-

लाभ किसी का, जिम्मेदारी आपकी

● किसी व्यक्ति के लोन यानी कर्जे का गारंटर बनने का सीधा अर्थ है कि यदि कर्ज लेने वाला व्यक्ति ऋण चुकाने में किसी कारण विफल रहता है तो उस पूरे कजर् की वसूली बैंक आपसे करने के लिए अधिकृत है। बैंक को इससे कोई सरोकार नहीं कि लोन का पैसा आपने इस्तेमाल किया है या नहीं। यदि कर्जदार भाग गया या मुकर गया, तो बैंक आपका दरवाज खटखटाएगा। आपका वेतन, पेंशन, जमा पूंजी और यहां तक कि अचल संपत्ति भी इस वसूली की चपेट में आ सकती है।

ध्यान दें

● **बहुत क्रेडिट स्कोर पर प्रहार :** अधिकांश लोग यह नहीं जानते कि यदि मुख्य कर्जदार किस्त चुकाने में एक दिन की भी देरी करता है, तो उसका बुरा असर आपके क्रेडिट प्रोफाइल पर भी पड़ता है।

● **भविष्य के रास्ते बंद :** यदि कभी आपको स्वयं किसी काम के लिए धन की आवश्यकता पड़ी, तो बैंक आपको ऋण देने से मना कर सकता है, क्योंकि आप पहले ही किसी और के द्वारा लिए गये कर्ज के लिए उत्तरदायी हैं।

● **साख में गिरावट :** कर्जदार की एक चूक आपके वर्षों से बनाए गए वित्तीय सम्मान को मिट्टी में मिला सकती है।

● **कानूनी पचड़े और मानसिक तनाव :** हम सबको जीवन में शांति और अच्छे स्वास्थ्य की जरूरत होती है। लेकिन जब कोई लोन डिफाल्ट होता है तो अदालती नोटिस और वसूली एजेंटों के चक्कर आपको मानसिक रूप से तोड़ सकते हैं।

कानूनी कार्रवाई और रिश्ते

● **कानूनी कार्रवाई :** कर्ज देने वाला बैंक कर्जदार के साथ आपके विरुद्ध भी मुकदमा चला सकता है।

● **रिश्तों में खटास :** रिश्तों के बीच जब पैसे का लेनदेन आ जाता है तो रिश्ते बिगड़ने का अंदेशा रहता है। अगर मामला कर्ज का हो तो जिस अपने की मदद के लिए आप गारंटर बने थे, वही व्यक्ति आपका सबसे बड़ा दुश्मन बन सकता है।

इमरजेंसी फंड पर संकट

● हम सभी अपने कठिन समय, बीमारियों और आकस्मिक खर्चे के लिए एक इमरजेंसी फंड बनाकर रखते हैं। लेकिन यदि पूंजी का बड़ा हिस्सा किसी और का कर्ज चुकाने में चला गया, तो आप अपने उपचार और अन्य किसी आपात स्थिति के लिए दूसरों पर निर्भर हो सकते हैं।

काम की बात

● नियम-शर्तों को समझकर ही गारंटर बनें। बल्कि गारंटर बनने के बजाय कर्जदार को बीमा कराने की सलाह दें, ताकि उसकी अनुपस्थिति में बीमा कंपनी कर्ज का बोझ उठाए।

● मदद करना धर्म है, लेकिन यदि आपका मन गवाही नहीं दे रहा, तो विनम्रता से 'ना' कहें।

पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम

घुसपैठियों के लिए उन्हीं की सरकार बनाना चाहती हैं ममता बनर्जी : मोदी

झाड़ग्राम (पश्चिम बंगाल), एजेंसी



पश्चिम बंगाल के झाड़ग्राम में जनसभा में अभिवादन करते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम बंगाल में आगामी विधानसभा चुनाव को राज्य की पहचान बचाने की लड़ाई बताया। उन्होंने राज्य की ममता बनर्जी सरकार पर ऐसी राजनीति करने का रविवार को आरोप लगाया जो मूल निवासियों के बजाय 'घुसपैठियों' का समर्थन करती है। मोदी ने आदिवासी बहुल झाड़ग्राम जिले में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि तृणमूल कांग्रेस घुसपैठियों के लिए, घुसपैठियों की सरकार' बनाना चाहती है। उन्होंने मतदाताओं से इसे सत्ता से हटाने को एकजुट होने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि यह चुनाव इस भूमि की समृद्ध विरासत को बचाने के लिए है... यह बंगाल की पहचान को बचाने के लिए है। आज बंगाल को अपनी पहचान खोने का डर है। आरोप लगाया कि तृणमूल जिस रास्ते पर चल रही है वह बहुत खतरनाक है। तृणमूल कांग्रेस घुसपैठियों की सरकार'बनाना चाहती है। एक ऐसी सरकार जो बंगाल की जनता के धर्म, भाषा और रीति-रिवाजों के बजाय केवल घुसपैठियों के धर्म, भाषा और रीति-रिवाजों की रक्षा करेगी। मोदी ने दावा किया कि ऐसी सरकार के लिए सबसे बड़ी बाधा पश्चिम बंगाल के आम लोग होंगे। उस सरकार के लिए, अगर कोई शत्रु है, तो वे यहीं बैठे भाई-बहन होंगे, जो घुसपैठियों के शत्रु होंगे।

● **कहा- बंगाल की पहचान बचाने की लड़ाई है यह विस चुनाव**

मंदिर के ऊपर 'दीपम' जलाया जाएगा: राजनाथ सिंह

चेन्नई, एजेंसी। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) पर अवैध रेत खनन और गिरती कानून-व्यवस्था को लेकर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि 23 अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनाव के बाद राज्य में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार बनते ही तिरुपरनकुंद्रम मंदिर के ऊपर दीपम जलाया जाएगा। तेनकासी जिले के वासुदेवनल्लूर (आरक्षित) और राधापुरम निर्वाचन क्षेत्रों में भाजपाउम्मीदवारों अनंतन अय्यानाथन और बालकृष्णन के समर्थन में रोड शो करते हुए श्री सिंह ने कहा कि अदालत के आदेशों के अनुसार वहां दीपम निश्चित रूप से जलाया जाएगा। गौरतलब है कि मद्रास उच्च न्यायालय ने तिरुपरनकुंद्रम पहाड़ी पर स्थित पत्थर के खंभे (दीपथून) पर कार्तिकेय दीपम जलाने की अनुमति दी थी।

ममता ने कांग्रेस के साथ साजिश रचकर महिलाओं से किया विश्वासघात : नबीन

बलूरघाट (प. बंगाल), एजेंसी। भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन ने रविवार को लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के आरक्षण के कार्यान्वयन में आई बाधा के लिए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और कांग्रेस जैसी विपक्षी पार्टियों को जिम्मेदार ठहराया। बलूरघाट में भाजपा उम्मीदवार बिद्युत रॉय के समर्थन में एक रैली को संबोधित करते हुए नवीन ने कहा कि बंगाल से घुसपैठियों को बाहर निकालने, जनसांख्यिकीय परिवर्तन को रोकने और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए तृणमूल कांग्रेस को सत्ता से हटाना आवश्यक हो गया है।

उन्होंने आरोप लगाया कि महिला होने के बावजूद, ममता बनर्जी ने कांग्रेस जैसी पार्टियों के साथ मिलकर बंगाल की महिलाओं के साथ विश्वासघात किया ताकि लोकसभा में महिला आरक्षण से संबंधित संशोधन विधेयक पारित न हो सके। भाजपा अध्यक्ष ने राज्य की महिला मतदाताओं से तृणमूल कांग्रेस को सबक सिखाने का आह्वान करते हुए दावा किया कि राज्य सरकार महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने में विफल रही है।

विस चुनाव : निर्वाचन आयोग ने की 11 हजार गैर कानूनी सोशल मीडिया पोस्ट के खिलाफ कार्रवाई

नई दिल्ली, एजेंसी। निर्वाचन आयोग ने रविवार को कहा कि उसने पांच विधानसभा चुनाव के लिए जारी प्रक्रिया से संबंधित करीब 11,000 'गैरकानूनी' सोशल मीडिया पोस्ट और अन्य सामग्री के खिलाफ कार्रवाई की है। असम, केरल और पुडुचेरी विधानसभा के लिए पहले ही मतदान हो चुका है जबकि तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में चुनाव इस महीने के अंत में चुनाव होंगे। निर्वाचन आयोग ने अपने निर्देश में कहा है कि सोशल मीडिया पर कृत्रिम मेधा (एआई) द्वारा सृजित या हेरफेर की गई किसी भी भ्रामक या गैरकानूनी सामग्री की जानकारी मिलते ही तीन घंटे के भीतर कार्रवाई की जानी चाहिए। राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों और अभियान प्रतिनिधियों को यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि प्रचार के लिए उपयोग की जाने वाली किसी भी कृत्रिम रूप से निर्मित या एआई-जनित सामग्री को स्पष्ट रूप से एआई-जनित, 'डिजिटल रूप से उन्नयन किया गया' या 'कृत्रिम सामग्री' के रूप में लेबल किया जाए, साथ ही मूल संस्था का खुलासा भी किया जाए, ताकि पारदर्शिता और मतदाताओं का विश्वास बना रहे।

राजनीतिक प्रचार के लिए सरकारी तंत्र का दुरुपयोग कर रहे प्रधानमंत्री : ममता

तारकेश्वर(प.बंगाल), एजेंसी

पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार करतीं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर राजनीतिक प्रचार के लिए सरकारी तंत्र का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया।

पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख बनर्जी ने हुगली जिले के तारकेश्वर में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी ने महिला आरक्षण विधेयक के संबंध में राष्ट्र को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लिए अवैध तरीके से प्रचार किया। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री पर आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने का आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने (भाजपा ने) कल सरकारी तंत्र का दुरुपयोग राजनीतिक प्रचार के लिए किया।

हम इसकी निंदा करते हैं और निर्वाचन आयोग में शिकायत कराएंगे। वर्ष 2029 से लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण लागू करने संबंधी विधेयक के संसद के निचले सदन में पारित नहीं होने के बाद प्रधानमंत्री ने शनिवार को राष्ट्र को संबोधित किया। उन्होंने कांग्रेस और उसके सहयोगियों को चेतावनी दी कि भारत की महिलाएं उन्हें भ्रूण हत्या के पाप के लिए कड़ी सजा देंगी। बनर्जी ने कहा कि प्रधानमंत्री को जनता को जवाब देना होगा कि आप अपनी पार्टी के लिए अवैध प्रचार कर रहे हैं।

टीवीके ने एक सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार को दिया समर्थन

चेन्नई, एजेंसी। तमिलनाडु में अभिनेता से राजनेता बने विजय ने अपनी पार्टी तमिलगा वेट्री कषगम (टीवीके) के उम्मीदवार एम. अरुण कुमार का एडापडी विधानसभा क्षेत्र से नामांकन रद्द होने के बाद ऐलान करते हुए कहा कि उनकी पार्टी इस सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के. प्रेमकुमार का समर्थन करेगी। उन्होंने कहा कि मैं एडापडी विधानसभा क्षेत्र के लोगों को अपनी शुभकामनाएं देता हूं। प्रेमकुमार बतौर एक निर्दलीय उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। हममें से ही एक हैं और पहले हमारे फैन क्लब में काम कर चुके हैं। श्री विजय ने मतदाताओं से अपील की कि वे इस विधानसभा क्षेत्र में श्री प्रेमकुमार को उनकी पार्टी टीवीके के उम्मीदवार के तौर पर ही देखें।

निर्वाचन आयोग ने जोड़े सात लाख नए मतदाता

कोलकाता, एजेंसी। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची में लगभग सात लाख नए मतदाता जोड़े गए हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। निर्वाचन आयोग ने हालांकि नए जोड़े वोटरों आयु या अन्य जानकारी साझा नहीं की है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को बताया कि इन नए मतदाताओं में से लगभग 3.22 लाख मतदाता पहले चरण में वोट करेंगे, जबकि शेष लगभग 3.88 लाख वोटर दूसरे चरण में मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

वर्ल्ड ब्रीफ

संडाकन के कम्पुंग बहागिया में भीषण आग 8,000 लोग विस्थापित

संडाकन/कुआलालंपुर। मलेशिया के संडाकन स्थित कम्पुंग बहागिया इलाके में रविवार तड़के हुई दुर्घटना के कारण भीषण आग लग गई जिससे 200 घर जलकर नष्ट हो गए और लगभग 8,000 लोग विस्थापित हो गए। गांव प्रमुख शरीफ हाशिम शरीफ इतिंग ने बताया कि आग करीब 1:30 बजे ब्रिज ए स्थित एक घर में लगी, जब खाना बनाते समय गैस चूल्हे की आग भड़क उठी। दमकल के पहुंचने से पहले आसपास के लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन आग तेजी से फैल गई। उन्होंने बताया कि घनी आबादी, पास-पास बने लकड़ी के मकानों कारण हालात और बिगड़ गए।

इजराइल को कोई पसंद करे न करे, वह हमारा सहयोगी : ट्रंप

मॉस्को। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि इजराइल ने खुद को अमेरिका का एक महान सहयोगी साबित किया है। ट्रंप ने ट्रूथसोशल पर कहा, चाहे लोग इजराइल को पसंद करें या न करें, उसने अमेरिका का एक महान सहयोगी साबित किया है। उन्होंने कहा कि इजराइल जीतना जानता है, ऐसे कुछ लोगों के विपरीत जिन्होंने संघर्ष और तनाव के दौरान असली रंग दिखाया है। ट्रंप ने यह टिप्पणी उस बयान के बाद की है जिसमें उन्होंने इजराइल पर लेबनान पर बमबारी पर रोक लगाई थी।

राजस्थान में भीषण गर्मी, कोटा में पारा 42.1 डिग्री सेल्सियस

जयपुर। राजस्थान में रविवार को भीषण गर्मी रही और कई जिलों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। मौसम विभाग के अनुसार कोटा में राज्य का सर्वाधिक अधिकतम तापमान 42.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। चूरू और चित्तौड़गढ़ में तापमान 42 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि पिलानी में 41.7 डिग्री, टोंक में 41.6 डिग्री और अलवर में 41.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बाड़मेर में 41.4 डिग्री, बीकानेर में 41 डिग्री और जयपुर में 40.5 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ।

मोटर साइकिल के तारबंदी से टकराने से दो युवकों की मौत

जैसलमेर। राजस्थान में जैसलमेर के झिनझिनयाली थाना क्षेत्र में शनिवार शाम सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गयी। थाना प्रभारी सुमेर सिंह ने रविवार को बताया कि बाड़मेर जिले के रामसर थाना क्षेत्र के रेडाणा निवासी चंदा राम मेघवाल और कंवराराम मेघवाल काम के सिलसिले में मोटर साइकिल से जैसलमेर जिले के झिझनियाली आये थे। शनिवार शाम दोनों अपने गांव रेडाणा लौट रहे थे। निंबली फाटा के पास उनकी तेज रफ्तार बाइक अचानक बेकाबू होकर ट्यूबवेल की तारबंदी में जा घुसी।

वार्ता से पहले ईरान के कड़े तेवर, कहा- किसी हाल में नहीं सौंपेंगे अपना संवर्धित यूरेनियम

ट्रंप प्रशासन पर लगाया अतिवादी मांगें थोपने का आरोप, कहा- अब सीधी वार्ता में भी दिलचस्पी नहीं

अंताल्या (तुर्किये), एजेंसी

पश्चिम एशिया में शांति के लिए दूसरे दौर की वार्ता शुरू होने से पहले ईरान ने अमेरिका के खिलाफ तीखी टिप्पणियां करते हुए साफ कर दिया है कि वह किसी भी हालत में उसकी धमकियों के दबाव में नहीं आएगा। ईरान के उप विदेशमंत्री सईद खतीबजादेह ने रविवार को यहां तक कहा कि ईरान फिलहाल अमेरिकी प्रतिनिधियों के साथ सीधी बातचीत का एक नया दौर शुरू करने का इच्छुक नहीं है क्योंकि प्रमुख मुद्दों पर वाशिंगटन अपनी अतिवादी मांगों को छोड़ने से इन्कार कर रहा है। खतीबजादेह ने ट्रंप के दावों को खारिज करते हुए यह भी साफ किया है कि ईरान किसी हालत में अपना संवर्धित यूरेनियम अमेरिका को नहीं सौंपेगा।

तुर्किये में एक राजनयिक मंच के कार्यक्रम में पहुंचे ईरानी उप विदेशमंत्री ने कहा, किसी भी हालत में संवर्धित यूरेनियम अमेरिका नहीं भेजा जाएगा। यह बिल्कुल अस्वीकार्य है। ट्रंप ने शुक्रवार को दावा किया था कि अमेरिका ईरान में घुसकर सारी परमाणु सामग्री हासिल कर लेगा। उनका इशारा पिछले साल अमेरिकी सैन्य हमलों से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुए परमाणु केंद्रों में दबे 440 किलोग्राम संवर्धित यूरेनियम की ओर था। खतीबजादेह ने कहा कि दोनों पक्षों के बीच संदेशों का कई बार आदान-प्रदान हुआ है। लेकिन अमेरिका उन मांगों पर अड़ा हुआ है जिन्हें ईरान अतिवादी मानता है।

उन्होंने कहा कि ईरान आमने-सामने की बैठक से पहले एक समझौते ढांचे को अंतिम रूप देना चाहता है। खतीबजादेह से जब पूछा गया कि क्या ईरान युद्धविराम के बावजूद लेबनान पर इजराइल द्वारा नए सिरे से किए गए हमलों का जवाब देगा तो उन्होंने कहा, ईरान के पास हमलावरों को हमेशा के लिए रोकने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने कहा कि अमेरिका के साथ बातचीत के तहत होर्मुज के लिए एक नई नियमावली' लागू की जाएगी और यह सभी असैन्य जहाजों के आवागमन के लिए खुला और सुरक्षित रहेगा।

गालिबफ का एलान- ईरानी सेना युद्ध के लिए तैयार

मॉस्को। ईरानी संसद अध्यक्ष मोहम्मद बगेर गालिबफ ने कहा कि वाशिंगटन और तेहरान के बीच जारी बातचीत के बावजूद ईरान के सशस्त्र बल पूरी तरह युद्ध के लिए तैयार हैं। गालिबफ ने कहा, हमें दुश्मन पर भरोसा नहीं है। अभी भी जब हम यहां बैठे हैं, युद्ध छिड़ सकता है। सशस्त्र बल जमीन पर पूरी तरह तैयार हैं। संसद अध्यक्ष ने इस बात से इन्कार किया कि बातचीत के बीच राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति लापरवाही हो सकती है।

अमेरिका की हैसियत क्या है जो परमाणु कार्यक्रम के वैध अधिकार से वंचित कर सके: पेजेश्कियान

तेहरान। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर तीखा हमला करते हुए कहा कि वह ईरान के शांतिपूर्ण परमाणु कार्यक्रम के अविभाज्य अधिकार को छीनने की स्थिति में नहीं हैं। पेजेश्कियान ने एक बयान में कहा कि अमेरिका यह कहता है कि ईरान अपने परमाणु अधिकारों का उपयोग न करे, लेकिन यह नहीं बताता कि किस अपराध के लिए। आखिर दुनिया में उसकी क्या हैसियत है कि वह किसी राष्ट्र को उसके वैधानिक अधिकारों से वंचित कर सके। पेजेश्कियान ने मानवाधिकार संगठनों और संयुक्त राष्ट्र की भी आलोचना की। आरोप लगाया कि वे अमेरिका और इजराइल के हमलों पर चुप हैं, जिनमें वैज्ञानिकों की हत्या की गई और नागरिक क्षेत्रों तथा रिहायशी इलाकों को निशाना बनाया गया। पेजेश्कियान ने कहा कि ईरान ने कभी युद्ध की शुरुआत नहीं की है। हम शांतिप्रिय हैं और जो कर रहे हैं वह वैध आत्मरक्षा है। उन्होंने ईरान के सशस्त्र बलों की सराहना करते हुए कहा कि ईरान ने व्यापक समर्थन प्राप्त महाशक्तियों के खिलाफ भी मजबूती से खड़े होने की क्षमता दिखाई।

यूरोपीय संघ को भी ईरान की झिड़की..

ईरानियों पर अत्याचार की अनदेखी करने वाले अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का वास्ता न दें

मॉस्को। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बगाई ने होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों के आवागमन की स्थिति को देखते हुए अंतरराष्ट्रीय कानून के पालन की यूरोपीय संघ की अपील को खारिज करते हुए इसे चरम पाखंड बताया। बगाई यूरोपीय संघ की विदेश नीति प्रमुख काजा कल्लास की उस पोस्ट पर टिप्पणी कर रहे थे, जिसमें उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का हवाला देते हुए ईरान से होर्मुज से जहाजों के बिना शुल्क और टोल मुक्त आवागमन सुनिश्चित करने का आह्वान किया था। बगाई इसके जवाब में एक्स पर कहा, अरे, वो अंतर्राष्ट्रीय कानून ! वही कानून जिसका हवाला देकर यूरोपीय संघ दूसरों को उपदेश देता है जबकि चुपचाप अमेरिका-इजराइल के आक्रामक युद्ध को हरी झंडी देता है और ईरानियों पर हो रहे अत्याचारों को अनदेखा करता है ! उपदेश देना बंद करो। यूरोप की अपने उपदेशों पर अमल न करने की आदत ने उसके अंतर्राष्ट्रीय कानून के वादों को पाखंड की पराकाष्ठा में बदल दिया है।

ट्रंप को क्यूबा का भी दोटूक जवाब- हम जंग से नहीं डरते

हवाना। क्यूबा के राष्ट्रपति मिगुएल डियाज कानेल ने कहा है कि अगर अमेरिका ने उनके देश के खिलाफ कोई अवैध आक्रामक कदम उठाया तो क्यूबा अपनी रक्षा करेगा। उन्होंने कहा कि क्यूबा ऐसा मुल्क नहीं है जो जंग चाहता है या उसे बढ़ावा देता है, लेकिन अगर अपनी जमीन की रक्षा के लिए युद्ध लड़ना पड़ा तो वह इससे डरता भी नहीं। उन्होंने कहा, जब से अमेरिकी राष्ट्रपति की धमकियां बढ़ी हैं, तबसे क्यूबा सरकार ने राष्ट्रीय रक्षा को शीर्ष प्राथमिकता बना लिया है। हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति ने ईरान के खिलाफ चल रहे सैन्य घटनाक्रमों के संदर्भ में कहा था कि वहां काम खत्म करने के बाद हम क्यूबा का रुख कर सकते हैं। क्यूबा पिछले छह दशकों से अधिक समय से अमानवीय अमेरिकी प्रतिबंधों का सामना कर रहा है, जिन्हें संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतर्राष्ट्रीय कानून के मौलिक सिद्धांतों का घोर उल्लंघन माना जाता है।

पाकिस्तान के आतंकी चेहरे से मुखौटा हटाएगा भारत

वाशिंगटन, एजेंसी

- कैपिटल हिल में प्रदर्शनी आयोजित कर दुनिया में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद को करेगा उजागर

अमेरिका में भारतीय दूतावास पहलगाम में आतंकवादी हमले का एक वर्ष पूरा होने पर मंगलवार को अमेरिकी संसद परिसर कैपिटल हिल में एक प्रदर्शनी आयोजित करेगा जिसमें पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद को उजागर किया जाएगा। द ह्यूमन कॉस्ट ऑफ टेररिज्म (आतंकवाद की मानवीय कीमत) नाम की इस प्रदर्शनी का उद्घाटन अमेरिका में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा करेंगे।

यह प्रदर्शनी ऐसे समय में आयोजित की जा रही है जब पाकिस्तान 28 फरवरी को शुरू हुए अमेरिका-ईरान युद्ध में खुद को शांति स्थापित कराने वाले देश के रूप में पेश करने की कोशिश कर रहा है। पहलगाम में पिछले साल 22 अप्रैल को पाकिस्तान स्थित संगठनों से जुड़े आतंकवादियों ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम की बैसरन घाटी में पर्यटकों पर गोलीबारी की थी जिसमें 25 भारतीयों और एक नेपाली नागरिक की मौत हो गई थी। इस हमले के जवाब में भारत ने पाकिस्तान में आतंकवादी ढांचों के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था। भारत ने पिछले साल जुलाई में भी संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में इसी तरह की एक प्रदर्शनी आयोजित की थी। उस समय पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता संभाली थी।

कैपिटल हिल में आयोजित की जाने वाली डिजिटल प्रदर्शनी में दुनिया भर में हुए भीषण आतंकवादी हमलों को प्रदर्शित किया जाएगा, जिनमें 1993 में मुंबई में हुए सिलसिलेवार बम विस्फोट, 2008 में मुंबई आतंकवादी हमले और पहलगाम आतंकवादी हमले को भी दिखाया जाएगा। इसमें प्रत्येक हमले को अंजाम देने वाले आतंकवादी संगठनों के नाम भी प्रदर्शित किए जाएंगे, जिनमें लश्कर-ए-तैयबा जैसे पाकिस्तान स्थित कई संगठन एवं आतंकवादी शामिल हैं।

कांग्रेस सरकार में मंत्री रहे दिनेश त्रिवेदी बन सकते हैं बांग्लादेश में भारत के नए उच्चायुक्त

नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल के अनुभवी नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री दिनेश त्रिवेदी बांग्लादेश में भारत के अगले उच्चायुक्त बनाए जा सकते हैं।

बांग्लादेश में भारत के उच्चायुक्त रहे प्रणय वर्मा को बेल्जियम और यूरोपीय संघ के अगले राजदूत के रूप में नियुक्त किया गया है। माना जा रहा है कि बांग्लादेश में नई सरकार बनने के बाद द्विपक्षीय संबंधों को फिर से स्थापित करने के लिए भारत ढाका में राजनयिक पद पर किसी राजनीतिक हस्ती को नियुक्त करने पर विचार कर रहा है। 2024 में शेख हसीना सरकार के पतन के बाद मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के सत्ता में आने के बाद भारत और बांग्लादेश के रिश्तों में खटास आ गई थी।

इटली में गुरुद्वारे से निकल रहे दो भारतीयों की गोली मारकर हत्या

रोम, एजेंसी

- ताबड़तोड़ गोलियां चलाने के बाद अपनी कार में बैठकर फरार हुआ हमलावर

इटली में बर्गामो प्रांत के कोवो में दो भारतीयों की उस वक्त गोली मारकर हत्या कर दी गई जब वे एक गुरुद्वारे से बाहर निकल रहे थे। यह गुरुद्वारा एक गोदाम में था जिसका इस्तेमाल पूजा स्थल के रूप में किया जा रहा था।

खबरों के मुताबिक, यह हमला शुक्रवार को मध्यरात्रि से कुछ देर पहले शहर के औद्योगिक क्षेत्र में गुरुद्वारा माता साहिब कौर जी के सामने स्थित चौक में हुआ। मृतकों की पहचान कोवो निवासी 48 वर्षीय रागिंदर सिंह और एग्नाडेलो निवासी 48 वर्षीय गुरमीत सिंह के रूप में हुई है। खबर के अनुसार, हमलावर इन लोगों के पास पहुंचा, उसने गोलियां चलाईं और फिर कार में बैठकर फरार हो गया। प्रारंभिक जांच के अनुसार, अचानक झड़प के बाद हत्या किए जाने की संभावना को खारिज किया गया है।

घटनास्थल पर जांच करती कोवो शहर की पुलिस।

घटनास्थल से लगभग 10 कारतूस बरामद किए गए हैं और अधिकारी सुनियोजित हत्या की संभावना को ध्यान में रखकर जांच कर रहे हैं। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि गोली चलाने वाला भी एक भारतीय था जो अक्सर गुरुद्वारे में आता-जाता था।

उ. कोरिया ने समुद्र की ओर कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं

दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग के भारत रवाना होने से ऐन पहले किया प्रक्षेपण

सियोल, एजेंसी

उत्तर कोरिया ने रविवार को समुद्र की ओर कम दूरी की कई बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। ये प्रक्षेपण दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग के भारत और वियतनाम की यात्रा के लिए रवाना होने से कुछ घंटे पहले किए गए। उत्तर कोरिया के मिसाइल परीक्षणों पर जापान और दक्षिण कोरिया ने कड़ी आपत्ति जताई है। दक्षिण कोरिया ने राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की बैठक में भी इन परीक्षणों पर चिंता जताई है।

दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ (जेसीएस) के मुताबिक उत्तर कोरिया के सिनपो क्षेत्र से दागी गईं ये मिसाइलें देश के पूर्वी समुद्री क्षेत्र की दिशा में करीब 140 किलोमीटर (87 मील) तक गईं। जेसीएस ने कहा कि उत्तर कोरिया की उकसाने वाली हर प्रकार की कार्रवाई का जवाब देने के लिए दक्षिण कोरिया तैयार है और वह अमेरिका एवं जापान के साथ सूचनाओं का लगातार आदान-प्रदान कर रहा है। अमेरिका के हिंद प्रशांत कमान ने कहा कि वह अपनी एवं अपने सहयोगियों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। जापान ने कहा कि उसने इन प्रक्षेपणों को लेकर उत्तर कोरिया के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया है। जापान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि ये प्रक्षेपण क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय शांति के लिए खतरा हैं तथा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के उन प्रस्तावों का उल्लंघन करते हैं जिनके तहत उत्तर कोरिया की किसी भी बैलिस्टिक गतिविधि पर रोक है।

जयशंकर ने किया ली जे का स्वागत।

परमाणु हथियार बनाने में उत्तर कोरिया बेहद तेज

ये मिसाइल ऐसे समय में दागी गई हैं जब कुछ दिन पहले ही संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था ने परमाणु हथियार बनाने के उत्तर कोरिया के प्रयासों में बेहद गंभीर प्रगति होने की चेतावनी दी थी। एजेंसी के महानिदेशक राफेल ग्रॉसी ने कहा था कि उत्तर कोरिया के परमाणु केंद्रों में गतिविधियों में तेज बढ़ोतरी हो रही है। उत्तर कोरिया की गतिविधियां उसके परमाणु हथियार उत्पादन की क्षमता में बहुत गंभीर वृद्धि की ओर संकेत करती हैं।

अमेरिका में गोलीबारी में आठ बच्चों की मौत

श्रेवेपोर्ट। अमेरिका के लुइसियाना में रविवार को घरेलू झगड़े में गोलीबारी में आठ बच्चों की मौत हो गई। मृतकों की उम्र एक से चौदह वर्ष के बीच है। श्रेवेपोर्ट पुलिस प्रमुख वेन स्मिथ के अनुसार, गोलीबारी की घटना रविवार सुबह लगभग छह बजे हुई। उन्होंने बताया कि कुल 10 लोग घायल हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि वे तीन स्थानों पर हुई इन घटनाओं के बारे में और जानकारी जुटा रहे हैं। स्मिथ ने कहा कि संदिग्ध हमलावर को पुलिस ने पीछा कर मार गिराया।

श्रीनगर में दो अमेरिकी नागरिक हिरासत में

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर में श्रीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर नियमित जांच के दौरान सामान से सैटेलाइट फोन बरामद होने के बाद दो अमेरिकी नागरिकों को हिरासत में ले लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि दोनों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। इस संबंध में अभी विस्तृत जानकारी नहीं मिल सकी है।

एआई उपकरण के जरिए मरीजों के स्वास्थ्य की 24 घंटे निगरानी करेंगे डॉक्टर

नई दिल्ली/चेन्नई। दक्षिण भारत में स्वास्थ्य देखभाल व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से चिकित्सकों की अगुवाई वाला एआई आधारित एक मंच रविवार को चेन्नई में शुरू किया गया जिसकी मदद से अस्पताल के बाहर भी मरीजों के स्वास्थ्य पर चौबीसों घंटे नजर रखी जा सकेगी।

इस पहल का उद्देश्य दीर्घकालिक बीमारियों से ग्रस्त मरीजों के स्वास्थ्य पर नजर रखना है ताकि उनकी स्थिति गंभीर होने से पहले ही कदम उठाए जा सके और हृदयाघात के खतरे को कम किया जा सके। ई-लिव कनेक्ट एआई सक्षम ऐसा तंत्र है जिसके केंद्र में एक छोटा वायरलेस बायोसेंसर पैच है जिसे कलाई पर पहने जाने वाले बैंड के साथ जोड़ा गया है। यह हृदय गतिविधि और रक्तचाप जैसे महत्वपूर्ण स्वास्थ्य मापदंडों पर नजर रखता है। इस प्रणाली के तहत अनुभवी चिकित्सक स्वास्थ्य मापदंडों पर चौबीसों घंटे एक दूरस्थ कमान केंद्र के जरिए नजर रख सकते हैं। यह केंद्र किसी भी प्रकार की असामान्य स्थिति का पता चलने पर मरीजों एवं उनके परिवारों को सतर्क करता है। इस प्रणाली के उद्घाटन समारोह में करीब 40 चिकित्सकों ने भाग लिया।

- कलाई में पहने जाना वाला उपकरण किसी आपात स्थिति की तुरंत देगा जानकारी

कैसा रहेगा आपका आज का दिन

मेष: आज दिन के दूसरे हिस्से में व्यावहारिक निर्णय लेना अधिक लाभ देगा। किसी काम को अधूरा छोड़ने से बचें।	तुला: आज थोड़ा संभलकर चलने की जरूरत है। मन में असंतुलन आ सकता है। जल्दबाजी में फैसला लेने से बचें।
वृष: आज आपके लिए स्थिति मजबूत होने का दिन है। आप अपने फैसलों में स्पष्ट रहेंगे। कोई महत्वपूर्ण काम आपके पक्ष में जा सकता है।	वृश्चिक: आज आपके लिए साझेदारी और संबंध महत्वपूर्ण रहेंगे। मिलकर किया गया काम आगे बढ़ेगा। बातचीत में स्पष्टता रखें।
मिथुन: आज आप थोड़ा शांत रहकर काम करना पसंद करेंगे। भीड़ से हटकर सोचने का फायदा मिलेगा। कोई अवसर आपके काम आ सकता है।	धनु: आज का दिन थोड़ा व्यस्त रहेगा। आपको लगातार सक्रिय रहना पड़ेगा। सही दिशा में मेहनत करने से लाभ मिलेगा।
कर्क: आज टीम के साथ किया गया काम सफल होगा। प्रयासों का अच्छा परिणाम मिलेगा। लोगों के साथ तालमेल बनाकर रखें।	मकर: आज आपको अपने मन के अनुसार काम करने का मौका मिलेगा। अलग तरीके से काम करने पर सफलता मिलेगी।
सिंह: आज का दिन आपके पक्ष में जा सकता है। जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं। काम में लापरवाही न करें।	कुंभ: आज निजी मामलों पर ध्यान देना पड़ सकता है। किसी विषय पर गंभीर चर्चा हो सकती है। काम के साथ निजी जीवन को संतुलित रखें।
कन्या: आज का दिन आपके लिए प्रगति का संकेत दे रहा है। आप किसी नए तरीके से काम करने की कोशिश करेंगे।	मीन: आज के दिन को हल्के में न लें। आपके लिए बातचीत महत्वपूर्ण रहेगी। छोटी सी बात आपके लिए बड़ा मौका बन सकती है।

आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com



आज की ग्रह स्थिति : 20 अप्रैल, सोमवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तृतीया 07.27 तक तत्पश्चात चतुर्थी 21 अप्रैल 04.14 तक तत्पश्चात पंचमी।

दिशाशूल-पूर्व, **ऋतु**- वसंत।
चन्द्रबल- वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-रोहिणी 21 अप्रैल 02.08 तक तत्पश्चात मृगशिरा।

सुडोकू - 124 का हल

9	3	5	6	4	2	1	7	8
1	6	4	8	3	7	5	2	9
8	2	7	9	1	5	4	6	3
5	7	6	3	2	8	9	1	4
2	1	9	5	6	4	8	3	7
4	8	3	1	7	9	6	5	2
3	9	2	4	5	1	7	8	6
7	4	1	2	8	6	3	9	5
6	5	8	7	9	3	2	4	1

सुडोकू -125

		8			3			4
	2		7		9			1
	6			4			9	
	3				5	7		
		7				2		
6		4	8				5	
	7			5			8	
5			2				3	
	4			1		6		

राजनीति में दिखावा जरूरी, इसलिए कभी-कभी हमें शर्मिंदगी भरे काम भी करने पड़ते हैं: ट्रंप

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका में टिप पर कोई टैक्स नहीं नीति के एक साल पूरे होने पर ओवल ऑफिस में बर्गर मंगवाने को लेकर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भारी आलोचना हो रही है और इसे प्रचार का घटिया तरीका बताया जा रहा है। ट्रंप को इसके लिए सफाई देने पर भी मजबूर होना पड़ा है। उन्होंने लास वेगास की एक रैली में कहा कि यह वाकई शर्मिंदगी भरा है लेकिन राजनीति में यह करना पड़ता है और इसका फायदा भी होता है।

यह विवाद तब शुरू हुआ जब ऑनलाइन डिलिवरी सेवा मुहैया कराने वाली कंपनी डोरडैश की ओर से शैरोन सिमंस नाम की महिला ने सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति के कार्यालय ओवल ऑफिस में बर्गर और फ्राइज के दो बैग पहुंचाए जिसके बाद व्हाइट हाउस ने टिप्पणी जारी की कि 'टिप पर कोई टैक्स नहीं' नीति के कारण सिमंस ने 11,000 अमेरिकी डॉलर की बचत की थी। इस राजनीतिक पैंतरे की आलोचना होने के बाद ट्रंप ने माना कि प्रचार का यह कदम थोड़ा अजीब था। उन्होंने 2024 में राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव प्रचार अभियान के समय की उस घटना का भी जिक्र किया जब उन्होंने बर्गर की आपूर्ति करने वाली कंपनी में फ्राइज परोसे थे और एक सुरक्षा जैकेट पहनकर अभियान के लोगो वाले कचरा ट्रक में चढ़ गए थे। उन्होंने कूड़ा ढोने वाले ट्रक की घटना का उदाहरण देते हुए कहा, प्रचार टीम अजीबो-गरीब विचार लेकर आती है।

- टिप पर कोई टैक्स नहीं नीति की बरसी पर ओवल ऑफिस में बर्गर मंगाने पर उठे सवालों का दिया जवाब

डिलीवरी के लिए नौकरी छोड़ चुकी चर्चित महिला को बुलाया

डोर डैश को ओवल ऑफिस में बर्गर पहुंचाने वाली घटना को लेकर सोशल मीडिया पर आलोचनाओं का सामना करना पड़ा है। दरअसल कुछ लोगों का कहना था कि सिमंस ने पिछले साल जुलाई में कांग्रेस के समक्ष टिप पर टैक्स नहीं नीति के समर्थन में गवाही दी थी। उस समय उन्होंने खुद को नेवादा की निवासी बताया था। बाद में वह अरकंसास चली गईं और ऐसा प्रतीत होता है कि वह इस सप्ताह, संभवत: केवल एक दिन के लिए वाशिंगटन डीसी क्षेत्र में डोरडैश चालक बनीं।

यूक्रेन से पाइप लाइनों पर हमला न करने की गारंटी ले तुर्किये: रूस

मास्को। रूस ने तुर्किये से अपील की है कि वह यूक्रेन से इस बात की गारंटी ले कि तुर्कस्ट्रीम और ब्लू स्ट्रीम गैस पाइपलाइन बुनियादी ढांचे पर कोई हमला नहीं किया जाएगा।

रूसी उप विदेश मंत्री अलेक्जेंडर ग्रुश्को ने कहा, काला सागर के नीचे तुर्किये को गैस आपूर्ति करने वाली पाइपलाइनों पर यूक्रेन द्वारा लगातार किए जा रहे हमलों को देखते हुए, हमने अपने तुर्की भागीदारों से आग्रह किया है। हमने उनसे कहा है कि वे यूक्रेन को कड़े संकेत भेजें और मांग करें कि वे इस तरह के कृत्यों को तुरंत रोकें।

वैश्विक रिपोर्ट | लागत कम करने के लिए एआई आधारित पुनर्गठन पर जोर दे रही हैं कंपनियां

आईटी सेक्टर से पहली तिमाही में ही 73,200 कर्मचारी बाहर

नई दिल्ली, एजेंसी

वर्ष 2026 की पहली तिमाही में आईटी सेक्टर के 73,200 से भी अधिक कर्मियों की नौकरियां चली गई हैं। यह आंकड़ा टेक इंडस्ट्री में छंटनी पर नजर रखने वाली वैश्विक साइट लेऑफ डॉट एफवाईआई ने जारी किया है। इसके मुताबिक पहली तिमाही के दौरान 95 कंपनियां इस छंटनी प्रक्रिया में शामिल रहीं। पिछले रुझानों पर गौर करने से पता चलता है कि 2025 में भी बड़े स्तर पर नौकरियां गई थीं।

वर्तमान आंकड़े बताते हैं कि कंपनियां अब लागत कम करने और एआई आधारित पुनर्गठन पर जोर दे रही हैं। एक के बाद एक छंटनी की घोषणा करने वाले प्रमुख नामों में द वॉल्ट डिज्नी कंपनी, मेटा प्लेटफॉर्म्स, स्नैप इंक और ओरेकल कॉर्पोरेशन शामिल थे। डिज्नी नौकरियों में करीब 1,000 और कटौती की तैयारी कर रहा है। मार्च में जोश डी अमारो के सीईओ के रूप में पदभार संभालने के बाद से यह पहला बड़ा पुनर्गठन है। डिज्नी की सेवा समाप्ति पर मिलने वाली राशि पद और कार्यकाल के आधार पर अलग-अलग हैं। पांच साल से कम की सेवा वाले गैर-प्रबंधकीय कर्मचारियों को चार सप्ताह का वेतन मिलेगा, जबकि लंबे कार्यकाल वाले कर्मचारियों को प्रति वर्ष सेवा के लिए एक सप्ताह का वेतन दिया जाएगा, अधिकतम सीमा 52 सप्ताह है।

मार्च में मेटा ने 700 पदों को कम कर दिया। बरलिंगम और सनीवेल स्थित कैलिफोर्निया कार्यालयों में 198 पद और कम किए जाने हैं। इससे पहले जनवरी में, कंपनी ने अपनी ऑग्मेंटेड और वर्चुअल रियलिटी पहलों से जुड़ी लगभग 1,500 नौकरियों में पहले ही कटौती कर दी थी। ओरेकल कॉर्पोरेशन भी अब तक के सबसे बड़े पुनर्गठन अभियानों में से एक चला रहा है।

भारत सबसे ज्यादा प्रभावित क्षेत्रों में शामिल

भारत सबसे बुरी तरह प्रभावित क्षेत्रों में से एक है, जहां 12,000 नौकरी गईं हैं। रिपोर्टों के अनुसार, ये छंटनी क्लाउड, हेल्थकेयर, सेल्स और नेटसूट डिविजनों में फैली हुई है। स्नैप इंक 1,000 कर्मचारियों की छंटनी की योजना बना रहा है जो इसके कुल कार्यबल का 16 प्रतिशत है। स्नैप 300 से अधिक खाली पड़े पदों को भी खत्म कर रहा है, जो बड़े स्तर पर भर्ती में मंदी का संकेत है। कंपनी को दूसरी छमाही तक सालाना 50 करोड़ अमेरिकी डॉलर (4,630 करोड़ भारतीय रुपये) से अधिक बचत होने की उम्मीद है।

हमें कभी ऐसा नहीं लगा कि हम कुछ रन कम रह गए हैं। हमने कुछ शानदार कैच पकड़े, बेहतरीन क्षेत्ररक्षण से रन बचाए। हमने 175 रनों को 190 रनों जैसा महसूस कराया, जो कि आप कर सकते हैं।
–दिनेश कार्तिक, बेंगलुरु के बल्लेबाजी कोच

स्टेडियम

लखनऊ, सोमवार, 20 अप्रैल 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com

IPL 2026

आज के मुकाबले

गुजरात टाइटंस
बनाम
मुंबई इंडियंस

समय - शाम 7:30 बजे

ऑरेंज कैप

- हेनरिक क्लासेन हैदराबाद–283 रन
- शुभमन गिल गुजरात–251 रन
- विराट कोहली बेंगलुरु–247 रन

पर्पल कैप

- अंशुल कंबोज चेन्नई – 13 विकेट
- प्रसिद्ध कृष्णा गुजरात – 11 विकेट
- भुवनेश्वर कुमार बेंगलुरु– 10 विकेट

हाईलाइट

द, अफ्रीका को 2-0 की बढ़त, भारतीय महिलाएं फिर हारीं

डरबन। क्लो ट्रायोन (22 रन पर तीन विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के कमाल के बाद कप्तान लौरा वोल्वार्ट (54) और सुने लुस (57) की अर्धशतकीय पारियों और दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 106 रन की साझेदारी के बूते दक्षिण अफ्रीका ने पांच मैचों की सीरीज के दूसरे महिला टी20 अंतर्राष्ट्रीय में रविवार को यहां भारत को 17 गेंद शेष रहते आठ विकेट से हराया। सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा के आक्रामक 57 रन के बावजूद भारतीय टीम 147 रन पर आउट हो गई। दक्षिण अफ्रीका ने 17.1 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 148 रन बनाकर सीरीज में 2–0 की बढ़त कायम कर ली। वोल्वार्ट ने 34 गेंदों की पारी में सात चौके और एक छक्का, जबकि लुस ने 46 गेंदों की पारी में छह चौके और एक छक्का जड़ा। दोनों ने महज 73 गेंदों में 106 रन की साझेदारी कर टीम की एकतरफा जीत सुनिश्चित की। भारतीय क्षेत्ररक्षण काफी खराब रहा और टीम ने कई आसान कैच टपकाए।

सीएसके को झटका म्हात्रे का मौजूद सत्र में खेलना संदिग्ध

हैदराबाद। युवा बल्लेबाज आयुष म्हात्रे का चोटिल होने के कारण आईपीएल के मौजूदा सत्र में आगे खेलना संदिग्ध है जो चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के लिए करारा झटका है। सीएसके के सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ खेले गए मैच के दौरान 18 वर्षीय म्हात्रे की हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आ गया था। इस मैच में इंपैक्ट प्लेयर के रूप में खेलने वाले म्हात्रे काफी असहज नजर आ रहे थे और उसके बाद वह लंबे समय तक क्रीज पर नहीं टिक पाए। सीएसके के बल्लेबाजी कोच माइक हसी ने मैच के बाद पत्रकारों से कहा, उसकी हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आ गया है। अभी मुझे नहीं पता कि चोट कितनी गंभीर है। हम कल या परसों उसका स्कैन करवाएंगे।

प्रियांश व कोनोली की तूफानी पारियों से पंजाब ने बनाया सत्र का सर्वोच्च स्कोर

आईपीएल-2026 : लखनऊ सुपर जाएंट्स को दिया 255 रनों का लक्ष्य

मुल्लांपुर, एजेंसी

वैभव सूर्यवंशी के साथ देश की सबसे रोमांचक टी20 बल्लेबाजी प्रतिभाओं से एक सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्य की 37 गेंद में 93 रन की अर्धशतकीय पारी और कूपर कोनोली (87 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 182 रन की साझेदारी से पंजाब किंग्स ने रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में लखनऊ सुपर जाएंट्स (एलएसजी) के खिलाफ सात विकेट पर 254 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया।

दिल्ली के 24 साल के खिलाड़ी प्रियांश ने अपनी पारी के दौरान नौ छक्के और चार चौके लगाए जबकि ऑस्ट्रेलिया के कोनोली की 46 गेंद की पारी में आठ चौके और सात छक्के जड़े थे। इन दोनों के बीच 80 गेंद की साझेदारी में 16 छक्के (नौ प्रियांश ने लगाए) और 12 चौके जड़े थे। मार्कस स्टोइनिस ने पारी की अंतिम गेंद पर रन आउट होने से पहले 29 रन का योगदान दिया। पावरप्ले में एक विकेट पर 63 रन का स्कोर अच्छा था, लेकिन सातवें से 11वें ओवर के बीच का मध्य चरण और भी बेहतर रहा जिसमें 66 रन बने।

मजबूत कद-काठी वाले बाएं हाथ के बल्लेबाज प्रियांश काफी कम फुटवर्क के बस एक जगह खड़े होकर पूरी ताकत और बल्ले की पूरी गति से शॉट लगाते रहे जिससे गेंदें तेजी से बाउंड्री के पार जाती रहीं। उन्होंने फुल लेंथ गेंदों को सीधे या एक्स्ट्रा कवर के ऊपर से मारा। छोटी और वाइड गेंदों को उन्होंने कट या रैंप शॉट से खेला जबकि कंधे की ऊंचाई पर आई बाउंसर गेंदों को उन्होंने बिना चेहरे पर कोई भाव लाए, पुल या हुक शॉट से बाउंड्री के पार भेज दिया। प्रियांश ने गौतम गंभीर के बचपन के कोच संजय भारद्वाज से भी क्रिकेट की बारीकियां सीखी हैं।

वहीं कोनोली का अंदाज बिल्कुल अलग था। एक्स्ट्रा कवर के ऊपर से उनके ऊंचे छक्के और फ्रंट-फुट पर आकर डीप मिड-विकेट स्टैंड में लगाए गए पुल-शॉट देखकर उनकी फ्रेंचाइजी के कोच रिकी पोंटिंग को भी उन पर गर्व हुआ होगा। दोनों की बल्लेबाजी शैली एक-दूसरे से बिल्कुल अलग थी। प्रियांश ने अपना अर्धशतक सिर्फ 19 गेंदों में पूरा किया जबकि अगले 43 रन बनाने के लिए उन्होंने 18 गेंदें लीं।

दूसरी ओर कोनोली ने थोड़ा समय लिया, उन्होंने 35 गेंदों में अपने 50 रन पूरे किया, लेकिन अगले 37 रन सिर्फ 12 गेंदों में बना दिए।

दिल्ली का यह युवा खिलाड़ी तब भी बिल्कुल भी विचलित नहीं हुआ, जब उसका पारी की शुरुआत करने वाला जोड़ीदार प्रभसिमरन सिंह मोहम्मद शमी की एक आउटस्विंगर गेंद पर किनारा लगने से अपनी पहली ही गेंद पर आउट हो गया।

एलएसजी के कप्तान ऋषभ पंत को निश्चित रूप से इस बात का पछतावा होगा कि जब पारी की शुरुआत में ही बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मोहसिन खान ने कोनोली को एलबीडब्ल्यू आउट कर दिया था तो उन्होंने डीआरएस का इस्तेमाल क्यों नहीं किया। रिप्ले से यह साफ हो गया कि अगर डीरआरएस लिया जाता तो टीवी अंपायर कोनोली को आउट करार दे देते। इसके बाद मोहसिन का आत्मविश्वास डगमगा गया और उन्होंने अपने तीसरे ओवर में 20 रन लुटा दिए जिससे मैच की पूरी लय एलएसजी के हाथों से निकल गई। उनके लिए एकमात्र राहत की बात प्रिंस यादव (चार ओवर में 25 रन देकर दो विकेट) रहे।

कोनोली और प्रियांश दोनों ही बहुत कम समय के अंतराल पर आउट हो गए। हालांकि उस समय दोनों का शतक लगाना आसान लग रहा था। यह भारतीय युवा खिलाड़ी अपना 10वां छक्का लगाने की कोशिश कर रहा था, लेकिन मिचेल मार्श ने बाउंड्री लाइन पर उसे कैच कर लिया। एलएसजी के मालिक संजीव गोयनका राहत की सांसा लेते हुए नज़र आए। वहीं दूसरी ओर प्रियांश और कोनोली की जोड़ी ने जो नुकसान पहले ही कर दिया था, उसकी भरपाई करना अब नामुमकिन सा लग रहा था।

अर्धशतकीय पारी के दौरान शॉट लगाते प्रियांश आर्य। एजेंसी

पंजाब किंग्स

254/7 (20 ओवर)

प्रियांश आर्य का मार्श बो सिद्धार्थ	93
प्रभसिमरन सिंह का मार्श बो शमी	00
कूपर कोनोली का सिद्धार्थ बो प्रिंस	87
श्रेयस अय्यर का शमी बो मोहसिन	05
मार्कस स्टोइनिस रन आउट	29
नेहाल वढेरा का पूरन बो सिद्धार्थ	13
शशांक सिंह का मारक्रम बो प्रिंस	17
मार्को यानसेन नाबाद	01

अतिरिक्त : 09, **विकेट पतन** : 1–3, 2–185, 3–187, 4–193, 5–208, 6–252, 7–254

गेंदबाजी : शमी 4–0–56–1, मोहसिन 4–0–43–1, प्रिंस 4–0–25–2, बडोनी 1–0–14–0, आवेश 3–0–46–0, सिद्धार्थ 3–0–35–2, मारक्रम 1–0–32–0

अंक तालिका

	टीम	मैच	जीते	हारे	रद्द	अंक	नेट रन रेट
1.	पंजाब किंग्स	5	4	0	1	9	1.067
2.	रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु	6	4	2	0	8	1.171
3.	राजस्थान रॉयल्स	6	4	2	0	8	0.599
4.	सनराइज़र्स हैदराबाद	6	3	3	0	6	0.566
5.	दिल्ली कैपिटल्स	5	3	2	0	6	0.310
6.	गुजरात टाइटंस	5	3	2	0	6	0.018
7.	चेन्नई सुपर किंग्स	6	2	4	0	4	–0.780
8.	लखनऊ सुपर जाएंट्स	5	2	3	0	4	–0.804
9.	कोलकाता नाइट राइडर्स	7	1	5	1	3	–0.879
10.	मुंबई इंडियंस	5	1	4	0	2	–1.076

मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर का अनुबंध एक साल और बढ़ाया गया

नई दिल्ली, एजेंसी

अजीत अगरकर सीनियर चयन समिति के अध्यक्ष बने रहेंगे क्योंकि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने 2027 एकदिवसीय विश्व कप को ध्यान में रखते हुए उन्हें एक और साल का अनुबंध देने का फैसला किया है। अगरकर की अध्यक्षता में अक्टूबर 2023 से मार्च 2026 के बीच चुनी गई भारतीय टीम चार आईसीसी टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची और इसमें से तीन में टीम ने खिताब जीता। भारत इस दौरान दो टी20 विश्व कप और एक बार आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने में सफल रहा और यह पहले से ही लगभग तय था कि उनका अनुबंध चौथे साल के लिए बढ़ाया जाएगा। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ सूत्र ने पीटीआई को बताया अगरकर ने सेवा विस्तार नहीं मांगा था। एक चयनकर्ता जूनियर या सीनियर चयन समिति में चार साल तक और दोनों समितियों में मिलाकर कुल पांच साल तक काम कर सकता है इसलिए अजीत को नया अनुबंध दिया गया है, उसमें विस्तार नहीं किया गया। अगरकर के करीबी सूत्रों ने हमेशा यही कहा कि वह खुद अनुबंध बढ़वाने की मांग करने की जगह फैसला करने वालों को अपनी समिति के प्रदर्शन का आकलन करने देना अधिक पसंद करते हैं। पचास ओवर के विश्व कप से पहले निरंतरता बनाए रखना बोर्ड के इस फैसले के पीछे के मुख्य कारणों में से एक है। अपने कार्यकाल के दौरान समिति ने कई कड़े फैसले किए हैं जिनमें विराट कोहली और रोहित शर्मा के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की प्रक्रिया को देखना और सीनियर तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को धीरे–धीरे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से बाहर करना शामिल है। समिति ने एक साहसिक चयन फैसला भी लिया जिसमें टेस्ट और एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय कप्तान शुभमन गिल को टी20 विश्व कप टीम से बाहर कर दिया गया और उनकी जगह फॉर्म में चल रहे खिलाड़ी इशान किशन को टीम में शामिल किया गया।

मुंबई को एक और झटका देना चाहेगा गुजरात

अहमदाबाद, एजेंसी

पिछले तीन मैच में जीत हासिल करके आत्मविश्वास से भारी गुजरात टाइटंस की टीम सोमवार को यहां होने वाले आईपीएल के मैच में लगातार हार से दबाव में चल रही मुंबई इंडियंस के खिलाफ अपनी जीत का सिलसिला जारी रखने की कोशिश करेगी। पिछले कुछ सप्ताह में इन दोनों टीमों का प्रदर्शन बिल्कुल विपरीत रहा है।

गुजरात टाइटंस ने अपने अभियान की शुरुआत लगातार दो हार के साथ की थी, लेकिन उसके बाद उसने लगातार तीन मैच जीत कर लय हासिल कर ली है और वह तालिका में छठे स्थान पर पहुंच गई है। गुजरात टाइटंस ने अपनी समस्याओं के बावजूद जीत हासिल करने के तरीके खोज लिए हैं। उसकी बल्लेबाजी अभी भी शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों पर काफी हद तक निर्भर है, जिसमें कप्तान शुभमन गिल, साई सुदर्शन और जोस बटलर ही अधिकतर रन बनाने का जिम्मा संभालते हैं। ग्लेन फिलिप्स, वाशिंगटन सुंदर और राहुल तेवतिया जैसे मध्यक्रम के बल्लेबाज अभी तक विश्वसनीय प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। गेंदबाजी की बात करें तो गुजरात के गेंदबाजों ने टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया है। मोहम्मद सिराज और कागिसो रबाडा कई बार महंगे साबित हुए हैं, जबकि प्रसिद्ध कृष्णा और राशिद खान का प्रदर्शन उतार-चढ़ाव वाला रहा है।

अभ्यास सत्र के दौरान गुजरात जाइंट्स के प्रसिद्ध कृष्णा। एजेंसी

लगातार हार से दबाव में मुंबई इंडियंस

मुंबई ने अपने पहले मैच में जीत के साथ शुरुआत की, लेकिन उसके बाद से उसका प्रदर्शन खराब होता चला गया है। उसे लगातार चार हार का सामना करना पड़ा है और उनकी हार का अंतर बहुत बड़ा रहा है, जिससे वह नौवें स्थान पर खिसक गया है। पांच बार की चैंपियन टीम मुंबई पर खराब प्रदर्शन के कारण काफी दबाव है और उसे अगर अपनी उम्मीदों को जीवंत रखना है तो अब हर हाल में जीत हासिल करनी होगी। उसकी टीम पावरप्ले में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई है। इसके अलावा मध्यक्रम के बल्लेबाजों के अनियमित प्रदर्शन और गेंदबाजी आक्रमण में धार की कमी ने उसे बुरी तरह प्रभावित किया है। भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा मुंबई इंडियंस के मध्यक्रम के मुख्य आधार रहे हैं लेकिन यह दोनों ही अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं।

टीम

गुजरात टाइटंस : शुभमन गिल (कप्तान), अनुज रावत, जोस बटलर, कुमार कुशाग्र, ग्लेन फिलिप्स, राशिद खान, मानव सुथार, निशांत सिंधु, राहुल तेवतिया, वॉशिंगटन सुंदर, गुरनूर बराड़, अरशद खान, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, कगिसो रबाडा, आर साई किशोर, इशांत शर्मा, अशोक शर्मा, जेसन होल्डर, टॉम बैंटन, ल्यूक वुड, साई सुदर्शन, एम शाहरुख खान, जयंत यादव, कुलवंत खेजरोलिया।

मुंबई इंडियंस : हार्दिक पंड्या (कप्तान), क्विंटन डीकॉक (विकेटकीपर), दानिश मालेवार, रॉबिन मिंज (विकेटकीपर), रयान रिकेलटन (विकेटकीपर), शेरफेन रदरफोर्ड, रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, अथर्व अंकोलेकर, राज बावा, कॉर्बिन बॉश, विल जैक्स, मयंक रावत, नमन धीर, मिचेल सेंटनर, शार्दुल ठाकुर, अश्विनी कुमार, ट्रेंट बोल्ट, जसप्रीत बुमराह, दीपक चाहर, एएम गजनफर, मयंक मार्कंडेय, मो. इज़हार, रघु शर्मा।

नाइट राइडर्स ने राजस्थान रॉयल्स को हराकर खोला जीत का खाता

जुझारू पारी के दौरान शॉट लगाते रिंकू सिंह।

कोलकाता, एजेंसी

वरुण चक्रवर्ती और सुनील नारायण की फिरकी के जादू के बाद रिंकू सिंह के जुझारू अर्धशतक से कोलकाता नाइट राइडर्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में रविवार को यहां विषम परिस्थितियों से उबरते हुए राजस्थान रॉयल्स चार विकेट से हराकर मौजूदा सत्र में जीत का खाता खोला।

रॉयल्स के 156 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए नाइट राइडर्स की टीम 14वें ओवर में 85 रन पर छह विकेट गंवाने के बाद संकट में थी लेकिन रिंकू (नाबाद 53 रन, 34 गेंद, पांच चौके, दो छक्के) और अनकूल रॉय (नाबाद 29, 16 गेंद, दो छक्के, एक चौका) के बीच सातवें विकेट की 37 गेंद में 76 रन की अटूट साझेदारी की बदौलत 19.4 ओवर में छह विकेट पर 161 रन बनाकर जीत दर्ज करने में सफल रही।

सात मैच में पहली जीत दर्ज करने के बाद नाइट राइडर्स की टीम तीन अंक के साथ 10 टीम की तालिका में नौवें स्थान पर पहुंच गई है। लगातार दूसरी हार के बाद रॉयल्स की टीम छह मैच में आठ अंक के तीसरे स्थान पर है। सलामी बल्लेबाजों वैभव सूर्यवंशी (46 रन, 28 गेंद, छह चौके, दो छक्के) और यशस्वी जायसवाल (39 रन, 29 गेंद, चार चौके, दो छक्के) के बीच पहले विकेट के लिए 8.4 ओवर में 81 रन की साझेदारी के बावजूद रॉयल्स की टीम नौ विकेट पर 155 रन ही बना सकी।

लक्ष्य का पीछा करने उतरे नाइट राइडर्स की शुरुआत खराब रही और टीम ने दूसरे ओवर में पांच रन के स्कोर तक ही दोनों सलामी बल्लेबाजों टिम सीफर्ट और कप्तान अजिंक्य रहाणे के विकेट गंवा दिए जो खाता खोलने में भी नाकाम रहे। जोफ्रा आर्चर ने पारी की पहली ही गेंद पर सीफर्ट को बोल्ड किया जबकि अगले ओवर में नांद्रे बर्गर ने रहाणे को विकेटकीपर ध्रुव जुरेल के हाथों कैच कराया।

राजस्थान रॉयल्स

155/9 (20 ओवर)

यशस्वी जायसवाल का रहाणे बो नारायण	39
वैभव सूर्यवंशी का रमनदीप बो चक्रवर्ती	46
ध्रुव जुरेल स्टं सीफर्ट बो चक्रवर्ती	05
रियान पराग बो चक्रवर्ती	12
शिमरोन हेटमायर का रघुवंशी बो त्यागी	15
डोनोवन फरेरा कैच एवं बो नारायण	07
रविंद्र जडेजा का ग्रीन बो त्यागी	09
जोफ्रा आर्चर रन आउट	08
रवि बिश्नोई का सीफर्ट को त्यागी	00
ब्रिजेश शर्मा नाबाद	01

अतिरिक्त : 13, **विकेट पतन** : 1–81, 2–97, 3–99, 4–117, 5–124, 6–144, 7–146, 8–146, 9–155

गेंदबाजी : अरोड़ा 4–0–37–0, त्यागी 4–0–22–3, ग्रीन 2–0–27–0, नारायण 4–0–26–2, चक्रवर्ती 4–0–14–3, रमनदीप 2–0–26–0

कोलकाता नाइट राडर्स

161/6 (19.4 ओवर)

टिम सीफर्ट बो आर्चर	00
अजिंक्य रहाणे का जुरेल बो बर्गर	00
अंगकृष रघुवंशी पगबधा बो जडेजा	10
कैमरन ग्रीन स्टं जुरेल बो बिश्नोई	27
रोवमैन पावेल का फरेरा बो जडेजा	23
रिंकू सिंह नाबाद	53
रमनदीप सिंह बो यश	10
अनुकूल रॉय नाबाद	29

अतिरिक्त : 09, **विकेट पतन** : 1–0, 2–5, 3–37, 4–52, 5–70, 6–85

गेंदबाजी : आर्चर 4–0–35–1, बर्गर 2–0–20–1, बिश्नोई 4–0–41–1, यश 4–0–25–1, जडेजा 3–0–8–2, ब्रिजेश 1.4–0–21–0

53 रनों की नाबाद पारी रिंकू सिंह ने 34 गेंदों पर खेली, जिसमें पांच चौके और दो छक्के शामिल हैं

सफलता | पेनाल्टी शूटआउट तक खिंचे फाइनल में एटलेटिको को 4–3 से हराया

रियल सोसिडाड ने कोपा डेल रे का खिताब जीता

सेविले (स्पेन), एजेंसी

रियल सोसिडाड ने पेनल्टी शूटआउट में एटलेटिको मैड्रिड को हराकर कोपा डेल रे फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता। फाइनल मैच अतिरिक्त समय के बाद 2-2 से बराबरी पर था जिसके बाद पेनल्टी शूटआउट का सहारा लिया।

सोसिडाड के गोलकीपर उनाई मैरेरो ने अलेक्जेंडर सोरलॉथ और जूलियन अल्वारेज़ के शॉट को बचाया। इसके बाद पाब्लो मारिन ने अंतिम किक को गोल में बदला जिससे सोसिडाड ने शूटआउट में 4-3 से जीत हासिल की। अमेरिका के पेलेग्रिनो माटाराज़ो के सोसिडाड का कोच बनने के बाद स्पेन के क्लब की यह पहली जीत है। माटाराजो ने कहा यह अविश्वसनीय सफर रहा है।

खिताब के साथ जश्न मनाते रियल सोसिडाड के खिलाड़ी।

एशियाई चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में विसेल कोबे से टकराएगा अल अहली

जेद्दा। सऊदी अरब का क्लब अल अहली चैंपियंस लीग एलीट फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में सोमवार को जापान के विसेल कोबे से भिड़ेगा। एशिया के इस प्रमुख क्लब फुटबॉल टूर्नामेंट के दूसरे सेमीफाइनल में जापान की माचिदा ज़ेलविया का मुकाबला संयुक्त अरब अमीरात के शबाब अल अहली से होगा। पिछले साल मई में पहली बार खिताब जीतने वाले अल अहली ने क्वार्टर फाइनल में यहां मलेशिया के जोहोर दारुल ताज़िम को 2–1 से हराया। जेद्दा टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण की मेजबानी कर रहा है। अली मजराशी ने 19वें मिनट में आत्मघाती गोल किया जिससे जोहोर को बढ़त मिल गई। अल अहली के इस डिफेंडर को जल्द ही लाल कार्ड दिखाया गया।

मेसी के दो गोल से इंटर मियामी ने रैपिड्स को हराया

कॉमर्स सिटी (अमेरिका)। लियोनेल मेसी ने विश्व कप से पहले अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए इंटर मियामी की तरफ से एमएलएस फुटबॉल टूर्नामेंट में कोलोराडो रैपिड्स के खिलाफ दो गोल किए जिससे उनकी टीम ने यह मैच 3–2 से जीतकर अपना अजेय अभियान सात मैच तक पहुंचा दिया। इंटर मियामी की गुइलेर्मो होयोस के अंतरिम कोच बनने के बाद यह पहली जीत थी। मेसी ने 13वें मिनट में पेनल्टी किक को गोल में बदलकर स्कोरिंग की शुरुआत की और 79वें मिनट में निर्णायक गोल दागा। इंटर मियामी की तरफ से एक अन्य गोल जर्मन बर्तेरामे ने किया।